



झारखण्ड का अपना दैनिक

# झारखण्ड उजाला

सच आप तक

रांची, शुक्रवार, 21 फरवरी 2025 | पृष्ठ - 12 | मूल्य - 2 रूपये | रांची संस्करण | वर्ष- 04 | अंक -244 | RNI No. JHAHIN/2021/82144 | www.jharkhandujala.com





# रेखा गुप्ता ने दिल्ली के मुख्यमंत्री पद की ली शपथ, पीएम रहे शामिल

**एजेंसी**

**नयी दिल्ली।** शालीमार बाग विधानसभा सीट से आम आदमी पार्टी की बंदना कुमारी को हराने वाली रेखा गुप्ता ने आज गुरुवार को रामलीला मैदान में आयोजित समारोह में दिल्ली के उट पद की शपथ ली. दिल्ली के छत्र्र वीके सक्सेना ने उन्हें पीएम मोदी की मौजूदगी में सीएम पद की शपथ दिलाई. बता दें कि 50 साल की रेखा गुप्ता दिल्ली की नौवीं सीएम हैं. सुषमा स्वराज, शीला दीक्षित और आतिशी के बाद रेखा दिल्ली की चौथी महिला मुख्यमंत्री हैं. रेखा गुप्ता इस सीट से 29000 से ज्यादा वोटों से जीती थीं. रेखा गुप्ता के साथ प्रवेश वर्मा, आशीष सूद, पंकज सिंह, मनजिंदर सिंह सिरसा, कपिल मिश्रा और रविंद्र इंद्राज ने कैबिनेट मंत्री पद की शपथ ली. शपथ ग्रहण समारोह के बाद रेखा गुप्ता और उनकी कैबिनेट ने प्रधानमंत्री मोदी से मुलाकात की. पीएम



मोदी ने सभी का अभिवादन स्वीकार किया.

**रेखा गुप्ता जेड जेको कैटेगरी की सुरक्षा मिली**

शपथ ग्रहण से पहले दिल्ली की मनोनीत मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता को कैटेगरी की सुरक्षा मिली है. गृह मंत्रालय के आदेश पर दिल्ली पुलिस ने उन्हें जेड श्रेणी की सुरक्षा मुहैया कराई है. वहीं रेखा गुप्ता के घर की भी सुरक्षा बढ़ा दी गयी है. शपथ लेते ही दिल्ली की सीएम रेखा गुप्ता को जेड कैटेगरी की सुरक्षा मिल जायेगी. इधर दिल्ली की नवनिर्वाचित मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता शपथ ग्रहण से पहले श्री मरघट वाले हनुमान बाबा मंदिर पहुंचीं. वहां हनुमान जी का आशीर्वाद लेने के बाद वो शपथ ग्रहण के लिए रामलीला मैदान पहुंचीं. दिल्ली के उपराज्यपाल वीके सक्सेना रामलीला मैदान पहुंचे. उन्होंने यहां पहुंचने पर रेखा गुप्ता और उनके पति मनीष गुप्ता से मुलाकात की.

**अमित शाह, राजनाथ सिंह, चंद्रबाबू नायडू, देवेंद्र फडणवीस रहे मौजूद**

इसके अलावा अमित शाह, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, महाराष्ट्र के सीएम देवेंद्र फडणवीस, डिप्टी सीएम एकनाथ शिंदे, अजीत पवार, मध्य प्रदेश के सीएम मोहन यादव, गोवा के सीएम प्रमोद सावंत, उपेंद्र कुशवाहा, केंद्रीय मंत्री हरदीप सिंह पुरी, आंध्र प्रदेश के सीएम चंद्रबाबू नायडू, डिप्टी सीएम पवन कल्याण, केंद्रीय मंत्री धमेंद्र प्रधान, हरियाणा के सीएम नायब सिंह सैनी सहित कई मंत्री और नेता मौजूद थे.

**शपथ ग्रहण समारोह में 25,000 से अधिक सुरक्षाकर्मी तैनात**

रामलीला मैदान में नए मुख्यमंत्री के शपथ ग्रहण समारोह के लिए राष्ट्रीय राजधानी में 25,000 से अधिक सुरक्षाकर्मी और अर्धसैनिक बलों की 15 से अधिक कंपनियां तैनात की गयी हैं. पुलिस के अनुसार, कमांडो, त्वरित प्रतिक्रिया दल, पीसीआर वैन और स्वाट टीमों को रणनीतिक स्थानों पर तैनात किया गया है, जबकि स्नाइपर्स को पास की ऊंची इमारतों पर तैनात किया गया है.

## सीएम रेखा गुप्ता ने रखा वित्त विभाग, आशीष सूद को गृह मंत्रालय, प्रवेश वर्मा को मिला पीडब्ल्यूडी

दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता द्वारा सभी 6 कैबिनेट मंत्रियों के बीच विभागों का बंटवारा कर दिये जाने का खबर है. रेखा गुप्ता ने खुद के पास सामान्य प्रशासन, सेवाएं, वित्त, राजस्व, महिला एवं बाल कल्याण, भूमि एवं भवन, जनसंपर्क, सतर्कता एवं प्रशासनिक सुधार विभाग रखे हैं. प्रवेश वर्मा को लोक निर्माण विभाग, विधायी मामले, सिंचाई, बाढ़ नियंत्रण, जल, गुरुद्वारा चुनाव की जिम्मेदारी मिली है. आशीष सूद को गृह विभाग, बिजली, शहरी विकास, शिक्षा, उच्च शिक्षा, तकनीकी शिक्षा, प्रशिक्षण विभाग की जिम्मेदारी दी गयी है. मनजिंदर सिंह सिरसा को उद्योग, खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति, वन एवं पर्यावरण और प्लानिंग विभाग, रविंद्र सिंह इंद्राज को समाज कल्याण, एससी और एसटी कल्याण, सहकारिता विभाग की जिम्मेदारी मिली है, कपिल मिश्रा को कानून एवं न्याय, श्रम एवं रोजगार, डेवलपमेंट, कला एवं संस्कृति, भाषा और पर्यटन विभाग तथा डॉक्टर पंकज कुमार सिंह को स्वास्थ्य, परिवहन, सूचना प्रौद्योगिकी विभाग की जिम्मेदारी दी गयी है.

**दिल्ली भाजपा के पूर्व अध्यक्ष विजेंद्र गुप्ता विधानसभा स्पीकर और मोहन सिंह बिष्ट डिप्टी स्पीकर होंगे :** दिल्ली की नयी सरकार ने आज शपथ ले ली. मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता के साथ प्रवेश वर्मा आशीष सूद, मनजिंदर सिंह सिरसा, कपिल मिश्रा, पंकज सिंह और रविंद्र राज भी पद एवं गोपनीयता की शपथ ली, इसी बीच भाजपा ने विधानसभा के स्पीकर और डिप्टी स्पीकर के नाम की घोषणा कर दी है. दिल्ली भाजपा के पूर्व अध्यक्ष विजेंद्र गुप्ता विधानसभा स्पीकर और मोहन सिंह बिष्ट डिप्टी स्पीकर होंगे. उत्तराखंडी मूल के मोहन सिंह बिष्ट सात बार के विधायक हैं. उन्होंने मुस्तफाबाद विधानसभा सीट से जीत हासिल की है. विजेंद्र गुप्ता के बारे में बता दें कि वे रोहिणी विधानसभा सीट से तीन बार के विधायक हैं. इस विधानसभा चुनाव में विजेंद्र गुप्ता ने आम आदमी पार्टी के प्रदीप मित्तल को लगभग 38 हजार वोटों से हराया था. विजेंद्र गुप्ता दिल्ली की पिछली विधानसभा में भाजपा विधायक दल के नेता थे.

# झारखंड में बारिश के साथ खूब हुई ओलावृष्टि, किसानों के फसल हुए बर्बाद

**झारखण्ड उजाला, संवाददाता।**

**खूंटी/रांची।** झारखंड में ठंड के मौसम में अचानक तापमान में बढ़ोतरी देखने को मिल रही थी, जिससे लोगों को सर्दी के मौसम में गर्मी का अहसास हो रहा था. इस बीच मौसम ने करवट बदली है. राज्य के कई जिलों में तेज हवा के साथ बारिश हुई है. इस दौरान हुई ओलावृष्टि की वजह से किसानों को नुकसान भी पहुंचा है. मौसम विभाग ने पहले ही येलो अलर्ट जारी किया था. बता दें कि गुरुवार को खूंटी के मौसम ने पूरी तरह से अपना मिजाज बदल लिया है. खूंटी वासियों को गर्मी से राहत मिली है. खूंटी में आज सुबह से ही तेज बारिश के साथ ओलावृष्टि भी हो रही है. साथ ही तेज हवाएं भी चल रही हैं. तेज हवा और बारिश के साथ बर्फ के गोले बरसने से लोगों को गर्मी से राहत जरूर मिली है लेकिन किसानों को भारी नुकसान झेलना पड़ सकता है. जिले के कुछ जगहों पर बारिश के साथ जमकर ओले गिरे. वहीं रेवा, बगड्डू, कर्रा, लोधमा और खूंटी के मुरहू इलाके में तेज बारिश हो रही है. बारिश के कारण खूंटी रांची मुख्य मार्ग पर गाड़ियों की परिचालन रूक गया. इधर, अचानक बारिश और ओले के कारण स्कूल के बच्चों की परेशानी बढ़ गई है. कुछ जगहों पर बड़े-बड़े बर्फ के गोले गिरने के कारण बच्चों को चोटें भी लगी हैं. तोरपा रोड में एक बच्चा घायल हो गया. घायल बच्चे को तोरपा रोड के निवासियों ने अस्पताल पहुंचाया है.

**ओलावृष्टि से ढका राजधानी का यह इलाका**



रांची के मांडर प्रखंड में कई जगहों पर ओलावृष्टि हुई है. मौसम केंद्र, रांची के पूवार्नुमान के अनुसार आज राज्य के दक्षिणी और मध्य भाग वाले जिलों में सुबह से ही मौसम का मिजाज बदला हुआ है. वहीं, सुबह से ही राज्य के कोल्हान प्रमंडल और उससे सटे दक्षिणी छोटानागपुर वाले जिलों में तेज गर्जन और हवा के साथ बारिश हुई है. गौरतलब है कि मौसम केंद्र ने रांची सहित कई जिलों के लिए 20 फरवरी और 22 फरवरी के लिए ओलावृष्टि का ऑरेंज अलर्ट जारी करते हुए लोगों को खराब मौसम में सावधानी बरतने की सलाह दी थी. जिन जिलों में आज यानी 20 फरवरी के लिए ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है, उसमें सिमडेगा, पश्चिमी सिंहभूम, पूर्वी सिंहभूम, सरायकेला खरसावां, खूंटी, रांची, रामगढ़ और बोकारो जिला शामिल है.

**ओलावृष्टि से कई फसल को हुआ नुकसान**

मांडर प्रखंड के सरगांव के रहने वाले किसान उपेंद्र सिंह ने बताया कि आज हुई ओलावृष्टि के चलते खेतों में लगी सब्जियां, आलू, सरसों और आम के मंजर को नुकसान पहुंचा है.

# सभी उपायुक्त कैलेंडर बना कर कार्यों का करें निपटारा : मुख्य सचिव

## मुख्य सचिव ने योजनाओं के क्रियान्वयन में आ रही समस्याओं का समाधान करने का दिया निर्देश

**झारखण्ड उजाला, संवाददाता।**

**रांची।** मुख्य सचिव अलका तिवारी ने जिला स्तर पर विभिन्न कारणों से योजनाओं के क्रियान्वयन में आ रही समस्याओं का समाधान समन्वय बना कर करने का दिया निर्देश दिया है। उन्होंने राज्य के तमाम उपायुक्तों को कहा कि वे कैलेंडर बना कर कार्यों का निपटारा करें। कैलेंडर के अनुसार विभिन्न मसलों से जुड़ी बैठकें करें। उसकी रिपोर्ट ससमय विभागों को दें। इससे जहां योजना क्रियान्वयन में गति आएगी वहीं विभागों को भी सहूलियत होगी। उन्होंने कहा कि योजनाओं के बाधित होने से उसमें खर्च हुई राशि का लाभ भी राज्य को नहीं मिल पाता है, इसलिए योजनाओं का भौतिक निरीक्षण करते हुए आ रही समस्या के समाधान पर फोकस करें। वह गुरुवार को विभिन्न विभागों की उन योजनाओं की समीक्षा कर रही थीं, जो जिला स्तर पर इस या उस कारण से बाधित हैं, अथवा लेटलतीफी के



शिकार हैं।

**योजनाओं को पूर्ण करने में आ रही रुकावटों को जल्द से जल्द दूर करें**

मुख्य सचिव की समीक्षा में उजागर हुआ कि अधिकांश योजनाओं की प्रगति 70 से 80 प्रतिशत तक हो चुकी है और बाकी बचे काम को पूर्ण करने में रुकावटें आ रही हैं। मुख्य सचिव ने नगर विकास विभाग की रांची शहरी सीवरेज स्कीम, वाटर सप्लाई स्कीम और पम्पिंग स्टेशन के क्रियान्वयन में जमीन को लेकर आ रही समस्या का समयबद्ध तरीके से समाधान का निर्देश दिया। रांची के उपायुक्त ने अधिकांश मामले में समाधान होने की जानकारी दी। उसी तरह रामगढ़, धनबाद, कोडरमा, साहिबगंज, सरायकेला-खारसावां, पश्चिमी सिंहभूम, पलामू और बोकारो में शहरी सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट और वाटर सप्लाई योजनाओं को धरातल पर उतारने के लिए जमीन की समस्या सामने आयी। उपायुक्तों को विशेष पहल कर जमीन की उपलब्धता ससमय सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया। पेयजल एवं स्वच्छता विभाग की ओर से बताया गया कि नल से जल योजना द्वारा प्रत्येक घर को जोड़ने और शौचालय बना गांवों को ओडीएफ घोषित करने की स्थिति लगभग अंतिम चरण में है, लेकिन गांवों में चार-पांच घरों के इस योजना से आच्छादित नहीं होने से योजना अपूर्ण रह जाती हैं। मुख्य सचिव ने उपायुक्तों को अतिरिक्त रुचि लेकर इस कार्य को यथाशीघ्र संपन्न कराने को कहा। उच्च एवं तकनीकी शिक्षा विभाग की ओर से बताया गया कि विभिन्न जिलों में डिग्री कॉलेज, पोलिटेक्निक कॉलेज और राजकीय अभियंत्रण कॉलेज निर्माण के लिए जमीन की समस्या बनी हुई है। मुख्य सचिव ने उपायुक्तों को संबंधित विभाग से समन्वय बनाते हुए जमीन उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। उन्होंने स्कूली शिक्षा विभाग द्वारा क्वालिटी एजुकेशन के लिए संपर्क फाउंडेशन की सहायता से चयनित स्कूलों में उपलब्ध कराए गये संसाधन के समुचित उपयोग पर बल देते हुए कहा कि यह राज्य के हित में होगा।

## आज का विचार

झारखण्ड उजाला



**भावना सिंह**
**लेखिका**

**आज का मौसम आमतौर पर नॉर्मल रहता है लेकिन फिलहाल मौसम बदला हुआ है जिससे लोगों बीमार पड़ रहे हैं इतना आ सके अपने बच्चों को बिछा के रखें सबसे ज्यादा असर मौसम का बच्चों पर होता है जल्दी बीमार पड़ते हैं।**

## सर्राफा

सोना (बिक्री) : **80,700**
चांदी (प्रति किलो) : **1,01,000**
(नोटः सोना 22 कैरेट कीमत प्रति 10 ग्राम)

## शेयर बाजार

सेंसेक्स :- **75,735.96**
निफ्टी :- **22,913.15**

## मौसम

अधिकतम तापमान : **28** °
न्यूनतम तापमान : **16** °

## सूर्योदय/सूर्यास्त

प्रातः :- **06:16**
संध्या :- **17:48**

## आज का इतिहास

**आज ही के दिन 1437 को स्कॉटलैंड के राजा जेम्स प्रथम की पर्थ में उनके चाचा और पूर्व सहयोगी वाल्टर स्टीवर्ट, अर्ल ऑफ एथोल द्वारा एक असफल तख्तापलट में हत्या कर दी गई थी।**

## संक्षिप्त समाचार

### दो दिवसीय दौरे पर रांची पहुंचे जम्मू कश्मीर के उपराज्यपाल

रांची। जम्मू कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा अपने दो दिवसीय दौरे पर गुरुवार को रांची पहुंचे। विकास भारती में आयोजित कार्यक्रम में पहुंचने पर भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने मोमेंटो दे कर स्वागत किया। इस अवसर पर विकास भारती के प्रमुख अशोक भगत, प्रदेश संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह , चतरा संसद कालीचरण सिंह, रांची के विधायक सीपी सिंह, हटिया विधायक नवीन जायसवाल सहित अन्य लोग मौजूद थे।

### बाबूलाल ने दिल्ली की सीएम रेखा गुप्ता को बधाई दी

रांची। बीजेपी के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने दिल्ली की नवनिर्वाचित सीएम रेखा गुप्ता को बधाई दी है। उन्होंने अपने एक्स हैंडल पर लिखा कि रेखा गुप्ता को दिल्ली के मुख्यमंत्री पद की शपथ लेने पर हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं। मुझे पूर्ण विश्वास है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन एवं आपके नेतृत्व में दिल्ली की डबल इंजन सरकार विकास और प्रगति के नई ऊंचाइयों को प्राप्त करेगी।

### रांची के शर्मा टावर मार्केट में लगी भीषण आग

रांची। रांची के कोतवाली थाना क्षेत्र स्थित महावीर चौक के शर्मा मार्केट (टावर) परिसर में गुरुवार की सुबह अचानक आग लग गई। मार्केट के ऊपर वाले तल्ले में भीषण आग लगी है, जो नीचे तक फैल रही है। मौके पर मौजूद स्थानीय लोगों ने इसकी सूचना पुलिस को दी। इसके बाद घटना की जानकारी फायर ब्रिगेड को दी गई। सूचना पाकर फायर ब्रिगेड की टीम मौके पर पहुंची और आग पर काबू पाने का प्रयास कर रही है। आग कैसे लगी अबतक इसके पीछे की वजह सामने नहीं आयी है। हालांकि आशंका जताई जा रही है कि शॉर्ट सर्किट होने के वजह से आग लगी है।










# महाकुंभ स्नान के लिए जा रहे रांची से प्रयागराज की बस रामगढ़ में जलकर खाक

झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।



**रामगढ़।** जिले के कुजू ओपी क्षेत्र के रांची पटना मुख्यमार्ग एनएच 33 पर रांची से महाकुंभ प्रयागराज जा रही श्रद्धालुओं से भरी बस में भीषण आग लग गई। ड्राइवर और श्रद्धालुओं ने किसी तरह अपने आप को बस से बाहर निकाला। देखते ही देखते पूरे बस में आग लग गई। जब तक फायर ब्रिगेड की टीम मौके पर पहुंची और आग पर काबू पाया तब तक बस जलकर पूरी तरह खाक हो गई। महाकुंभ प्रयागराज जाने के लिए लाखों की संख्या में श्रद्धालु संगम में स्नान के लिए जा रहे हैं। इस दौरान कई हादसे भी देखने को मिल रहे हैं। रामगढ़ जिले के कुजू ओपी क्षेत्र के हेसागढ़ा के पास रांची से करीब 35 लोगों को लेकर महाकुंभ प्रयागराज जा रही बस के पीछे से धुआं निकलना शुरू हुआ। ड्राइवर ने सूझबूझ दिखाते हुए बस को सड़क के किनारे किया और पहले आग बुझाने का प्रयास किया। आग बुझने के बजाय बढ़ने लगी। इस दौरान आनन फानन में सभी बस में सवार यात्री को किसी तरह उतारा गया। इसके बाद इसकी सूचना पुलिस और फायर ब्रिगेड को दी गई। मौके पर फायर ब्रिगेड की टीम के साथ कुजू और मांडू पुलिस पहुंची। देखते ही देखते आग इतनी भीषण हो गई थी कि जब तक आग पर काबू पाया जाता तब तक बस पूरी तरह जलकर खाक हो गई। सबसे सुखद बात यह रही की इस भीषण आग में कोई भी हताहत नहीं हुआ। लेकिन नेशनल हाइवे 33 पर करीब 2 घंटे तक पूरी तरह अफरा तफरी का माहौल देखने को मिला। इस दौरान रांची पटना मुख्य मार्ग को करीब 2 घंटे तक वन-वे किया गया था। आग लगने की घटना के बाद कुछ यात्री वापस लौट गए और कुछ दूसरी बस से प्रयागराज कुंभ नहाने के लिए चले गए। थाना प्रभारी कूजू ओपी मोहमद नौशाद ने बताया कि देर रात आग लगने की सूचना मिली थी। जिसके बाद वो मौके पर पहुंचे और फायर ब्रिगेड की टीम को फोन किया गया। लेकिन तब तक आग ने बस को पूरी तरह से अपनी चपेट में ले लिया था। फायर ब्रिगेड की टीम ने आकर आग को बुझाया लेकिन तब तक बस पूरी तरह जल गई थी। बस ड्राइवर ने उन्हें बताया कि पीछे टायर से घर्षण की आवाज आई और धुंआ निकलना शुरू हुआ। बस को किनारे कर जब देखा तो पिछले हिस्से को आग ने अपनी चपेट में ले लिया था। आग फैलने लगी। इसके बाद सभी यात्रियों को बस से सुरक्षित उतारा गया।

## आई पी एल फैक्ट्री से प्रभावित ग्रामीणों के साथ कंपनी व अधिकारियों का बैठक विफल

झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।

**आई पी एल फैक्ट्री से प्रभावित ग्रामीणों ने विधायक के नाम सौंपा ज्ञापन**



**रामगढ़/ गोला।** गोला बुधवार को आई पी एल कंपनी से विस्थापित प्रभावित लोगों की बैठक अंचल कार्यालय में की गई। जिसमें रैयतों द्वारा अपनी मांगों को रखा गया। रैयतों ने कहा कि हमलोगों के साथ कंपनी द्वारा किए गए सभी मांगों को आज तक पूरा नहीं किया गया। हम सभी ग्रामीण कंपनी से अपनी मांगो को आंदोलन के माध्यम जानकारी देते आए हैं लेकिन आज तक हम लोगों की कोई भी मांग पूर्ण नहीं किया गया। प्रभावित गांवों में बिजली पानी स्वास्थ शिक्षा नौजवानों को नौकरी विस्थापतियों को जमीन के अनुसार काम में लगाने, किसानों की खेती और मुआवजा ग्रामीणों के लिए खेलकूद का मैदान की व्यवस्था करने तथा ग्रामीण सड़क पर पाइपलाइन निर्माण कार्य नहीं करने की बात रखी गई। साथ ही आईपीएल गोली कांड में मारे गए परिवार के आश्रितों को पूर्ण व्यवस्था मुहैया कराया जाए। बैठक में मुख्य रूप से गोला अंचल अधिकारी समरेश प्रसाद भंडारी, कंपनी हेड़ शैलेन्द्र कुमार सिन्हा, रैयत विस्थापित कि ओर से लखेश्वर कुमार, नागरिक चेतना मंच अध्यक्ष सुनील राज चक्रवर्ती, बिनोद बिहारी महतो,झा मु मो साड़म पंचायत अध्यक्ष विश्वजीत कुमार, भुनेश्वर मुंडा, नरेश मुंडा,झुबर पहान, प्रितम कुमार, महेंद्र महतो,तारो महतो, रथु मुंडा,राजू मुंडा, के बिच त्रिपक्षीय वार्ता में ग्रामीणों में सहमति नहीं बन पाने की स्थिति में वार्ता विफल रहा। जिसके पश्चात लोगों ने विधायक से वार्ता कर मांगों का ज्ञापन सौंपा।

## चितरपुर महाविद्यालय में छात्र के निधन पर शोक सभा का आयोजन



**रामगढ़।**चितरपुर महाविद्यालय चितरपुर के छात्र पंकज कुमार का मोटरसाइकिल दुर्घटना में मृत्यु हो गयी। इस खबर से महाविद्यालय में छात्र-छात्राओं तथा शिक्षकों के बीच शोक की लहर है। महाविद्यालय परिसर में दिवंगत आत्मा की शांति के लिए दो मिनट का मौन रखकर छात्र को श्रद्धांजलि दी गयी। पंकज कुमार महाविद्यालय का नियमित तथा मेघावी छात्र था। वह सेमेस्टर-क्क के हिंदी विभाग का छात्र था। कल शाम अपने बुआ के घर चेटर गांव से कुंभ का प्रसाद देकर वापस आ रहा था। दुर्घटना के वक़्त छात्र ने हेलमेट नहीं पहना था। मौके पर महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ संज्ञा, प्रो. मनोज झा, प्रो.अंजू कुमारी, प्रो. निकहत प्रवीण, प्रो. रेवालाल पटेल, प्रो. ताराशंकर अग्रवाल, प्रो. उत्तम कुमार, डॉ हीना कौसर, प्रो. दीपक कुमार, प्रो. नगमा नौशाबा, श्री जफरूल हसन खान, रवि कुमार, सोनू, कुसुम, एशिया, राजेश सहित कई छात्र-छात्राएं उपस्थित थीं।

## गरीब शोषित पीड़ित, वंचित, दबे, कुचले लोगों की एक विश्वास है जेएलकेएम :- रमेश कुमार महतो



**रामगढ़।** झारखंड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा इकाई रामगढ़ के मांडू प्रखंड अंतर्गत होटल विकास ,बोंगावार मोड, भरेचनगर, सांडी मे संगठन के सशक्त एवं मजबूती को लेकर एक आवश्यक बैठक की गई। इस बैठक में पार्टी के पदाधिकारीगण एवं सदस्यगन उपस्थित हुए। इस बैठक में जिला मीडिया प्रभारी रमेश कुमार महतो ने कहा की झारखंड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा आज के समय में हर तपके के लोगों का एक विश्वास है। इस संगठन में गरीब, शोषित ,पीड़ित, वंचित, दवे, कुचले तथा सिस्टम के सताए हुए लोगों की एक आवाज बनकर यह पार्टी झारखंड में उभर कर आई है। इस संगठन में सभी समुदाय के लोग जुड़ रहे हैं। क्योंकि झारखंड की दशा और दिशा यही पार्टी के माध्यम से संभव हो सकता है। क्योंकि भारत के व्यवस्था आप जानते हैं की ईस्ट इंडिया कंपनी नहीं रही। लेकिन उस कंपनी को चलाने वाले लोग आज भी जिंदा है। अंग्रेजो के तरह शोषण करने वाले लोग जिंदा है। पूंजीवादी व्यवस्था में लोगों को दबाने के लिए बहुत सारे हथकंडे अपनाए जाते हैं। संगठन वह प्रक्रिया है जो कार्य को समझने तथा वर्गीकरण करने अधिकार अंतकरण को परिभाषित करने तथा मनुष्य को अत्यधिक कार्य कुशलता के साथ लक्ष्यों की प्राप्ति हेतु कार्य करने के लिए संबंध स्थापित करता है। संगठन में रहकर ही लोग आगामी विकास की कल्पना कर सकते हैं। इस राज्य की वैकेंसी में पहला अधिकार यहां के नौजवानों को योगदान ,अवसर और अधिकार मिलना चाहिए। राज्य के हितार्थ में विकसित राज्यों को कंट्रोल करने के लिए एक बैरियर लगाकर कानून बना सकता है। बचे पंचायतों / प्रखंडों का बहुत जल्द संगठन विस्तार किया जाएगा। वही संगठन विस्तार में सभी समुदाय के लोगों को विशेष ध्यान दिया जाएगा। इस बैठक में मुख्य रूप से प्रेम हिंदुवार,बिरेंद्र महतो, अशोक महतो ,आर्यन मुंडा, अमरजीत बेदिया, दीपक महतो, नागेंद्र महतो, पवन बेदिया, विशाल बेदिया,फलेंद्र महतो, दीपू महतो के अलावा दर्जनों लोग उपस्थित थे।

## बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना के तहत उपायुक्त की अध्यक्षता में हुआ कार्यशाला का आयोजन

झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।

**महिला हेल्पलाइन 181 एवं चाइल्ड हेल्पलाइन 1098 का करें व्यापक प्रचार प्रसार**



**रामगढ़।** बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना के तहत गुरुवार को उपायुक्त रामगढ़ चंदन कुमार की अध्यक्षता में समाहरणालय सभाकक्ष में जिला स्तरीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला के दौरान जिला समाज कल्याण पदाधिकारी इंदु प्रभा खलको के द्वारा उपायुक्त सहित बैठक में उपस्थित रहे ।अन्य अधिकारियों को बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना के तहत आयोजित कार्यशाला के उद्देश्यों के संबंध में जानकारी दी गई। साथ ही उनके द्वारा महिला हेल्पलाइन 181 एवं चाइल्ड हेल्पलाइन 1098 के तहत जिले में हो रही गतिविधियों आदि के संबंध में सभी को बताया गया। कार्यशाला के दौरान उपायुक्त के द्वारा बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना अंतर्गत महिलाओं के खिलाफ हो रहे हिंसा के रोकथाम हेतु महिला हेल्पलाइन 181, महिलाओं को एक ही छत के नीचे विधिक सहित अन्य सहायताएं उपलब्ध कराने के उद्देश्य से संचालित सखी वन स्टॉप सेंटर, चाइल्ड हेल्पलाइन 1098 का व्यापक प्रचार प्रसार सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। साथ ही उपायुक्त ने शिक्षा विभाग, पंचायती राज विभाग, जनसंपर्क विभाग सहित अन्य विभागों को आपस में समन्वय करते हुए महिला हेल्पलाइन, सखी वन स्टॉप सेंटर का व्यापक प्रचार प्रसार सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। इसके साथ ही उपयुक्त में आंगनबाड़ी केंद्रों, विद्यालयों, थाना, पंचायत भवनों, बस स्टैंड सहित अन्य सार्वजनिक स्थलों पर महिला हेल्पलाइन 181 एवं चाइल्ड हेल्पलाइन 1098 से संबंधित स्लोगन, पोस्टर, बैनर लगाते हुए व्यापक प्रचार प्रसार करने का निर्देश दिया। कार्यशाला के दौरान संरक्षण पदाधिकारी दुखहरण महतो के द्वारा रामगढ़ जिले में संचालित सखी वन स्टॉप सेंटर के माध्यम से किए जा रहे कार्यों की जानकारी दी गई। वहीं बाल संरक्षण पदाधिकारी शांति बागे के द्वारा चाइल्ड हेल्पलाइन 1098 के तहत हो रहे कार्यों की जानकारी दी गई। कार्यशाला के दौरान उपायुक्त के द्वारा उपस्थित सभी को बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना के तहत जागरूकता शपथ भी दिलाई गई।

## बरलंगा मे वितिय जागरुकता कार्यक्रम का हुआ आयोजन बच्चो को दिए सामग्री

**झारखण्ड राज्य ग्रामीण बैंक ने कराया क्विज प्रतियोगिता का आयोजन सामग्री का वितरण करते बैंक अधिकारी।**

**रामगढ़/गोला।** रामगढ़ जिले के अति सूदूरवर्ती बरलंगा थाना क्षेत्र के उत्कर्मित उच्च विधालय मे गुरुवार को झारखण्ड राज्य ग्रामीण बैंक के द्वारा वितीय साक्षरता जागरुकता कार्यक्रम के तहत स्कूली बच्चों के बीच क्वीज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम मे मुख्य रुप से झारखण्ड राज्य ग्रामीण बैंक के मुख्य महाप्रबंधक राज कुमार गुप्ता,एवं सीनियर मैनेजर प्रधान कार्यालय रांची के राजीव राज राणा उपस्थित हुए। उपस्थित बच्चो को विज्ञान के बारे मे विस्तृत चर्चा की गई। एवं विज्ञान के इस युग मे नफा नूकसान के बारे मे बच्चों को बताया गया।साथ ही साथ वर्तमान समय मे साइबर क्राइम के बारे में बताया गया। राज कुमार गुप्ता ने कहा कि बच्चों आप भविष्य के निमार्ता हो,अनुशासन मे रहकर पढाई करे और आगे बढे। स्कूल के लगभग तीन सौ बच्चों के बीच कॉपी,पेन,छाता,मग आदि का वितरण किया गया। सामग्री पाकर बच्चे काफी खुश नजर आए। बैंक के इस कार्य को लोगो ने सराहा। मौके पर बैंक के मैनेजर पंकज तिवारी एफएलसी अरुण कुमार, प्रधानाचार्य अमर लाल महतो,सहायक शिक्षक सुरेश महतो,धर्मनाथ महतो, कल्याणी कुमारी,भुनेश्वर सिंह, अभिषेक टंडन,जय प्रकाश सिंह,पुरन केवट, मनोज नायक,एवं प्रबंधन समिति के अध्यक्ष दीपक कुमार गुप्ता मौजूद थे।

## दो शब्द से बने खेल के महत्व को युवा समझ जाये सफलता अवश्य मिलेगी, लोहरदगा सांसद प्रतिनिधि साजिद अहमद

झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।



**लोहरदगा।** लोहरदगा जिले के कैरों में यूथ क्लब गितिलगढ़ द्वारा आयोजित पांच दिवसीय क्रिकेट टूनामेंट का फाइनल मुकाबला गुरुवार को गितिलगढ़ खेल मैदान में खेला गया। इस रोमांचक मुकाबले में ओरमांझी टीम, रांची और पंकज ब्रदर, ककरगढ़ आमने-सामने थीं। टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए ओरमांझी की टीम ने निर्धारित 8 ओवरों में 32 रन बनाए। जवाब में, पंकज ब्रदर, ककरगढ़ की टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए महज 4 ओवरों में एक विकेट खोकर लक्ष्य हासिल कर जीत दर्ज की।टूनार्मेंट के समापन समारोह में मुख्य अतिथि लोहरदगा सांसद प्रतिनिधि साजिद अहमद चंगु और विशिष्ट अतिथि युवा कांग्रेस के जिला कार्यकारी अध्यक्ष गुलाम जिलानी सहित अन्य गणमान्य अतिथि उपस्थित रहे। आयोजन समिति द्वारा अतिथियों का बुके और पगड़ी पहनाकर गर्मजोशी से स्वागत किया गया।मुख्य अतिथि साजिद अहमद चंगु ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया और समापन समारोह को संबोधित करते हुए कहा₹खेल को हमेशा खेल की भावना से खेलना चाहिए। खेल न केवल शारीरिक और मानसिक विकास करता है, बल्कि संघर्ष करने की प्रेरणा भी देता है। लोहरदगा के लोकप्रिय सांसद माननीय सुखदेव भगत खेल और खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करने तथा सही मार्गदर्शन देने के लिए सतत प्रयासरत हैं।₹युवा कांग्रेस जिला कार्यकारी अध्यक्ष गुलाम जिलानी ने भी खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि₹क्षेत्र में प्रतिभावान खिलाड़ियों की कोई कमी नहीं है, बस उन्हें सही मार्गदर्शन और अवसर देने की जरूरत है।₹इस टूनार्मेंट में कुल 16 टीमों ने भाग लिया। समापन समारोह में विजेता, उपविजेता और तीसरे स्थान पर रहने वाली टीमों के अलावा मैन ऑफ द सीरीज, मैन ऑफ द मैच, बेस्ट कीपर और बेस्ट फील्डर को नकद पुरस्कार, शील्ड और ट्रॉफी देकर सम्मानित किया गया।इस आयोजन ने क्षेत्र के युवा क्रिकेट खिलाड़ियों को एक मजबूत मंच प्रदान किया है। ऐसे टूनार्मेंट आगे भी होते रहे, ताकि नई प्रतिभाओं को निखरने का अवसर मिले और लोहरदगा जिला खेल जगत में एक नई पहचान बना सके।

## सीसीएल कर्मी ने मां को घर में बंद कर पत्नी, सास-ससुर को लेकर गया महाकुंभ

**कराहने की आवाज सुन पड़ोसियों ने ताला तोड़कर बाहर निकाला**

**रामगढ़** । झारखंड के रामगढ़ से मानवता को शर्मशार करने वाली खबर ने सबको झकझोर कर रख दिया है। प्रयागराज में चल रहे महाकुंभ में स्नान करने बेटा अपनी पत्नी और सास-ससुर को लेकर गया और अपनी मां को घर के कमरें में ही बंद कर दिया। तीन दिनों तक घर में बंद रहने के बाद पड़ोसियों ने वृद्धा को घर से बाहर निकाला और खाना खिलाया। अरगडा के सिरका ए टाइप क्वार्टर के रहने वाले सीसीएल कर्मी अखिलेश प्रजापति सोमवार को अपनी बीमार मां को घर में बंद कर पत्नी-बच्चों के साथ कुंभ में स्नान करने निकल गए। तीन दिनों तक अखिलेश की 65 वर्षीय मां संजू देवी भूखी थी। इसके बाद पड़ोसियों ने सिरका कहुआबेड़ा में रहने वाली संजू देवी की बेटी चांदनी को इसकी सूचना दी। चांदनी देवी और वृद्धा के भाई मनसा महतो रामगढ़ थाना गए। पुलिस ने स्थानीय लोगों को सूचना देने के बाद वृद्धा को बाहर निकालने को कहा। चांदनी देवी ने वार्ड पार्षद संगीता देवी को सूचना दी और ताला तोड़कर संजू देवी को बाहर निकाला। पड़ोसियों ने तीन दिन से भूखी संजू देवी को बिस्किट और पानी दिया। थोड़ी देर बाद संजू देवी को उनकी बेटी ने इलाज के लिए रामगढ़ सदर अस्पताल में भर्ती कराया। इस मामले पर जब संजू देवी के बेटे अखिलेश से फोन कर पूछा गया तो उसने बताया कि वो सोमवार को सुबह 11 बजे पत्नी, दो बच्चों और साढू , सास, ससुर के साथ प्रयागराज महाकुंभ में स्नान करने निकला था। मां के लिए खाना बनाकर और चूड़ा छोड़कर गया था। मां ने ही उसे कुंभ जाने के लिए कहा था।

## लोहरदगा में कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच कदाचारमुक्त माहौल में सफलतापूर्वक संपन्न हुई मैट्रिक और इंटरमीडिएट परीक्षा

**लोहरदगा**–लोहरदगा में वार्षिक माध्यमिक मैट्रिक और इंटरमीडिएट परीक्षाओं के सातवें दिन की परीक्षा गुरुवार शाम 5 बजे पूरी तरह कदाचारमुक्त और शांतिपूर्ण वातावरण में सफलतापूर्वक संपन्न हुई। परीक्षा का आयोजन प्रशासन की कड़ी निगरानी और सुरक्षा व्यवस्था के बीच हुआ।परीक्षा को निष्पक्ष और पारदर्शी बनाने के लिए जिला प्रशासन और पुलिस प्रशासन ने कड़े सुरक्षा इंतजाम किए थे। किसी भी प्रकार के इलेक्ट्रॉनिक गैजेट्स ले जाने पर सख्त प्रतिबंध था। इसके अलावा, कदाचार रोकने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश और चेतावनियाँ भी जारी की गईं।मैट्रिक परीक्षा के लिए कुल 17 परीक्षा केंद्र, जबकि इंटरमीडिएट के लिए 12 परीक्षा केंद्र बनाए गए थे। गुरुवार को हुए मैट्रिक के विज्ञान विषय की परीक्षा में कुल 7,209 परीक्षार्थियों में से 7,159 उपस्थित हुए, जबकि 50 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। वहीं, इंटरमीडिएट में अर्थशास्त्र विषय की परीक्षा में कुल 3,227 परीक्षार्थियों में से 3,203 ने परीक्षा दी, जबकि 24 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। गौरतलब है कि इस वर्ष मैट्रिक परीक्षा में कुल 7,205 और इंटरमीडिएट परीक्षा में 4,725 परीक्षार्थी शामिल हो रहे हैं। प्रशासन की चौकसी और कड़े सुरक्षा प्रबंधों के कारण परीक्षा पूरी तरह शांतिपूर्ण और निष्पक्ष माहौल में संचालित हो रही है।इस अवसर पर जिला शिक्षा पदाधिकारी नीलम आइलीन टोप्पो ने छात्रों को अनुशासन और मेहनत का महत्व समझाया। उन्होंने कहा, ₹सफलता के लिए कोई शॉर्टकट नहीं होता, बल्कि अनुशासन और परिश्रम ही इसकी कुंजी होती है।₹ लोहरदगा जिला प्रशासन के कड़े प्रयासों और शिक्षा विभाग की सख्ती से यह परीक्षा अब तक पूरी तरह कदाचारमुक्त रही है। उम्मीद की जा रही है कि आगामी दिनों में भी इसी सख्ती और पारदर्शिता के साथ परीक्षाएं संपन्न होंगी।

## इकफाई लॉ यूनिवर्सिटी, देहरादून ने लोहरदगा के जाने-माने अधिवक्ता विवेक कुमार को किया सम्मानित

**लोहरदगा।** विधि जगत में अपनी प्रतिष्ठा और उत्कृष्ट योगदान के लिए लोहरदगा के जाने-माने अधिवक्ता विवेक कुमार, विधि सलाहकार, लोहरदगा पुलिस अधीक्षक कार्यालय,को गुरुवार को इकफाई लॉ यूनिवर्सिटी, देहरादून द्वारा सम्मानित किया गया। इकफाई लॉ स्कूल, देहरादून में आयोजित दो दिवसीय राष्ट्रीय मूट कोर्ट प्रतियोगिता में देशभर के 24 प्रतिष्ठित विधि विश्वविद्यालयों की टीमों ने भाग लिया। इस प्रतियोगिता में सर्वोच्च न्यायालय के पूर्व न्यायाधीश न्यायमूर्ति श्री सी. टी. रविकुमार एवं राष्ट्रीय उपभोक्ता विवाद निवारण आयोग के अध्यक्ष न्यायमूर्ति अमरेश्वर प्रताप शाही पूर्व न्यायाधीश, मद्रास एवं पटना उच्च न्यायालय मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। प्रतियोगिता की विशेष बात यह रही कि यह अधिवक्ता विवेक कुमार द्वारा तैयार किए गए मूट कोर्ट प्रॉब्लम पर आधारित थी। इस चुनौतीपूर्ण कानूनी मुकाबले में एनएलयू, नागपुर (महाराष्ट्र) की टीम ने विजेता का खिताब हासिल किया, जबकि पंजाब यूनिवर्सिटी की टीम उपविजेता रही। लोहरदगा के ख्याति प्राप्त विधि विशेषज्ञ विवेक कुमार को विधि शिक्षा एवं मूट कोर्ट प्रतियोगिताओं में उनके बहुमूल्य योगदान के लिए इकफाई लॉ यूनिवर्सिटी, देहरादून द्वारा सम्मानित किया गया। उनके इस उपलब्धि से लोहरदगा सहित संपूर्ण विधि समुदाय में हर्ष और गर्व की अनुभूति है।

## किस्को में नागरिक कल्याण कार्यक्रम के अंतर्गत 30 दिवसीय सिलाई प्रशिक्षण हुआ शुभारंभ

**उप-महानिरीक्षक ने कहा एसएसबी के सौजन्य से महिलाएं सिलाई से जुड़कर आत्मनिर्भर बनेगी**

**कस्को।** 32वीं वाहिनी सीमा सशस्त्र बल द्वारा किस्को प्रखण्ड क्षेत्र के महिलाओं के लिए सिलाई प्रशिक्षण कार्यक्रम शुरू किया गया। जिसमे मुख्य रूप से एसएसबी के उप-महानिरीक्षक क्षेत्रक मुख्यालय गया-बिहार मानवेन्द्र, कमांडेट राजेश कुमार,32वीं वाहिनी गुमला जी समवाय के कंपनी के कमांडर निरीक्षक मनीष कुमार चौबे, थाना प्रभारी सुमन मिंज, प्रमुख सुचित्रा भगत, एलजीएसएस के सचिव चंद्रपति यादव, सिलाई प्रशिक्षण के सेंट्रल मैनेजर सतीश कुमार मौजूद रहे। मौके पर अतिथियों का स्वागत पुष्प गुच्छ देकर व शॉल ओढ़ाकर किया गया। वहीं कार्यक्रम का सुभारम्भ अतिथियों द्वारा संयुक रूप से दीप प्रज्वलित कर किया गया।मौके पर एसएसबी की 32वीं वाहिनी ने महिलाओं के लिए 19फरवरी से 20 मार्च 2025 तक 30 दिनों का निःशुल्क सिलाई ट्रेनिंग कैंप सिलाई प्रशिक्षण केंद्र के सक्षम महिला उत्पादक समूह किस्को में चलेगा। जहाँ महिलाओं को प्रशिक्षण दिया जाएगा। इस प्रशिक्षण में किस्को प्रखण्ड के 30 महिलाओं को प्रशिक्षण के पश्चात सर्टिफिकेट भी उपलब्ध कराया जाएगा। मौके पर उप महानिरीक्षक मानवेंद्र ने बताया कि यह प्रशिक्षण केवल प्रशिक्षणार्थियों को प्रशिक्षण ही नहीं बल्कि उन्हें आत्मनिर्भरता के साथ-साथ रोजगार के अवसर सृजन कराने का भी कार्य करेगा। मौके पर प्रशिक्षण के दौरान होने वाले गतिविधियों, सावधानी एवं बचाव की जानकारी सेंट्रल मैनेजर द्वारा दिया गया।मौके पर नवाडीह मुखिया मीना कुमारी, खरकी मुखिया चाँदमनी उरांव व समाजसेवी कुद्दूस अंसारी सहित अन्य मौजूद रहे।

## आंधी तूफान से घर में आम का पेड़ गिरने से घर छतिग्रस्त हो गया



**किस्को /लोहरदगा** जिले के किस्को प्रखंड क्षेत्र में बीते रात्रि में आंधी तूफान व बारिश ने जमकर तबाही मचाई है इधर नारी डेलाबगीचा में जब्बार अंसारी के घर में आम का पेड़ गिरने से घर क्षतिग्रस्त हो गया, हालांकि इस घटना में जान-माल का कोई नुकसान नहीं हुआ। इ,सी तरह, नारी नावाडीह में आधा दर्जन गरीब परिवारों के घर उजड़ गए, जिनमें नसीमा खातून और सकीरा खातून के घर भी शामिल हैं। मामले की जानकारी मिलते ही अहले सुबह नवाडीह मुखिया मीना कुमारी और मुखिया पति कुद्दूस अंसारी ने पीड़ित परिवारों के घर पहुंचकर स्थिति वस्तु का जायजा लिया और हर संभव मदद करने का भरोसा दिलाया। पीड़ित परिवारों ने स्थानीय मुखिया और अंचल अधिकारी से मुआवजे की मांग की है। अंचल अधिकारी अजय कुमार ने कहा है कि क्षतिग्रस्त घरों के फोटो, फॉर्म, पासबुक और आधार कार्ड संलग्न कर आंचल में जमा करने पर मुआवजे के रूप में सहायता राशि दी जाएगी।

# जिला स्तर पर लंबित योजनाओं की मुख्य सचिव ने की समीक्षा, उपायुक्तों को दिये ये निर्देश

झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।



**रांची:** झारखंड की मुख्य सचिव अलका तिवारी ने जिला स्तर पर योजनाओं के क्रियान्वयन में आ रही समस्याओं का समाधान समन्वय बनाकर करने का निर्देश दिया है. उन्होंने राज्य के उपायुक्तों को कहा कि वे कैलेंडर बनाकर कार्यों का निपटारा करें. कैलेंडर के अनुसार, विभिन्न मसलों पर बैठकें करें. उसकी रिपोर्ट समय पर विभागों को दें. इससे योजना क्रियान्वयन में गति भी आयेगी और विभागों को योजना को लागू करने में सहूलियत भी आयेगी. उन्होंने कहा कि योजनाएं बाधित होती हैं, तो उस पर होने वाले खर्च का लाभ राज्य को नहीं मिल पाता. इसलिए योजनाओं का भौतिक निरीक्षण करते हुए समस्या के समाधान पर फोकस करें. वह गुरुवार को विभागों की उन योजनाओं की समीक्षा कर रहीं थीं, जो जिला स्तर पर बाधित हो रहीं हैं अथवा लेटलतीफी का शिकार हो रहीं हैं.

**योजनाओं को पूर्ण करने में आ रही रुकावटों को जल्द से जल्द दूर करें**

मुख्य सचिव की समीक्षा बैठक में पता चला कि अधिकांश योजनाएं 70 से 80 प्रतिशत तक पूरी हो चुकी हैं. बाकी बचे काम में रुकावटें आ रहीं हैं. मुख्य सचिव ने नगर विकास विभाग की रांची शहरी सीवरेज स्कीम, वाटर सप्लाई स्कीम और पम्पिंग स्टेशन के क्रियान्वयन में जमीन को लेकर आ रही समस्या का समयबद्ध तरीके से समाधान करने का निर्देश दिया. रांची के उपायुक्त ने कहा कि अधिकांश मामले में समस्या का समाधान हो चुका है.

**इस वजह से अधूरी रह जातीं हैं योजनाएं**

रामगढ़, धनबाद, कोडरमा, साहिबगंज, सरायकेला-खारसावां, पश्चिमी सिंहभूम, पलामू और बोकारो में शहरी सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट और वाटर सप्लाई योजनाओं को धरातल पर उतारने में जमीन की समस्या सामने आयी. उपायुक्तों को विशेष पहल कर जमीन की उपलब्धता सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया. पेयजल एवं स्वच्छता विभाग की ओर से बताया गया कि नल से जल योजना से प्रत्येक घर को जोड़ने और शौचालय बनाकर गांवों को ओडीएफ (खुले में शौच से मुक्त) घोषित करने की स्थिति लगभग अंतिम चरण में है, लेकिन गांवों में 4-5 घरों के इस योजना से आच्छादित नहीं होने से योजना अधूरी रह जातीं हैं. मुख्य सचिव ने उपायुक्तों को अतिरिक्त रुचि लेकर इस काम को यथाशीघ्र संपन्न कराने को कहा.

**संबंधित विभाग से समन्वय बनायें उपायुक्त, समस्याओं को करें दूर**

उच्च एवं तकनीकी शिक्षा विभाग ने बताया कि विभिन्न जिलों में डिग्री कॉलेज, पॉलिटेक्निक कॉलेज और राजकीय अभियंत्रण कॉलेज निर्माण में जमीन की समस्या आड़े आ रही है. मुख्य सचिव ने उपायुक्तों से कहा कि संबंधित विभाग के साथ समन्वय बनाकर जमीन उपलब्ध करायें. उन्होंने स्कूली शिक्षा विभाग की ओर से क्वालिटी एजुकेशन के लिए संपर्क फाउंडेशन की सहायता से चयनित स्कूलों में उपलब्ध कराये गये संसाधन के समुचित उपयोग पर बल देते हुए कहा कि यह राज्य के हित में होगा.

**कृषि विभाग से जुड़ी योजनाओं को समय पर पूरा करें**

कृषि विभाग से जुड़ी पीएम किसान योजना, बिरसा ग्राम सह समेकित पाठशाला, बिरसा-पीएम फसल बीमा योजना, मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना, आईसीडीपी एवं डीसीडीसी की समीक्षा के दौरान ऐसा देखने को मिला कि फसल बीमा योजना के लिए वास्तविक जमीन से अधिक जमीन पर बीमा का आवेदन दिया गया है. मुख्य सचिव ने कहा कि ऐसे आवेदनों की जांच करें और अनधिकृत दावे को खारिज करें. उन्होंने मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना के तहत लाभुकों को पशु देने के साथ उसका बीमा भी सुनिश्चित करने को कहा. साथ ही कृषि से जुड़ी विभिन्न योजनाओं की कार्य प्रगति की समीक्षा के लिए जिलास्तरीय मॉनिटरिंग कमेटी और डिस्ट्रिक्ट को-ऑपरेटिव डेवलपमेंट कमेटी की नियमित बैठक करने का निर्देश उपायुक्तों को दिया.

**इन वजहों से लंबित हैं योजनाएं**

जल संसाधन विभाग की राज्य में चल रही विभिन्न परियोजनाओं की समीक्षा के दौरान पाया गया कि अधिग्रहित भूमि पर अतिक्रमण, फॉरेस्ट क्लियरेंस, स्थानीय विवाद, भूमि अधिग्रहण, मुआवजा इत्यादि को लेकर योजनाएं प्रभावित हो रहीं हैं. मुख्य सचिव ने सभी संबंधित उपायुक्तों को निर्देश दिया कि योजनाओं के सुचारु संचालन के लिए प्रशासनिक स्तर से बाधा को दूर कराएं. इसके अतिरिक्त राजस्व, निबंधन एवं भूमि सुधार विभाग और ऊर्जा विभाग की जिलों से जुड़ी समस्याओं की भी समीक्षा की गयी और उपायुक्तों को जरूरी निर्देश दिये गये.

## जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा का रांची में स्वागत



**रांची।** जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा गुरुवार को दो दिवसीय दौरे पर रांची के विकास भारती पहुंचे, जहां भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने मोमेंटो देकर उनका स्वागत किया. इस अवसर पर विकास भारती के प्रमुख अशोक भगत, प्रदेश संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह, चतरा संसद कालीचरण सिंह, रांची के विधायक सी पी सिंह, हटिया विधायक नवीन जायसवाल सहित कई गणमान्य लोग मौजूद रहे.

## माता शबरी जी की जयंती भाजपा प्रदेश कार्यालय में मनाई गई



**रांची।** भाजपा कार्यालय में प्रदेश संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह ने माता शबरी जी की जयंती पर कहा कि माता शबरी प्रभु श्री राम जी की अनन्य भक्त होने का सौभाग्य प्राप्त किया. उन्होंने बताया कि माता शबरी का असली नाम श्रमणा था और वो भीलों के राजा की बेटी थीं. माता शबरी के मन में प्रभु राम के प्रति बहुत स्नेह था, जिस कारण उनमें भक्ति और ध्यान के सारे गुण आ गए. इस अवसर पर कर्मवीर सिंह ने माता शबरी की कथा को याद किया और बताया कि कैसे उन्होंने अपने गुरु मंगत ऋषि की सेवा की और भगवान राम की अराधना की. उन्होंने बताया कि भगवान राम ने माता शबरी की भक्ति देखकर उन्हें मोक्ष की प्राप्ति दिलाई.

**ये रहे मौजूद**

इस मौके पर राकेश प्रसाद, सीमा पासवान, हेमंत दास, अशोक बड़ाईक, आरती सिंह, जोगेन्द्र लाल, राजीव राज लाल, खुदा राम, सीमा सिंह, युवराज पासवान, गोविंदा बाल्मिकी, सुबोधकांत, राजीव रंजन मिश्रा, अजय दुबे, सुरेंद्र सहित कई अन्य लोगों ने भी पुष्प अर्पित किया.

## स्टेट डाटा सह ट्रेनिंग सेंटर एवं वाटर क्वालिटी लैब खुला, पानी का करा सकते हैं जांच

झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।



**रांची.** राष्ट्रीय जल परियोजना के तहत ज्यूडिशियल अकादमी के बगल में स्टेट डाटा सह ट्रेनिंग सेंटर एवं वाटर क्वालिटी लैब खुला. इसका उदघाटन जल संसाधन मंत्री हफीजुल हसन ने किया. यहां आम लोग भी पानी की गुणवत्ता की जांच करा सकेंगे. इसके लिए कुछ राशि का भुगतान करना होगा. इस मौके पर मंत्री ने कहा कि झारखंड के कई इलाकों में पानी दूषित हो गया है. स्वच्छ पानी सबकी जरूरत है. इसके लिए प्रयास करना सरकार का कर्तव्य है. इसके लिए नगर विकास, पेयजल स्वच्छता व अन्य विभाग के अधिकारियों को उच्च स्तर का प्रशिक्षण दिया जायेगा. मंत्री ने कहा कि झारखंड में पानी की कमी नहीं है. पूरे देश में सबसे अधिक बारिश वाले राज्यों में झारखंड शामिल है. इसके बावजूद यहां का पानी बहकर चला जाता है. इसको कैसे रोका जाये, इसका प्रशिक्षण भी अधिकारियों को दिया जायेगा. स्टेट डाटा सेंटर में आधुनिक तकनीक के माध्यम से राज्य के भू-जल और यहां की नदियों व डैम से संबंधित सारे आंकड़े रखे जायेंगे. इस मौके पर विभागीय सचिव प्रशांत कुमार, निदेशक एस समीरा आदि मौजूद थे.

**कुंभ में हजारों की हुई मौत : मंत्री**

इस मौके पर पत्रकारों के सवाल का जवाब देते हुए मंत्री हफीजुल अंसारी ने कहा कि कुंभ में 25 से 30 हजार लोगों की मौत हुई है. मरे हुए लोगों को जेसीबी से निकाला गया था. आज भी सैकड़ों वाहन वहां लावारिस पड़े हैं. इस पर भी केंद्र को सोचना चाहिए. मंत्री ने केंद्र द्वारा वृद्धा पेंशन का अंशदान नहीं दिये जाने का भी विरोध किया. कहा कि जब तक केंद्र सरकार पैसा नहीं दे रही है, तब तक राज्य सरकार को अपना अंशदान वृद्धों को देना चाहिए.

## रांची के अपर बाजार में लगी आग, मची अफरा तफरी



**रांची :** राजधानी के अपर बाजार स्थित महावीर चौक के शर्मा टॉवर में गुरुवार सुबह भीषण आग लग गयी. जिससे पूरे इलाके में अफरा तफरी मच गयी. अगलगी की घटना सबसे शर्मा टॉवर के फर्स्ट फ्लोर में हुई. इसके बाद यह आग पूरी बिल्डिंग को अपनी चपेट में ले लिया. आग कैसे लगी इसकी स्पष्ट जानकारी अभी तक नहीं मिल सकी है. स्थानीय लोगों ने घटना की सूचना पुलिस को दी. इसके बाद इसकी जानकारी अग्निशमन विभाग को दी गयी. दमकल गाड़ियां मौके पर पहुंच चुकी है और आग पर काबू पाने का प्रयास कर रही है.

## कथा वाचक इंद्रेश ने जगन्नाथ मंदिर में किया पूजा-अर्चना



**रांची:** श्रीमद भागवत के प्रसिद्ध कथा वाचक इंद्रेश उपाध्याय ने गुरुवार को जगन्नाथपुर मंदिर में पूजा-अर्चना की. उन्होंने गर्भगृह में जाकर भगवान जगन्नाथ से आशीर्वाद लिया और भोग प्रसाद ग्रहण किया. इसके बाद उन्होंने मंदिर परिसर का भ्रमण किया और मंदिर के इतिहास की जानकारी ली. इस दौरान महाराज ने कहा कि रांची के लोगों में आस्था और भक्ति की अद्भुत भावना है. टाटीसिलवे में भागवत कथा के दौरान हर दिन लोगों की भक्ति देखने को मिल रही है.जगन्नाथपुर मंदिर से निकलकर इंद्रेश महाराज जेएससीए स्टेडियम पहुंचे. उन्होंने रांची के इंटरनेशनल स्टेडियम की प्रशंसा की और यहां पर विभिन्न पैवेलियनों का अवलोकन किया. साथ ही पूर्व जेपीएससी के चेयरमैन अमिताभ चौधरी पवेलियन के पहले तल्ले की शोकेस का भी अवलोकन किया.

**मौके पर ये रहे मौजूद**

अध्यक्ष रासेश्वर नाथ मिश्रा, सचिव मनोरंजन मिश्रा, कोषाध्यक्ष उमेश प्रसाद, सदस्य धीरेन्द्र त्रिपाठी, बीके सिंह, अरुण मिश्रा, डॉ. अभिषेक रंजन, नवनीत मिश्रा, अनुपम मिश्रा, ब्रजेश सिंह, मंगल गुप्ता समेत अन्य मौके पर मौजूद रहे.

## महागठबंधन की बैठक में बनेगी विपक्ष को घेरने की रणनीति



**रांची।** झारखंड विधानसभा का बजट सत्र 24 फरवरी से शुरू होगा. इसको लेकर महागठबंधन की बैठक 23 फरवरी को हो सकती है. विधायक दल की नेताओं की बैठक मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की अध्यक्षता में कांके रोड स्थित सीएम आवास में होगी. बैठक में विपक्ष को घेरने की रणनीति बनाई जाएगी. वहीं गठबंधन विधायक दल की बैठक से ठीक पहले कांग्रेस विधायक दल की बैठक होगी, जिसमें कांग्रेस प्रदेश प्रभारी के राजू मौजूद रहेंगे. कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष केशव महतो कमलेश ने बताया कि बजट सत्र से पहले 23 फरवरी को दोपहर में पार्टी के विधायक दल की बैठक होगी, जिसके बाद गठबंधन विधायक दल की बैठक मुख्यमंत्री के साथ कांके रोड स्थित सीएम आवास में आयोजित की जाएगी.

## झारखंड के कॉलेजों में रिसर्च प्रोजेक्ट के लिए मिलेगी 10 लाख रुपये तक की राशि, ऐसे होगा चयन

झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।



**रांची:** झारखंड के विश्व विद्यालयों व कॉलेजों में शोध कार्य को बढ़ावा देने के लिए उच्च व तकनीकी शिक्षा विभाग ने रिसर्च प्रोजेक्ट के तहत राशि देने का निर्णय लिया है. विभाग ने दो लाख रुपये से 10 लाख रुपये तक का रिसर्च प्रोजेक्ट तैयार किया है, ताकि शिक्षक/शोधार्थी/वैज्ञानिक इस पर कार्य कर सकते हैं. इसमें माइनर प्रोजेक्ट के तहत 12 माह के लिए दो लाख रुपये का बजट निर्धारित किया गया है. इसी प्रकार मेजर प्रोजेक्ट के तहत 24 माह के लिए पांच लाख रुपये का बजट निर्धारित किया है. जबकि लांग टर्म प्रोजेक्ट के तहत 36 माह के लिए 10 लाख रुपये बजट का प्रावधान रखा गया है. उच्च व तकनीकी शिक्षा विभाग ने इसके लिए गाइडलाइन जारी कर दी है. विभाग ने इसकी मॉनिटरिंग का जिम्मा जेसीएसटीआइ को दिया है.

**जेसीएसटीआई साल में दो बार आवेदन मांगेगा**

नयी गाइडलाइन के तहत झारखंड में रिसर्च प्रोजेक्ट के लिए जेसीएसटीआइ द्वारा साल में दो बार आवेदन मांगेगा. यह माह प्रति वर्ष जुलाई व दिसंबर का होगा. प्रोजेक्ट लेनेवाले शिक्षक/वैज्ञानिक/शोधार्थी ऑनलाइन आवेदन व शोध प्रस्ताव जमा करेंगे. इसके लिए निर्धारित फॉर्मेट रहेगा. ऑनलाइन आवेदन जमा करने के बाद इसकी हार्ड कॉपी ऑनलाइन आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि से 15 दिन के अंदर संबंधित संस्थान में जमा करना होगा. अगर हार्ड कॉपी 15 दिन के अंदर जमा नहीं होती है, तो संबंधित शोध प्रस्ताव व आवेदन को रद्द कर दिया जायेगा. शोध प्रस्ताव व फाइनल रिपोर्ट अंग्रेजी में ही जमा करने होंगे. एक बार में एक ही प्रोजेक्ट के लिए आवेदन करना होगा.

**स्क्रीनिंग कमेटी स्क्रूटनी करेगी**

जमा हुए आवेदन और शोध प्रस्ताव की स्क्रूटनी की जायेगी. इसके लिए जेसीएसटीआइ द्वारा स्क्रीनिंग कमेटी बनायी जायेगी. शार्टलिस्ट उम्मीदवार को प्रजेंटेशन और इंटरैक्शन के लिए बुलाया जायेगा.

**राशि का भुगतान दो समान किस्त में होगा**

प्रोजेक्ट का चयन होने पर उम्मीदवार को राशि का भुगतान दो बार समान किस्त में होगा. जेसीएसटीआइ के पास अधिकार होगा कि वह शोध प्रस्ताव को लांग टर्म/मेजर रिसर्च प्रोजेक्ट/माइनर रिसर्च प्रोजेक्ट में स्थानांतरित कर सकता है. राशि का खर्च फील्ड वर्क/उपकरण/स्टटी मेटेरियल/कंटीजेंसी आदि में किया जायेगा.

## मैट्रिक पेपर लीक मामले में यूट्यूबर पर कार्रवाई की तैयारी

**रांची।** झारखंड एकेडमिक काउंसिल के 10वीं की साइंस परीक्षा का पेपर लीक होने का मामला सामने आया है. यह पेपर 20 फरवरी को परीक्षा से पहले ही वायरल हो गया था. जैक की जांच में इसको सही पाया गया है और हिंदी और विज्ञान की परीक्षा रद्द कर दी गई है.

**कोडरमा के यूट्यूबर पर आरोप**

कोडरमा जिले के एक यूट्यूबर प्रिंस कुमार पर आरोप है कि उसने मैट्रिक का प्रश्नपत्र अपने व्हाट्सएप से वायरल किया था. जैक ने कोडरमा के डीसी को पत्र लिखा है कि इस मामले को गंभीरता से लेते हुए 24 घंटे के अंदर जांच करके कार्रवाई की जाए.

**जैक की कार्रवाई**

जैक के अध्यक्ष नटवा हांसदा ने मीडिया से बात करते हुए बताया है कि आज सुबह 9.45 में जब प्रश्न पत्र खुला तो वायरल प्रश्न पत्र से मिलान किया गया. मिलान में मामला सही पाया गया है. उन्होंने बताया कि मुख्य सचिव अलका तिवारी ने इस बाबत एक हाई लेवल बैठक भी की है.

# झारखंड कांग्रेस कमेटी में अब नहीं चलेगा ये वाला फॉमूर्ला, पार्टी प्रभारी के. राजू का दो टूक

झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।



**रांची :** कांग्रेस संगठन अब नये फॉमूर्ले से तैयार होगा. पार्टी की प्रदेश कमेटी से लेकर दूसरी कमेटियों के गठन को लेकर पार्टी नयी नीति अपनायेगी. इससे कांग्रेस प्रदेश कमेटी में हर बार जगह पाने वाले नेताओं की छुट्टी हो सकती है. इसके साथ ही प्रदेश की जंबो जेट कमेटी नहीं चलेगी. ये बातें पार्टी के नये प्रभारी के राजू ने अध्यक्ष केशव महतो कमलेश के साथ हुई मीटिंग में कही. बताते दें कि कांग्रेस में आमंत्रित और विशेष आमंत्रित सदस्य बनाकर दर्जनों लोगों को शामिल किया जाता है. प्रदेश कांग्रेस के नये प्रभारी के राजू जल्द ही झारखंड दौरे आने वाले हैं. इस दौरान वे मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से भी मुलाकात करेंगे. बोर्ड-निगम के बंटवारे को लेकर भी चर्चा होगी.

**प्रदेश अध्यक्ष ने नये प्रभारी से भेंट की**

कांग्रेस के नव-नियुक्त प्रभारी के राजू से प्रदेश अध्यक्ष केशव महतो कमलेश ने दिल्ली में मुलाकात की. इस मौके पर प्रभारी के राजू ने संगठन का पूरा खाका जाना. फिलहाल कांग्रेस की प्रदेश कमेटी का गठन नहीं हुआ है. लेकिन उन्होंने पिछली कई कमेटियों की जानकारी ली. जातीय और नेताओं की उम्र को लेकर अलग-अलग बात की. प्रभारी के राजू का निर्देश था कि कमेटी छोटी बनायें. नये और युवा चेहरे को आगे लायें. इसके साथ ही प्रदेश की अन्य कमेटियों में जो नेता शामिल हैं, उन्हें दूसरी कमेटी में जगह नहीं मिले.

**पॉलिटिकल अफेयर्स कमेटी वाले प्रदेश की टीम में नहीं रहें**

नये प्रभारी की ओर से कहा गया है कि पॉलिटिकल अफेयर्स कमेटी या अन्य कमेटी में शामिल नेताओं को प्रदेश की टीम में शामिल करने की जरूरत नहीं है. हर कमेटी अलग-अलग काम करें और सब अपना टारगेट पूरा करें. संगठन में भी जिसकी जितनी हिस्सेदारी है, उसकी उतनी भागीदारी का फॉमूर्ला तय हो. ग्रास रूट के नेताओं को आगे बढ़ाया जाये, जिससे कमेटी में जातीय, वर्ग और उम्र का पूरा संतुलन हो जाये. इसके साथ ही जिलाध्यक्षों को लेकर भी जानकारी हासिल की. जिले में भी नये लोगों को आगे लाने की बात कही गयी है. नये प्रभारी ने हर जिले में समर्पित कार्यकर्ता और लंबे समय से पार्टी में जुड़े लोगों को मौका देने की बात कही है.

**बोर्ड-निगम पर भी अध्यक्ष से बात की, सीएम से भी करेंगे बात**

प्रदेश प्रभारी ने कांग्रेस के हिस्से में आये बोर्ड-निगम को लेकर भी प्रदेश अध्यक्ष से चर्चा की. जो बोर्ड निगम कांग्रेस के खाते में आये हैं, उसकी जानकारी ली. इसके साथ ही पार्टी में फिलहाल बांटे गये बोर्ड-निगम के आधार और नेताओं के बारे में जानकारी हासिल की.

## भाजपा की दुविधा: नेता प्रतिपक्ष की नियुक्ति पर सस्पेंस बरकरार



**रांची।** झारखंड विधानसभा चुनाव के नतीजे आने के बाद से ही नेता प्रतिपक्ष की नियुक्ति को लेकर सवाल उठ रहे हैं. भाजपा द्वारा विधायक दल का नेता नहीं चुने जाने के कारण मुख्य सूचना आयुक्त समेत कई महत्वपूर्ण पदों पर नियुक्ति नहीं हो पा रही है. वहीं 24 फरवरी से झारखंड विधानसभा का बजट सत्र भी शुरू होने वाला है.

**दावेदारों की लंबी कतार**

सीपी सिंह और बाबूलाल मरांडी के नाम सबसे आगे हैं. सीपी सिंह को विधायक निधि अनुश्रवण समिति का सभापति मनोनीत किया जा चुका है, जबकि बाबूलाल मरांडी को प्रदेश अध्यक्ष के पद से हटाया जा सकता है. अन्य दावेदारों में कोडरमा विधायक नीरा यादव का नाम भी शामिल है.

**विधायक दल के नेता का चयन**

विधायक दल के नेता का चयन प्रदेश अध्यक्ष को ध्यान में रख कर ही किया जाएगा. दोनों महत्वपूर्ण पदों पर चयन के पहले राजनीतिक स्थिति व सामाजिक समीकरण का भी ध्यान रखा जाना है. भाजपा अब ओबीसी व जनरल वर्ग पर अधिक फोकस करने की तैयारी में है.

**सर्वदलीय बैठक में क्या होगा?**

विधानसभा के बजट के सफल संचालन को लेकर स्पीकर रविंद्र नाथ महतो 21 फरवरी को सर्वदलीय बैठक बुलाएंगे. अब यह देखना होगा कि भाजपा की ओर से स्पीकर किसको बैठक के लिए आमंत्रित करते हैं.

# 16 बच्चे की सेवा,सुरक्षा,30 टीबी मरीज का उपचार और चार मोबाइल क्लीनिक से मानवता की लौ जला रही एमओसी कुंडली

झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।

**आशा की किरण और समर्पण का दूसरा नाम मिशनरीज ऑफ चैरिटी**





**साहिबगंज।** जिले के बरहेट प्रखंड के कुंडली गांव में स्थित है 1985 में स्थापित मिशनरीज ऑफ चैरिटी।इसकी स्थापना स्वयं मदर टेरेसा ने आकर की थी।इस क्षेत्र के लिए देवदूत की भूमिका निभा रही है यहां कार्य करने वाले सिस्टर और अन्य कर्मियों की टीम।सिस्टर बिनु जोश बताती हैं वर्तमान समय में मिशनरी ऑफ चैरिटी कुंडली में 30 टीबी पेशेंट की देखभाल हो रही है।इसमें 15 पुरुष और 15 महिलाएं हैं।इसके अतिरिक्त 16 बच्चे जिसमें 8 बालक और 8 लड़कियां हैं।उनकी भी देखभाल यहां की जा रही है।यह वह बच्चे हैं जो गरीब और समाज के अंतिम तबके से आते हैं।अधिकांश आदिवासी समाज के हैं।इनकी माता जन्म देने के साथ ही देहांत कर जाती हैं और परिवार को लालन पालन में कठिनाई आती है तो हम उनकी सेवा स्वास्थ्य और सुरक्षा की जिम्मेवारी देते हैं।ममता की छांव में यह बच्चे बहुत तेजी से स्वस्थ स्थिति में आ जाते हैं।वह बताती हैं की बाल कल्याण समिति साहिबगंज के प्रयास से ही हम लोगों को निबंध नहीं होने की स्थिति में फिट फैसिलिटी संस्था के रूप में मान्यता दी गई है।इसके अतिरिक्त चार मोबाइल क्लीनिक का भी संचालन इन लोगों के द्वारा किया जाता है।यह मोबाइल क्लीनिक क्षेत्र में प्रत्येक 15 दोनों पर किसी न किसी गांव में जाता है और वहां बीमार लोगों की देखभाल करता है दवाइयां देता है।इस मोबाइल क्लीनिक में दो सिस्टर होती हैं जो पारामेडिकल का कोर्स पूरा किए हुए हैं और वहां समाज में बीमार व्यक्तियों जांच करती हैं उन्हें जरूरत के अनुसार दवाई भी देती हैं।समाज में यह लोग स्वच्छता,स्वच्छ भोजन,स्वच्छ पेयजल और अच्छे जीवन यापन का प्रचार प्रसार भी करती हैं।समय पर बच्चों का टीकाकरण गर्भवती माता का टीकाकरण और जन्म के समय अस्पताल की सेवा लेने के संबंध में विस्तार से जानकारी भी देती हैं।टीबी रोगियों की सेवा में लगी सिस्टर बताती हैं कि हम लोग उनके भोजन,पानी की व्यवस्था भी स्वयं करते हैं।गंभीर रूप से ग्रस्त यदि कोई रोगी आता है तो उसे एक माह के लिए विशेष कक्ष में रखते हैं।और पूरे 6 माह तक रोगियों को रखकर सेवा की जाती है।2024 में लगभग 200 के आसपास टीवी मरीजों की सेवा की गई है।दूसरी तरफ 2024 में 1000 से अधिक विभिन्न गांव में मोबाइल क्लीनिक के द्वारा रोगियों की जांच की गई है और दवाई दी गई है।सिस्टर बताती हैं कि क्षेत्र में जनप्रतिनिधियों का प्रधानों का भी सहयोग मिलता है।हम लोग कम सुविधाओं में भी काम कर रहे हैं।हम अपना जीवन इस अत्यंत पिछले क्षेत्र के लोगों की सेवा सुरक्षा और स्वास्थ्य के लिए समर्पित कर दिए हैं।भगवान का आशीर्वाद के रूप में हम लोग काम करते हैं।

**जरूरत**-उन्होंने कहा कि हम लोगों की सबसे बड़ी समस्या बिजली बिल है और कोयले की उपलब्धता है।चैरिटी के द्वारा ही हम लोग रोगियों को,अत्यंत गरीब लोगों को और बच्चों के लिए भोजन की भी व्यवस्था करते हैं।यदि सोलर सिस्टम मिल जाए तो हम लोगों को बहुत कार्य करने में आसानी हो जाएगी।बच्चों को खेलने के लिए सामान की उपलब्धता और यहां जो रोगी रहते हैं उनके मनोरंजन के लिए टीवी वगैरह की व्यवस्था हो जाए तो बहुत अच्छा रहेगा।मिशनरीज ऑफ चैरिटी संस्था का निबंध भी आवश्यक है।वह राज्य स्तर पर अभी तक नहीं हो पाया है।सीमित संसाधन में काम करते हैं कहीं से किसी प्रकार की कोई सहायता नहीं मिलती है।बीच-बीच में एनटीपीसी और कौशल्या ज्योति ट्रस्ट के द्वारा हम लोगों को जरूर की सामग्री उपलब्ध कराई जाती है।कौशल्या ज्योति ट्रस्ट के अध्यक्ष और बाल कल्याण समिति के सदस्य डॉ सुरेंद्रनाथ तिवारी ने बताया कि ईश्वर के दूत के रूप में इस क्षेत्र में कार्यरत हैसच्ची सेवा का कार्य देखना है तो उनके कार्यों को देखिए।संस्था प्रत्येक वर्ष गर्म वस्त्र,बच्चों के खेलकूद की सामग्री,दैनिक उपयोग की सामग्री भोजन सामग्री और उनके लिए जो भी हो पता है उपलब्ध कराती है।निबंध नहीं होने की स्थिति में बाल कल्याण समिति ने जेजे एक्ट के नियम 27(4) के तहत प्रारूप 39 में 8/ 8/2024 से दो वर्षों के लिए फिट फैसिलिटी संस्था के रूप में मान्यता दी है।

**आधुनिकता से दूर**-यह सिस्टर्स अभी भी आधुनिकता से दूर हैं।इनके पास कोई एंड्रॉयड फोन नहीं होता। टीवी नहीं है अभी भी चावल ढेकी में कूट कर तैयार किया जाता है।चैरिटी के द्वारा जर्मनी से बच्चों के लिए पौष्टिक बिस्किट प्राप्त होता है उसे भी ढेकी में कूट कर लिक्विड के रूप में दिया जाता है।सिस्टर बिनु जोस के अलावे सिस्टर क्रिस्टोरिया,सिस्टर समीरा,सिस्टर संजीवा सिस्टव्र फ्लिप नेरी,सिस्टर इरेना अपनी सेवा इस क्षेत्र को दे रही हैं।

## ट्रक के धक्के से मिजाचौकी रेलवे फाटक हुआ क्षतिग्रस्त



**मंडरो/साहिबगंज।** मिजाचौकी रेलवे फाटक 2/सी गेट में बुधवार को देर शाम एक ट्रक अनियंत्रित होकर रेलवे फाटक में टकरा जाने से रेलवे फाटक क्षतिग्रस्त हो गया। जिनको लेकर मिजाचौकी फाटक पर जाम के हालत उत्पन्न हो गई एवं आवास गमन पूरी तरह से बाधित हो गई।वही इसकी जानकारी आरपीएफ एवं स्टेशन प्रबंधक को दी गई।जिसपर त्वरित कार्रवाई करते हुए ट्रक को जब्त किया गया गाड़ी संख्या बी आर 11जीबी6305 के चालक को पकड़ कर मिजाचौकी स्टेशन लाया गया एवं उचित कार्रवाई हेतु आरपीएफ ने चालक रितेश कुमार को साहिबगंज भेज दिया वही टूटे हुए गेट को ठीक कर अवागमन बहाल किया गया। मौके पर आरपीएफ मनीष कुमार व अन्य आरपीएफ स्टाफ व रेल कर्मी उपस्थित थे।

## आरपीएफ यात्रियों के बीच चलाया गया जागरूकता अभियान



**मंडरो/साहिबगंज।** मिजाचौकी रेलवे स्टेशन परिसर पर आरपीएफ एएसआई मंगल हांसदा के नेतृत्व में यात्रियों के बीच चलाया गया जागरूकता अभियान। जिसमें बताया गया कि स्टेशन व ट्रेन में जुआ, शराब का सेवन नहीं करना है। कोई भी व्यक्ति कुछ खाने दे नहीं लेना है। रेल यात्रियों को चलती ट्रेन पर पत्थर फेंकने चेन पुलिंग कर ट्रेन को रोकने गैर कानूनी रूप से रेलवे ट्रैक को क्रॉस करने और रेलवे ट्रैक के आसपास मवेशी बढ़ने के विरुद्ध जागरूक किया गया।वही आगेह बताया की रेल यात्रियों को कहा गया है की चलती ट्रेन में पत्थर फेंकने से ट्रेन में यात्रा करने वाले रेल यात्री घायल हो सकते हैं और ऐसा करने वालों के विरुद्ध दंडात्मक कार्रवाई का भी प्रावधान है इसकी अतिरिक्त चलती ट्रेन को चेन पुलिंग का रोकना एक धन्य अपराध है ।

### तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम की हुई शुरूआत

## अब पंचायत सचिवालय में होगी मनरेगा योजना अंतर्गत सभी प्रकार के कार्य: बीडीओ

झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।



**उधवा/साहिबगंज।** प्रखंड सभागार में गुरुवार को मनरेगा योजनाओं के सफल क्रियान्वयन हेतु प्रखंड स्तरीय तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम की शुरूआत हुई। कार्यक्रम का शुभारंभ बीडीओ सह सीओ जयंत कुमार तिवारी, पंचायत सचिव जनकदेव यादव एवं मुखियाओं ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया।कार्यक्रम में ग्राम पंचायत के मुखिया, पंचायत सचिव व पंचायत तकनीकी विशेषज्ञ शामिल हुए। इस दौरान मनरेगा योजनाओं के सफल क्रियान्वयन को लेकर प्रशिक्षण दिया गया। इस दौरान बीडीओ सह सीओ ने कहा कि पंचायत सचिवालय में मनरेगा अंतर्गत सभी प्रकार के कार्य का निष्पादन किया जाएगा। कहा कि मुखिया की निगरानी में पंचायत के सभी प्रकार के मनरेगा योजना का काम पंचायत सचिवालय में होगी।जिसका तीन दिवसीय प्रशिक्षण प्रखंड सभागार में हुई शुरूआत। मुखिया व पंचायत सचिव के निगरानी में सभी प्रकार का कार्य प्रज्ञा संचालक करेगी। कहा कि विगत 21 अगस्त को प्रखंड स्तरीय तीन दिवसीय प्रशिक्षण की तिथि निर्धारित की गई थी,परंतु राज्य स्तरीय मुखिया , एवं पंचायत सचिवों के हड़ताल में चले जाने के कारण कार्यक्रम नही हो सकी थी। जिसके बाद नए सिरे से प्रशिक्षण कार्यक्रम निर्धारित किया गया। मौके पर पंचायत सचिव जनकदेव यादव, मुखिया मैदी हांसदा, प्रियंका कुमारी, जियाउल हक, नफीसा खातून,गुलनाज खातून ,सीता पहाड़ीन, अचिन्तो मंडल, उदय मंडल, अताउर रहमान, सैदूल रहमान, मसीउर रहमान ,सीटू शेख, ताजेरुल हक, यासीन शेख, महबूब आलम,आदि उपस्थित थे।

## अनियंत्रित हो कर पलटा ई-रिक्शा , बाल-बाल चालक और सवारी

**साहिबगंज।** राजमहल-मंगलहाट फोर लाइन सड़क पर जादवाटोली गांव के पास बुधवार की देर शाम को एक ई-रिक्शा पलटने से इसमें सवार पांच सवारियां बाल-बाल बच गईं। ई-रिक्शा पलटने के बाद स्थानीय ग्रामीणों ने मदद करके सबको सुरक्षित बाहर निकाला और ई-रिक्शा को सीधा खड़ा किया। गनीमत रही कि सभी यात्रियों को मामूली चोटें आई हैं।वही ई-रिक्शा पलटने से सभी यात्रि सवारी सहम गया था।ई-रिक्शा पर सवार सभी लोग की पहचान राजमहल थाना क्षेत्र के मुड़ माला की गांव की बताई जा रही है. सभी लोगों की इलाज नजदीकी क्लीनिक में किया गया.

## टाऊन हॉल के पीछे डिजनीलैंड मेला 22 फरवरी से शुरू




**साहिबगंज।** शहर के पोखरिया टाउन हॉल के पीछे 22 फरवरी से डिजनीलैण्ड मेला का शुरूआत होगा।जिसकी जानकारी मेला प्रबंधक रंजीत साह ने मीडिया को दी।उन्होंने बताया कि इस बार मेला में स्विट्जरलैंड,दुबई सिटी कार्निबल का आनन्द लोगो को देखने को मिलेगा।उन्होंने बताया कि मेला में प्रत्येक राज्य से बहुत सारी वस्तुऐं मुम्बई का चप्पल, कोलकता का जेवलरी सहित अन्य समान उचित मूल्य में लोगो को मिलेगा।वही रंजीत साह ने बताया कि मेला में ब्रेक डांस,ड्राइग्न ट्रेन राइड्स,सांइस का अविष्कार थ्री डी शो के आलावे बहुत सारा आइटम मेला में मिलेगा।मौके पर मेला प्रबंधक रंजीत साह के आलावे विप्लव चक्रवती,सुबीर साह,कृष्णनंद पटेल,कमल विश्वास सहित अन्य लोग मौजूद थे।

## विश्व सामाजिक न्याय दिवस पर मॉडल कॉलेज, राजमहल में जागरूकता कार्यक्रम का हुआ आयोजित

झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।



**साहिबगंज।** मॉडल कॉलेज, राजमहल में गुरुवार को विश्व सामाजिक न्याय दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर कॉलेज के प्राचार्य डॉ. रणजीत कुमार सिंह की अध्यक्षता में एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। अपने अध्यक्षीय संबोधन में डॉ. रंजीत सिंह ने कहा, ₹सामाजिक न्याय केवल एक विचार नहीं, बल्कि एक अधिकार है, जो हर व्यक्ति को समान दृष्टि से देखता है, चाहे जाति, धर्म, लिंग या आर्थिक स्थिति कुछ भी हो, न्याय सबके लिए समान होना चाहिए। प्राचार्य डॉ. रंजीत सिंह ने इस दिन के ऐतिहासिक महत्व को रेखांकित करते हुए बताया कि 1950-60 में अमेरिका में श्वेत-अश्वेत भेदभाव के खिलाफ पहला बड़ा आंदोलन हुआ। 1995 में डेनमार्क के कोपेनहेगन में सामाजिक विकास सम्मेलन आयोजित किया गया। 2005 में संयुक्त राष्ट्र ने कोपेनहेगन घोषणा की समीक्षा की। 26 नवंबर 2007 में संयुक्त राष्ट्र महासभा ने आधिकारिक रूप से 20 फरवरी को ₹विश्व सामाजिक न्याय दिवस₹ घोषित किया। 2009 में पहली बार इस दिवस को वैश्विक स्तर पर मनाया गया। डॉ. रंजीत सिंह ने कहा कि भारतीय संविधान हर नागरिक को राजनीतिक, आर्थिक और सामाजिक न्याय का अधिकार देता है, जिससे हर व्यक्ति सम्मान और स्वतंत्रता के साथ जीवन जी सके। कार्यक्रम के अंत में प्राचार्य डॉ. रणजीत सिंह ने सभी को संकल्प दिलायाः ₹हम समाज में न्याय, समानता और समावेशिता को बढ़ावा देंगे, क्योंकि सामाजिक न्याय हर व्यक्ति का अधिकार है, और इसे सुनिश्चित करना हमारा कर्तव्य है। कार्यक्रम का कुशल संचालन डॉ. रमजान अली ने किया। इस अवसर पर मोहन सिंह, सुमित साहा, कर्मु महतो, बबलू हेंब्रम सहित दर्जनों छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

## विद्युत चोरी मामले में दस लोगों के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज




**उधवा/साहिबगंज।** विद्युत चोरी की रोकथाम को लेकर विद्युत कनीय अभियंता चंदन कुमार ने राधानगर थाना क्षेत्र के विभिन्न क्षेत्रों में गुरुवार को छापेमारी अभियान चलाया। इस दौरान बिजली विभाग की टीम ने दक्षिण सरफराजगंज पंचायत अंतर्गत मनिहारी,गोहलबाड़ी एवं इंग्लिश गांव में बिजली चोरी की रोकथाम को लेकर छापेमारी की। छापेमारी के दौरान बिजली विभाग कि टीम ने दस लोगों को बिजली चोरी करते हुए पाया। मामले को लेकर राधानगर थाना में दस लोगों के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज की गई है। छापेमारी के दौरान बिजली विभाग की टीम ने मनिहारी टोला, इंग्लिश गोहलबाड़ी गांव के दस लोगों के घरों में छापेमारी की,कनीय विद्युत अभियंता ने बताया कि छापेमारी के दौरान उनलोग टोका लगाकर अवैध रूप से बिजली चोरी करते पाए गए थे। मामले को लेकर देर शाम को कनीय विद्युत अभियंता चंदन कुमार ने राधानगर थाना में लिखित शिकायत दर्ज कराया था। इसके बाद, राधानगर पुलिस ने कनीय विद्युत अभियंता के बयान पर दस लोगों के खिलाफ राधानगर थाना कांड संख्या 50/25 के तहत दस लोगों के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज की है। बिजली विभाग की टीम ने उक्त सभी लोगों पर अलग से जुमार्ना भी लगाया है।

## मिजाचौकी पुलिस ने एक अभियुक्त को गिरफ्तार कर भेजा जेल

**मंडरो/साहिबगंज।** मिजाचौकी थाना क्षेत्र अंतर्गत एक अभियुक्त को पुलिस ने गिरफ्तार किया। मिली जानकारी के अनुसार मिजाचौकी थाना कांड संख्या 09,/25 दिनांक 20 फरवरी 2025 धारा 308/2/109/352/351/2/ 126(2)/3(5)/117(2) बीएनएस के प्राथमिकी अभियुक्त मो सोहराब अंसारी उम्र 23 वर्षीय, पिता स्वर्ग कयूम अंसारी, साकिन तेतरिया, जिला साहिबगंज के रहने वाले को पुलिस ने विधिवत तरीके से गिरफ्तार कर चिकित्सा जांच के लिए सदर अस्पताल साहिबगंज लाया गया। जहां ड्यूटी में तैनात डॉक्टर ने चिकित्सा जांच किया, जांच के उपरांत अभियुक्त को पुलिस ने न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।

## संजय कुमार मिश्रा उर्फ बबलु मिश्रा बने झामुमो मंडरो प्रखंड सचिव



**मंडरो/साहिबगंज।** झामुमो जिला संयोजक प्रमुख पंकज मिश्रा ने मंडरो प्रखंड कमिटी सचिव के रूप में संजय कुमार मिश्रा उर्फ बबलु मिश्रा को नियुक्त किया है। उन्हें मंडरो प्रखंड जेएमएम के कार्यकताओं ने बधाई दिया है। वही मंडरो प्रखंड सचिव बनने पर संजय कुमार मिश्रा उर्फ बबलु मिश्रा ने कहा की बूथ स्तर पर संगठन को मजबूत करना, कार्यकताओं के साथ समन्वय स्थापित कर संगठन का कार्य करना तथा झारखंड सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं को समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने में प्रशासनिक पदाधिकारियों को सहयोग करना उनकी पहली प्राथमिकता है। वही नवनियुक्त मंडरो प्रखंड सचिव संजय कुमार मिश्रा उर्फ बबलु मिश्रा ने झामुमो जिला संयोजक प्रमुख पंकज मिश्रा एवं राजमहल लोकसभा सांसद विजय हांसदा को धन्यवाद दिया।

# बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना को लेकर बच्चियों को किया गया जागरूक

झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।



**तीनपहाड़/साहिबगंज।** जिला समाज कल्याण विभाग अंतर्गत समाज कल्याण पदाधिकारी श्रीमती चित्रा यादव के निदेर्शानुसार मंथन संस्था एवं चाइल्डलाइन के द्वारा बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ अभियान को लेकर कस्तूरबा बालिका आवासीय विद्यालय राजमहल में बच्चों के बीच जागरूकता कार्यक्रम किया गया । कार्यक्रम को नेतृत्व करते हुए जिला बाल संरक्षण पदाधिकारी पूनम कुमारी ने बताया कि 2015 में, भारत सरकार ने देश में शिक्षा,लैंगिक भेदभाव और महिला सशक्तिकरण के बारे में चिंताओं को दूर करने के लिए बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ योजना की शुरूआत की गई थी।बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ की शुरूआत प्रधान मंत्री ने 22 जनवरी 2015 को पानीपत, हरियाणा में की थी। बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना से पूरे जीवन-काल में शिशु लिंग अनुपात में कमी को रोकने में मदद मिलती है,महिलाओं के सशक्तीकरण से जुड़े मुद्दों का समाधान होता है, आर्थिक विकास में सुधार स्वास्थ्य एवं पोषण सुधार अगली पीढ़ी की शिक्षा सामाजिक सुधार एवं देश की प्रगति होती। वहीं उन्होंने बच्चों के बीच जानकारी साझा कर बताया कि अगर रास्ते ट्रेन या किसी अन्य जगहों पर वह खुद को सुरक्षित महसूस नहीं कर रहे हैं तो वह चाइल्ड हेल्पलाइन नंबर 1098,बाल संरक्षण पदाधिकारी, बाल कल्याण समिति या नजदीकी पुलिस को सूचना दे सकते हैं जीसके बाद उन्हें हर संभव मदद की जाएगी।वही मंथन संस्था के समन्वयक अमन वर्मा ने बताया कि बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ का मुख्य उद्देश्य है कि बालिकाओं के बीच सशक्तिकरण लाना उन्हें मजबूत बनाना जिससे वह आगे चलकर किसी भी समस्याओं से लड़ सके और खुद को एक अच्छे मुकाम हासिल कर सके। वही कार्यक्रम को आगे बढ़ते हुए स्कूल में मौजूद प्रोजेक्टर से बच्चों के बीच बाल विवाह, बाल शोषण,बाल तस्करी,एवं पोक्सो एक्ट से संबंधित वीडियो भी दिखाए गए और एक्ट से संबंधित जानकारियां दी गई, कार्यक्रम के अंत में बच्चों के बीच शपथ ग्रहण करवाया गया एवं 5 फलदाई वृक्ष रोपण भी किया गया। मौके पर इकबाल अंसारी,संजीव कुमार, नाहिद परवीन, रूबी कुमारी,अंशु मालाकार, सबनम परवीन आदि मौजूद रहे।

## सेविका एवं सहीका को मुख्यमंत्री मैया सम्मान योजना की सत्यापन के लिए मिला फार्म



**साहिबगंज।** राजमहल प्रखंड सभागार में जिला परिषद सदस्य सह झामुमो संयोजक मंडली सदस्य अब्दुल बारीक के निर्देश पर गुरुवार को बैठक आयोजित की गई। जिसकी अध्यक्षता प्रखंड विकास पदाधिकारी ने किया वही बैठक में सेविका एवं सहीका को मुख्यमंत्री मैया सम्मान योजना की सत्यापन के लिए अधिक मात्रा में फार्म उपलब्ध कराया गया एवं मुख्यमंत्री मैया सम्मान योजना के बारे में जानकारी दिया गया। सीडीपीओ द्वारा सेविकाओं को यह निर्देश दिया गया कि आवेदन प्राप्त करके जल्द से जल्द जमा करने को कहा गया। साथी ही कहा की जितने सेविका एवं सहीका बैठक में उपस्थित नहीं हुए उन पर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

# फाइलेरिया उन्मूलन अभियान की सफलता को लेकर अनुमंडल पदाधिकारी ने विभिन्न धर्मावलंबियों के धर्म गुरुओं के साथ की बैठक

यासिर अराफात @झारखंड उजाला ब्यूरो

**मन्दिरों में आयोजित होने वाले पूजा-अर्चना मस्जिदों में अदा होने वाले नमाज और चर्च में आयोजित होने वाले प्रार्थनाओं में सामुहिक रूप से श्रद्धालुओं को फाइलेरिया रोग मुक्त बनाने के लिए जन- जन को जागरूक करते हुए फाइलेरिया से बचाव और दवा खाने के लिए ग्रामीणों को प्रेरित करने को कहा गया**




**पाकुड़ :** फाइलेरिया उन्मूलन अभियान को सफल बनाने हेतु गुरूवार को लिट्टीपाड़ा प्रखंड कार्यालय के सभागार में अनुमंडल पदाधिकारी साईमन मरांडी की अध्यक्षता में प्रखंड के सभी धर्मों के धर्म गुरुओं यथा पंडित, पुजारी गुरु बाबा, मौलवी, इमाम, चर्च मिशन के सिस्टर एवं समाजसेवियों के साथ बैठक की।बैठक में अनुमंडल पदाधिकारी ने सबों से सहयोग की अपील करते हुए कहा कि प्रखंड क्षेत्र में आगामी 10 से 25 फरवरी तक फाइलेरिया उन्मूलन अभियान चलाया जा रहा है।लोगों को इस बीमारी से बचाव के लिए ए.एन.एम, स्वास्थ्य सहिया, एम.पी.डब्ल्यू , सी.एच.ओ एवं आंगनबाड़ी सेविका द्वारा दवा खिलाई जा रही है। इस अभियान के तहत लिट्टीपाड़ा प्रखंड को फाइलेरिया रोग मुक्त बनाने का संकल्प लिया गया है। उन्होंने इस अभियान को सफल बनाने के लिए मन्दिरों में आयोजित होने वाले पूजा-अर्चना मस्जिदों में अदा होने वाले नमाज और चर्च में आयोजित होने वाले प्रार्थनाओं में सामुहिक रूप से श्रद्धालुओं को फाइलेरिया रोग मुक्त बनाने के लिए जन- जन को जागरूक करते हुए फाइलेरिया से बचाव और दवा खाने के लिए ग्रामीणों को प्रेरित करने को कहा गया। वहीं प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ मुकेश बेसरा ने बताया कि फाइलेरिया को आमतौर पर हांथी पाँव के नाम से जाना जाता है। यह बीमारी मच्छर के काटने से होता है। फाइलेरिया दूसरी सबसे ज्यादा विकलांग एवं कुरूपता कराने वाली बीमारी है। यह शरीर के और भी अंगो को प्रभावित करता है जैसे हाँथ, पैर, स्तन और हाइड्रोसील। इस दवा को दो साल के छोटे बच्चों,गर्भवती महिलाओं एवं गंभीर रूप से बीमार व्यक्तियों को यह दवा नहीं देना है। यह दवा खाली पेट नही खानी है। सभी दवाईयों का सेवन एक बार में ही करने की सलाह दी। उन्होंने कहा कि कुछ लोगों पर दवा खाने से मामूली प्रतिकुल प्रभाव हो सकता है जैसे सरदर्द, उल्टी, चक्कर, बुखार, दस्त इत्यादि जिससे घबराने की नही बल्कि खुश होने की जरूरत है क्योंकि आपके शरीर के अन्दर के कीड़े फाइलेरियारोधी दवा खाने से मर रहे है। इस बैठक में मुख्य रूप से प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी रफीक आलम, अमिताभ झा, प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी मानिक चंद्र दास, प्रखंड कल्याण पदाधिकारी के. सी. दास, महिला पर्यवेक्षिका सोनाली सहित सठिया मिशन की सिस्टर किरण तिर्की, मार्शला एक्का, इमाम और मौलाना ताहिर आलम, शराफत अंसारी मों. मोइनुद्दीन अंसारी, समाजसेवी निजाम अंसारी, रशीद अंसारी, मालिक अस्तर, नाजिर हुसैन गुरु बाबा पुजारी जमीन हेम्ब्रम सहित काफी संख्या में सभी धर्मावलंबियों के धर्म गुरु एवं समाजसेवी उपस्थित थे।

## हिरणपुर - बरहरवा मुख्य मार्ग पर सड़क हादसे में युवक की इलाज के दौरान हुई मौत

**यासिर अराफात @झारखंड उजाला ब्यूरो**

**पाकुड़ :**( हिरणपुर ) जिले में सड़क हादसा रुकने का नाम नहीं ले रहा है हर रोज पाकुड़ जिला में कई सड़क दुर्घटनाएं हो रही है. इसी बीच एक और सड़क हादसा का मामला सामने आया है.जिले के हिरणपुर थाना क्षेत्र के हिरणपुर- बरहरवा मुख्य मार्ग बड़ा केंदुआ के समीप बुधवार देर शाम बाइक दुर्घटना से इलाज के दौरान व्यक्ति की मौत हो गई। जिसकी शिनाख्त रांगा थाना क्षेत्र के केंदुआ (विशनपुर) निवासी संग्राम हेम्ब्रम(55) के रूप में हुई। मिली जानकारी के अनुसार मृतक व्यक्ति अपने गांव में सोहराय पर्व को लेकर बड़ा केंदुआ गांव में अपने बेटी को निमंत्रण के लिए पैदल ही आ रहे था । इसी दौरान विपरीत दिशा से बाइक संख्या जेएच18ए/ 5554 तेज रफ्तार से धक्का मार दिया। वहीं चालक घटनास्थल पर मोटरसाइकिल छोड़कर फरार हो गया। इस दुर्घटना में संग्राम हेम्ब्रम गंभीर रूप से घायल हो गए. इसकी सूचना मिलते ही मौके पर पहुंचे थाना के एएसआई किशोर टुडू दलबल के साथ पहुंचकर घायल को सोनाजोडी सदर अस्पताल पहुंचाया। जिसकी प्राथमिक इलाज के बाद फूलो झानो मेडिकल कॉलेज दुमका रेफर कर दिया गया. इसके बाद इलाज के दौरान गुरुवार अहले सुबह उनकी मौत हो गई। उधर, घटना की सूचना मिलते ही गुरुवार को मृतक के दामाद बड़ा केंदुआ निवासी मंगल किस्कु एवं इनके परिजन दुमका मेडिकल कॉलेज पहुंचे। इस बावत थाना प्रभारी रंजन कुमार सिंह ने बताया कि घायल व्यक्ति की इलाज के दौरान मौत हुई है। वहीं घटनास्थल से बाइक जब्त कर इसकी पहचान की जा रही है। घटना को लेकर परिजनों के शिकायत पर अग्रतर कार्रवाई की जाएगी।

## उपायुक्त व पुलिस अधीक्षक ने मैट्रिक एवं इंटर की चल रही परीक्षाओं का लिया जायजा

**यासिर अराफात @झारखंड उजाला ब्यूरो**

**पाकुड़ :** उपायुक्त मनीष कुमार व पुलिस अधीक्षक प्रभात कुमार ने सीएम एसओई गर्ल्स एवं बिल्टु मध्य विद्यालय परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण किया। उन्होंने केंद्र पर उपलब्ध मूलभूत सुविधाओं और सीसीटीवी कैमरे के माध्यम परीक्षा संचालन का जायजा लिया। उपायुक्त ने केंद्राधीक्षकों सहित परीक्षा कार्य में लगे अन्य अधिकारियों एवं शिक्षकों को पूरी पारदर्शिता के साथ परीक्षा संपन्न करने का निर्देश दिया। साथ ही उन्होंने झारखंड अधिविध परिषद द्वारा जारी नियम का अनुपालन सुनिश्चित कराते हुए परीक्षा आयोजित करने का निर्देश दिया।

## फाइलेरिया / हाथी पांव वाली बीमारी उन्मूलन अभियान के तहत बाईक रैली निकालकर लोगों को किया गया जागरूक

यासिर अराफात @झारखंड उजाला ब्यूरो

**अभी भी समय है इस बीमारी से बचने के लिए दवाई जरुर खाएं, जिसे हुआ है उसे ही पता है इस बीमारी का दुष्परिणाम**



**पाकुड़ :** फाइलेरिया कार्यक्रम के सफल क्रियान्वयन को लेकर उपायुक्त मनीष कुमार, पुलिस अधीक्षक प्रभात कुमार एवं सिविल सर्जन डॉ मंटू कुमार टेकरीवाल ने बाईक रैली के माध्यम से समस्त जिलावासियों को फाइलेरिया की गोली खाने का दिया संदेश। फाइलेरिया मुक्त पाकुड़ बनाने में अपना बहुमूल्य योगदान दें।फाइलेरिया उन्मूलन अभियान को प्रभावी बनाने के लिए गुरुवार को समाहरणालय परिसर से बाईक रैली निकाली गई। इस रैली को उपायुक्त मनीष कुमार व उप विकास आयुक्त महेश कुमार संथालिया ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। ये रैली समाहरणालय परिसर से शुरू होकर रेलवे स्टेशन तक आयोजित की गई। उपायुक्त मनीष कुमार व पुलिस अधीक्षक प्रभात कुमार , सिविल सर्जन डॉ मंटू कुमार टेकरीवाल,स्वास्थ्य विभाग के पदाधिकारी, कर्मी, जिला प्रशासन के अधिकारियों एवं कर्मियों ने भाग लिया और लोगों को फाइलेरिया से बचाव के प्रति जागरूक किया। उपायुक्त मनीष कुमार ने पाकुड़वासियों से कहा कि अगर आपने अभी तक दवाई नहीं खाई है तो घर में नही रहिये, आइये निकलिए और दवाई खाकर फाइलेरिया मुक्त पाकुड़ बनाने में अपना बहुमूल्य योगदान दें। उन्होंने सभी लोगों से भी अपील किया कि खुद भी डीईसी और एल्बेंडाजोल की दवा का सेवन करें। साथ ही अपने माता-पिता समेत अन्य परिजनों, मित्रों, पड़ोसियों को भी दवा का सेवन करने के लिए प्रेरित करें,ताकि फाइलेरिया उन्मूलन के विरुद्ध अभियान में जन- जन की सहभागिता सुनिश्चित किया जा सके। उपायुक्त ने कहा कि जिले के 80 प्रतिशत लोग दवा खा चुके हैं। बचे हुए 20 प्रतिशत लोग भी दवा जरूर खाएं। पुलिस अधीक्षक प्रभात कुमार ने कहा कि प्रत्येक व्यक्ति को दवा खाना बहुत जरूरी है। इसका कोई साइड इफेक्ट नहीं है। उन्होंने कहा कि मेरे तीन साल के बच्चे हैं उसने भी दवा खाया है अब सभी डरे नहीं फाइलेरिया मुक्त पाकुड़ बनाने के लिए दवा जरूर खाएं। आप सभी उपस्थित लोग भी अपने आसपास परोस के लोगों को जागरूक करें।

## भाजपा नेता हिसाबी राय ने रेखा गुप्ता को दिल्ली की नई मुख्यमंत्री बनने पर दी बधाई



**यासिर अराफात @झारखंड उजाला ब्यूरो**

**पाकुड़ :** भाजपा पाकुड़ जिला के वरिष्ठ नेता हिसाबी राय ने रेखा गुप्ता को दिल्ली के नए मुख्यमंत्री बनने पर बधाई दी है। श्री राय ने कहा कि रेखा गुप्ता के नेतृत्व में डबल इंजन की भाजपा सरकार विकास की नई ऊंचाइयों को स्पर्श करते हुए सुरक्षा व्यवस्था और सुशासन के आदर्श मानक स्थापित करेगी।आगे श्री राय ने कहा कि रेखा गुप्ता को दिल्ली के मुख्यमंत्री पद शपथ लेने पर हृदय तल से बधाई और मंगलकामनाएं।आशाएं नहीं पूर्ण विश्वास है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के यशस्वी मार्गदर्शन और अपने कुशल नेतृत्व में राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली डबल इंजन की भाजपा सरकार की लोक कल्याणकारी नीतियों के साथ समग्र विकास की नई ऊंचाइयों को स्पष्ट करते करेगी।आगे उन्होंने कहा कि 27 सालों के बाद भाजपा को वहां की जनता जनार्दन एक बार सेवा करने का पुनः अवसर प्रदान किया है और शपथ ग्रहण समारोह में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी की उपस्थिति में मुख्यमंत्री सहित पूरी कैबिनेट ने शपथ लिया है।जो हर्ष का विषय है।

## पत्रकार सुरक्षा कानून, पेंशन योजना एवं स्वास्थ्य बीमा लागू करने के लिए जेजेए ने राजभवन के समक्ष दिया धरना




**पत्रकार पेंशन योजना लागू नहीं होने पर दायर होगी जनहित याचिका. पत्रकार सुरक्षा कानून लागू करने की मांग को लेकर बीएसपीएस दिल्ली के जंतर मंतर पर देगा धरना.**

**रांची:** पत्रकारों पर लगातार बढ़ते हमले एवं पत्रकार पेंशन व स्वास्थ्य बीमा को को लेकर भारती श्रमजीवी पत्रकार संघ(BSPS Union) की झारखण्ड राज्य इकाई झारखण्ड जर्नालिस्ट एसोसिएशन(JJA) ने राजभवन के समक्ष एक दिवसीय धरना दिया.पत्रकारों के इस महाधरना में झारखण्ड के सभी 24 जिलों के पत्रकारों ने एक स्वर में पत्रकार सुरक्षा कानून, पत्रकार पेंशन योजना एवं पत्रकार बीमा योजना लागू करने की मांग का समर्थन किया.धरना को संबोधित करते हुए झारखण्ड के वरिष्ठ पत्रकार मनोज प्रसाद ने कहा पिछले एक दशक से अधिक समय से मैं झारखण्ड जर्नालिस्ट एसोसिएशन(JJA) के संघर्ष को बहुत करीब से देख रहा हूं. उन्होंने कहा पत्रकारहित के मुद्दों पर जेजेए संस्थापक शाहनवाज हसन 247 कार्य कर रहे हैं. उन्होंने कहा कि पत्रकार पेंशन योजना के लिए झारखण्ड के अधिकारी मुख्यमंत्री को दिग्भ्रमित कर रहे हैं, झारखण्ड के पत्रकार पिछले 6 वर्षों से पेंशन की आस लगाए बैठे हैं, मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने लागू करने की बात भी की है पर इसे अबतक लागू नहीं किया है. वहीं पत्रकार स्वास्थ्य बीमा को लेकर उन्होंने कहा कि पत्रकारों को किसी बीमा की जरूरत नहीं है, उन्होंने कहा पत्रकार और उनके परिजनों के लिए झारखण्ड सरकार गोल्डन कार्ड जारी करे, जिसके माध्यम से सभी सदर अस्पताल एवं रिम्स में निशुल्क इलाज की व्यवस्था हो. राष्ट्रीय महासचिव शाहनवाज हसन ने कहा कि मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन को पत्रकारों को लेकर अधिकारी गुमराह करने का कार्य कर रहे हैं. मुख्यमंत्री ने उनसे मुलाकात के दौरान पत्रकारों के सभी मुद्दों के समाधान की बात कही थी उसके बावजूद अबतक पत्रकारों के मुद्दों पर झारखण्ड सरकार ने कोई पहल नहीं किया है. श्री हसन ने पत्रकारों की सुरक्षा के मुद्दे को लेकर कहा कि थाना, ब्लॉक और अंचल स्तर पर पत्रकारों के साथ अधिकारियों रवैया तानाशाही वाला होता है, आंचलिक पत्रकारों पर खबर संकलन को लेकर झूठे मुकदमे दर्ज किए जाते हैं, निचले स्तर के अधिकारी मुख्य सचिव एवं डीजीपी के निर्देश का भी अनुपालन नहीं करते. राष्ट्रीय सचिव चंदन मिश्रा ने पत्रकार पेंशन योजना को लेकर विभिन्न राज्यों द्वारा दी जा रही राशि की जानकारी देते हुए कहा कि झारखण्ड की रघुवर सरकार ने पेंशन योजना कैबिनेट से पारित कर दिया था जिस पर राज्यपाल ने अधिसूचना भी जारी कर दी थी उसके बावजूद पत्रकारों को पिछले 6 वर्षों से पेंशन से वंचित रखा है.अब न्यायलय के शरण में जाना पत्रकारों की मजबूरी बन गया है, जेजेए झारखण्ड हाई कोर्ट में जनहित याचिका दायर करेगा.प्रदेश अध्यक्ष संपूर्णनंद भारती ने कहा कि आज झारखण्ड के सदूर जिलों पाकुड़, साहिबगंज, गोड्डा, जामताड़ा, गढ़वा, पलामू, लातेहार, चतरा, सरायकेला एवं पश्चिम सिंहभूम से भी बड़ी संख्या में पत्रकार धरना में शामिल हुए यही जेजेए की शक्ति है. पत्रकार हितों की रक्षा के लिए एक मात्र संगठन है जो गंभीरता से कार्य कर रहा है. पत्रकार सुरक्षा कानून, पत्रकार पेंशन योजना एवं पत्रकारों के लिए गोल्डन कार्ड की मांग को संगठन ने आज झारखण्ड के राज्यपाल महोदय के समक्ष मजबूती से रखा है, जल्द ही मुख्यमंत्री के समक्ष भी इन मांगों को पुनः रखा जाएगा. पत्रकार सुरक्षा कानून बनाए जाने का समर्थन भारती श्रमजीवी पत्रकार संघ (बीएसपीएस) ने भी किया है। हाल ही में पश्चिम बंगाल के दीघा में बीएसपीएस की संपन्न हुई राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक में केंद्र सरकार से मांग की गई है कि पत्रकारों की सुरक्षा से जुड़ा कानून जल्द लागू किया जाए। दरअसल यदि पत्रकार सुरक्षा कानून लागू होने से उन पत्रकारों की सुरक्षा सुनिश्चित की जा सकेगी, जो जीवन को खतरे में डालकर पत्रकारिता कर रहे हैं। भ्रष्टाचार में लिप्त अधिकारियों, माफिया, नेताओं और अपराधिक तत्वों को उजागर करने वाले पत्रकारों के लिए सुरक्षा आवश्यक है। बीएसपीएस के अध्यक्ष अशोक पाण्डेय ने देशभर के पत्रकारों से कहा कि वे अपने-अपने राज्यों में सरकारों पर पत्रकार सुरक्षा कानून बनाने के लिए मांग करें। पत्रकारों पर लगातार बढ़ते हमलों को देखते हुए पत्रकारों की सुरक्षा को लेकर अलग से कानून बनाए जाने की मांग अब और तेज हो गई है। आज झारखण्ड की राजधानी रांची में फील्ड पर कार्य करने वाले सैकड़ों पत्रकार, अपनी मांगो को लेकर एक दिवसीय धरने पर बैठे.पत्रकारों पर हो रहे लगातार हमले और धमकियों के विरोध में जिले के कई पत्रकार अपनी आवाज शासन प्रशासन तक पहुंचाने के लिए धरना देने के लिए पर मजबूर है।

## महाकुंभ में जाने वाले श्रद्धालुओं की सुरक्षा के दृष्टिगत कारणों से डीसी, एसपी ने रेलवे स्टेशन परिसर का किया निरीक्षण



**यासिर अराफात @झारखंड उजाला ब्यूरो**

**पाकुड़ :** महाकुम्भ- 2025 में जाने वाले श्रद्धालुओं की सुरक्षा के दृष्टिगत गुरुवार को उपायुक्त मनीष कुमार व पुलिस अधीक्षक प्रभात कुमार समेत अन्य संबंधित अधिकारियों के साथ पाकुड़ रेलवे स्टेशन का भ्रमण/निरीक्षण कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया एवं यात्रियों को सुगम एवं निर्बाध यात्रा उपलब्ध कराने हेतु सम्बन्धित को आवश्यक दिशा निर्देश दिया। साथ ही प्रयागराज जाने वाले श्रद्धालु, जो ट्रेन का इंतजार कर रहे थे उनसे बातचीत की। श्रद्धालुओं व अन्य यात्रियों से अपील है कि मुफ्त ट्रेनें चल रही है, ऐसे भ्रांतियों से बचें। कुंभ जाने के लिए स्पेशल ट्रेनें चलाई जा रही है लेकिन वे मुफ्त नहीं है।

## डीसी की अध्यक्षता में जिला स्तरीय स्टीयरिंग सह मॉनिटरिंग समिति की समीक्षा बैठक संपन्न, दिये कई दिशा-निर्देश

यासिर अराफात @झारखंड उजाला ब्यूरो

**उपायुक्त ने विद्यालयों में मध्याह्न भोजन वितरण की स्थिति, रसोइया का आयुष्मान कार्ड से अच्छादन, विद्यालयों में खाद्यान्न की प्रत्येक माह ससमय उपलब्धता एवं छात्रों की उपस्थिति, ड्रॉपआउट बच्चों को दुबारा स्कूल से जोड़ने की दिशा में किए जा रहे कार्यो को लेकर संबंधित विभाग के अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिया**



**पाकुड़ :** गुरुवार को समाहरणालय स्थित सभागार में उपायुक्त मनीष कुमार की अध्यक्षता में जिला स्तरीय स्टीयरिंग सह मॉनिटरिंग समिति की समीक्षा बैठक संपन्न हुआ।इस दौरान उपायुक्त मनीष कुमार ने मुख्य रूप से विद्यालयों में मध्याह्न भोजन वितरण की स्थिति, रसोइया का आयुष्मान कार्ड से अच्छादन, विद्यालयों में खाद्यान्न की प्रत्येक माह ससमय उपलब्धता एवं छात्रों की उपस्थिति, ड्रॉपआउट बच्चों को दुबारा स्कूल से जोड़ने की दिशा में किए जा रहे कार्यो को लेकर संबंधित विभाग के अधिकारियों को आवश्यक व उचित दिशा-निर्देश दिया। मौके पर उपायुक्त ने कहा कि नामांकन के अनुपात में बच्चों का उपस्थिति कम है उसे एक सप्ताह के अंदर 80 प्रतिशत सुनिश्चित कराने का निर्देश संबंधित पदाधिकारियों को दिया। मिड डे मिल की निगरानी व प्रोटीनयुक्त भोजन पर विशेष ध्यान देने का निर्देश अधिकारियों को दिया। साथ ही शत प्रतिशत एसएमएस कम्पलीट कराने एवं 114 रसोईया का मैपिंग कराने का निर्देश बीईईओ, बीआरपी, सीआरपी एवं बीपीओ को दिया गया। बैठक में जिला आपूर्ति पदाधिकारी अभिषेक कुमार सिंह, जिला शिक्षा पदाधिकारी अनीता पुरती, जिला शिक्षा अधीक्षक नयन कुमार, बीआरपी, सीआरपी समेत अन्य उपस्थित थे।

# योग्य किसानों को फसल बीमा का लाभ दें : उपायुक्त

यासिर अराफात @झारखंड उजाला ब्यूरो



**पाकुड़ :** उपायुक्त मनीष कुमार की अध्यक्षता में बिरसा प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना (खरीफ) 2024 के कार्यान्वयन और निगरानी के लिए जिला स्तरीय अनुश्रवण समिति की बैठक हुई। इसमें उपायुक्त ने किसानों को फसल बीमा योजना का लाभ देने और इसका क्रियान्वयन को सुदृढ़ करने का निर्देश दिया। बैठक में जिला सहकारिता पदाधिकारी चंद्रजीत खलखो के द्वारा बताया गया कि बिरसा प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना खरीफ 2024 में बीमीत क्षेत्र तथा फसल आच्छादन क्षेत्र की वैधता की संपुष्टि डीएलएमसी के माध्यम से किये जाने का निर्देश दिया गया है। उक्त पत्र के आलोक में जिला सहकारिता पदाधिकारी, पाकुड़ के द्वारा बताया गया कि खरीफ 2024 में पाकुड़ जिले में खरीफ फसल प्रखंडवार अंतिम आच्छादन प्रतिवेदन के अनुसार धान फसल का कुल आच्छादन 40266 हेक्टेयर है जबकि बीमीत क्षेत्र 115409.52817 हेक्टेयर है। इसमें ऋणी किसानों द्वारा 20050.38705 हेक्टेयर का तथा गैर ऋणी किसानों द्वारा 95359.14112 हेक्टेयर का बीमा कराया गया जो वास्तविक आच्छादन क्षेत्र से (115409.52817-40266 हे0) 75143.52817 हेक्टेयर अधिक है। कुल आच्छादन क्षेत्र से अधिक बीमीत क्षेत्र हो जाने के कारण त्रुटि के संबंध में जानकारी प्राप्त की गई। बजाज एलियांज बीमा कंपनी द्वारा बीमीत कृषकों के बीमीत क्षेत्र के अभिलेखों की जाँच कर त्रुटि का निराकरण किया गया, जिसमें बहुत सारे गैर ऋणी किसान अपने फसल के बीमा करवाने के क्रम में अपनी जमीन को एकड़ के स्थान पर हेक्टेयर अंकित कर दिए थे। बजाज एलियांज बीमा कंपनी द्वारा त्रुटि के निराकरण के पश्चात अंतिम रूप से आँकड़ा उपलब्ध कराया गया है। इसके अनुसार पाकुड जिले में धान फसल हेतु कुल बीमीत क्षेत्र 39229.1036 है जो नेट बोया एरिया 40266 हेक्टेयर से कम है। जिला सहकारिता पदाधिकारी ने बताया कि जिला कृषि पदाधिकारी, पाकुड़ के भदई मकई 2024 के प्रखंडवार आच्छादन प्रतिवेदन के अनुसार पाकुड़ जिले के लिट्टीपाड़ा प्रखंड में कुल 1576 हेक्टेयर तथा पाकुड़ प्रखंड में कुल 190 हेक्टेयर क्षेत्र में मकई बोई गई थी जबकि उक्त दोनों प्रखंडो में मकई हेतु बीमीत रकवा क्रमशः लिट्टीपाड़ा में 3928.58045 हेक्टेयर तथा पाकुड़ प्रखंड में 3666.64552 हेक्टेयर है जो आच्छादन क्षेत्र से अधिक है। बजाज एलियांज बीमा कंपनी द्वारा सभी आवेदनों के क्वालिटी चेक तथा डुप्लीकेसी चेक के बाद लिट्टीपाड़ा प्रखंड क्षेत्र हेतु 1574.40546 हेक्टेयर तथा पाकुड़ प्रखंड हेतु 189.885 हेक्टेयर क्षेत्र के बीमा को अप्रूव किया गया है जो आच्छादन क्षेत्र की सीमा के अंतर्गत है। पाकुड़ जिले के शेष चार प्रखंडो हिरणपुर, महेशपुर, अमड़ापाड़ा एवं पाकुड़िया में मकई फसल हेतु बीमा क्षेत्र, आच्छादन क्षेत्र की सीमा के अंतर्गत ही है। इसमें उपरोक्त चारों प्रखंडों में मकई फसल हेतु, आच्छादन क्षेत्र से अधिक बीमा नहीं किया गया है। साथ ही बताया कि खरीफ 2024 में ऋणी एवं गैर ऋणी मिलाकर कुल 146690 किसानों (133349 धान हेतु+13341 मकई हेतु) ने बीमा कराया था जिसमें बीमीत रकवा 126386.15117 हेक्टेयर (115409.52817 हे० धान+10976.623 हेक्टेयर मकई) था। बजाज एलियांज बीमा कंपनी द्वारा दउ तथा डीडुप्लेसी जाँच के बाद कुल 93024 किसानों (84421 धान हेतु +8603 मकई हेतु) के बीमा को स्वीकृति दी गई है जिसमें कुल आच्छादन क्षेत्र 43164.2566 हेक्टेयर (39229.1036 हेक्टेयर धान+3935.153 हेक्टेयर मकई) है। उपरोक्त आँकड़े कंपनी द्वारा प्रदान किए गए हैं। इसमें किसी भी प्रकार की गड़बड़ी होने से कंपनी जिम्मेवार होगी।मौके पर अपर समाहर्ता, जिला कृषि पदाधिकारी, जिला सहकारिता पदाधिकारी, जिला मत्स्य पदाधिकारी, लैम्पस के प्रतिनिधि, बीमा कंपनी के प्रतिनिधि समेत अन्य उपस्थित थे।



हर बच्चा अलग होता है, खास होता है और बेहद प्यारा होता है। अपने बच्चे की परवरिश के दौरान यह जरूर याद रखें। अपने बच्चे को अपनी तरह से जीने के लिए तैयार करें, ना कि किसी दूसरे के बच्चे की तरह। इससे वह भी खुश रहेगा और आप भी।

# आपका बच्चा है सबसे खास



शिवानी बचपन में खासी जिद्दी थी। खाना खाने के नाम पर बिस्तर के नीचे घुस जाती। मां और दादी को खूब चिरौरी करके उसे खाना खिलाना पड़ता। अगर उसका स्कूल यूनिफॉर्म जरा सा भी मैला होता, तो वह स्कूल ही जाने से इनकार कर देती। चोटियों की रिबन एक लेवल पर बंधी होनी चाहिए, शूज के लेस अगर उन्नीस-बीस भी बंधे होते, तो वह खड़े-खड़े रोने लगती। शिवानी ने बाद के दिनों में अपनी जिद पर काबू पा लिया। खासकर जब उसकी बेटी रूही हुई, तो उसे लगा कि वह भी उसी की तरह जिद्दी होगी। पर नहीं। रूही जिद्दी नहीं थी, पर अपनी मां की तरह चुप नहीं बैठती थी। तरह-तरह की कहानियां बनाने का गजब का शौक था रूही को। एक दिन अपनी टीचर से कह आई कि मेरी मां रात को परी लोक चली जाती है और सुबह लौट कर आती है। उसने टीचर से यह भी कहा कि उसके घर में एक राक्षस रहता है। टीचर ने शिवानी को बुलवाया और जब उसे रूही की कहानी के बारे में बताया, तो शिवानी चौंक गई। स्कूल के बाल मनोविज्ञान विशेषज्ञ डॉक्टर सी.के. चंद्रा ने बताया कि हर बच्चा अलग होता है। यह जरूरी नहीं कि वह अपने पेरेंट्स की तरह हो। इसलिए हर बच्चे की परवरिश अलग तरह से होनी चाहिए। पेरेंटिंग का वैसे भी कोई तयशुदा फॉर्मूला नहीं होता। अगर बच्चा जिद्दी है, एग्रेसिव है, शर्मीला है या खाने से जी चुराता है, उसे समझाने के लिए आप एक तरह का रवैया नहीं अपना सकते। जरूरी बात तो यह है कि आप अपने बच्चे को वह जैसा है, वैसा ही अपनाएं। उसके मूल स्वभाव को बदलने की कोशिश ना करें। नौ साल की रंजिनी अच्छा गाती थी, पर दूसरों के सामने गाते समय वह हकलाने लगती थी। रंजिनी की मम्मी पायल चाहती थी कि उसकी बेटी संगीत के रियलिटी शो का हिस्सा बने। रंजिनी स्टेज पर पहुंच कर हकलाने लगी और जज ने उसका मजाक बना दिया। इस घटना का रंजिनी पर इतना बुरा असर पड़ा कि वह डिप्रेशन का शिकार हो गई। वह अब किसी से भी बिना हकलाए बोल नहीं पाती। डॉक्टर मधुमती कहती हैं, 'पेरेंट्स अपने बच्चे की तुलना दूसरे बच्चे से करते हैं। यह गलत है। बच्चों से उस बात की अपेक्षा करिए, जो उनकी पहुंच के अंदर हो। किसी भी तरह का अनावश्यक दबाव उन्हें या तो विद्रोही बना देता है या दब्बू।'

## आपका बच्चा कैसे है खास?

जब पहली बार अपने मुंह से वह मां कहता है, आपकी जिंदगी बदल जाती है। आपको इस बात से कोई फर्क नहीं पड़ता कि आपका बच्चा कैसा दिखता है, आपके लिए वह संसार का सबसे अनमोल रत्न है। हर बच्चे की जरूरत अलग होती है। आपका बेटा दिन में सिर्फ दो बार दूध पीता है, बेटी चार बार पीती है। बेटा साइंस में कमजोर है और बेटी को भाषा संबंधी दिक्कतें ज्यादा होती हैं। उनकी जरूरतों और पसंद के हिसाब से आपको उनके भविष्य की तैयारी करनी होगी। दस साल तक के बच्चे लगभग हर बात के लिए पेरेंट्स पर निर्भर करते हैं और सबसे ज्यादा विश्वास अपने माता-पिता पर ही करते हैं।

## बच्चों के साथ ये कभी ना करें

बच्चों की छोटी से छोटी समस्या की अनदेखी ना करें। हो सकता है वह आपको अपने से जुड़ी कोई बड़ी बात बताना चाह रहा हो। आपका बच्चा आपकी जिंदगी में रोशनी का काम करता है। पर आप उसका इस्तेमाल अपने स्वार्थ के लिए ना करें। आपका सपना आपका है, बच्चे का नहीं। अगर आप डॉक्टर नहीं बन पाए, तो बच्चे को इसके लिए फोर्स ना करें। वह अगर बनना चाहता है, उसकी दिलचस्पी है, तो उसे आगे बढमने में मदद करें। अपने रिश्तों को मजबूत बनाने के लिए बच्चों से राजनीति ना करवाएं। बच्चे को घर में दूसरे रिश्तेदारों के खिलाफ ना भडम्काएं। वे इससे कन्फ्यूज्ड हो जाते हैं और अपना संतुलन खो देते हैं। बच्चे की सीमा को जानें। उस पर सीमा से आगे बढ़ने का दबाव ना डालें। अगर आपके बच्चे को कोई तन या मन से जुड़ी समस्या है, तो उसे स्वीकार करें। बच्चे बहुत सेंसिटिव होते हैं और मां-पिता की बेचारगी भांप लेते हैं।

## पांच बातें जरूर रखें याद

अगर आपका बच्चा पढ़ाई से जी चुराता है, तो निश्चित ही वह ट्यूशन जाने से भी बचेगा। सबसे पहले यह जानने की कोशिश कीजिए कि उसे पढ़ना क्यों नहीं पसंद? कहीं वह डिस्लेक्सिक या स्लो लर्नर तो नहीं? अगर नहीं, तो वह जब पढ़ने बैठे तो उसके साथ बैठें और उसे आसान शब्दों में समझाने की कोशिश करें। हो सकता है इसकी तैयारी आपको पहले से करनी पड़े। शर्मीले बच्चों को उनकी खोल से निकालने के लिए उन्हें अपने साथ किसी क्लब में या बच्चों के ग्रुप में खेलने ले जाएं। शर्मीले बच्चे धीरे रिएक्ट करते हैं। लेकिन अपना काम बखूबी करते हैं। उनको स्पेस दें और उनके काम की तारीफ करें। आप जितना समय उनके साथ बिताएंगी, वे दूसरों के साथ उतनी जल्दी सहज होते जाएंगे। हाइपर एक्टिव बच्चे को हर वक्त किसी काम में लगाएं। उनको एक दिन पहले ही दूसरे दिन के काम के बारे में बता दें। कभी बागवानी, तो कभी क्राफ्ट, कभी पेंटिंग तो कभी खेल-कूद। इन बच्चों को अगर चुपचाप घर बैठने को कहेंगी, तो ये तोड़-फोड़ मचाना शुरू कर देंगे। इनकी एनर्जी सही जगह पर लगाएं। वैसे हाइपर बच्चे जल्दी ही किसी काम से बोर भी हो जाते हैं, पर जो भी काम करते हैं, दिल से करते हैं। झूठ बोलने वाले या ज्यादा गपबाजी करने वाले बच्चे अपनी दुनिया के शहंशाह होते हैं। इनकी बातों पर बहुत ध्यान ना दें, ना ही गंभीरता से लें। अगर आप रस लेकर उनकी बातें सुनेंगी, उनकी बातों को चटखारे लेकर दूसरों को बताएंगी, तो उनकी यह आदत बढ़ती जाएगी। बात-बात पर रोने वाले या घबरा जाने वाले बच्चों में आत्मविश्वास की कमी होती है। घर का माहौल अगर स्वस्थ नहीं है, कोई बीमार है, झगड़ा ज्यादा होता है या पैसे की तंगी है, तो बच्चों में आत्मविश्वास की कमी होने लगती है। बच्चे पर इनका असर ना पड़ने दें। बच्चे को इस बात से फर्क नहीं पड़ता कि उसकी स्कूल की फीस कितनी है, उसे घर और स्कूल में पढ़ाई का माहौल चाहिए। वह ऐसे लोगों के बीच रहना चाहता है, जहां वह अपने आपको सुरक्षित महसूस करता हो।

# गर्भवती मां की सबसे बड़ी चिंता

भारत में लगभग 87 प्रतिशत गर्भवती महिलाओं की सबसे बड़ी चिंता यह होती है कि गर्भधारण और बच्चे के जन्म के बाद वो कैसी दिखेंगी। 600 महिलाओं पर किए गए सर्वे के आधार पर यह निष्कर्ष निकाला गया है। सर्वे में शामिल 76 प्रतिशत महिलाओं ने माना कि प्रेग्नेंसी के दौरान उन्हें कभी-कभी बहुत बुरा लगता है, क्योंकि आसपास के सभी लोगों का सबसे ज्यादा ध्यान होने वाले बच्चे पर होता है, जबकि शारीरिक बदलाव और दर्द के दौर से वो गुजर रही होती है। वहीं, 93 प्रतिशत महिलाओं ने माना कि उन्हें लगता है कि उनके पति चाहते हैं कि बच्चे के जन्म के बाद उनका फिगर पहले जैसा हो जाए। 90 प्रतिशत महिलाओं के लिए सबसे बड़ी चिंता प्रेग्नेंसी के दौरान होने वाले स्ट्रेच मार्क्स होते हैं।





भारतीय शादी से जुड़े रीति-रिवाजों की तुलना किसी अन्य देश के रीति-रिवाजों से नहीं की जा सकती। हर दिन इस्तेमाल में आने वाली आम चीजें, शादी की रीति-रिवाजों में खास हो जाती हैं। पान, सुपारी और हल्दी जैसी चीजें कैसे बनाती हैं आपकी शादी को खास।

# आपकी शादी को खास बनाती हैं ये सामग्री

## खूबसूरत त्वचा के लिए हल्दी

शादी से जुड़ी सबसे आम रस्म है हल्दी लगाना। शादी से एक दिन पहले दूल्हा और दुल्हन को शादीशुदा महिलाएं हल्दी लगाती हैं। पारंपरिक रूप से हल्दी की इस विधि में दुल्हन पीले रंग का कपड़ा पहनती है। हल्दी के कार्यक्रम के बाद दूल्हा और दुल्हन को एक-दूसरे से मिलने की इजाजत नहीं होती है। हल्दी, बेसन और तेल को मिलाकर इस दिन के लिए उबटन बनाया जाता है। हल्दी में एंटीसेप्टिक गुण होता है, वहीं बेसन त्वचा को साफ करके उसमें चमक लाता है और तेल त्वचा को जरूरी नमी प्रदान करके उसकी खूबसूरती बढ़ाता है। कई बार इस उबटन में चंदन और केसर भी मिलाया जाता है ताकि त्वचा की खूबसूरती और बढ़ सके।

## समृद्धि का प्रतीक है चावल

भारतीय खानपान में चावल का प्रमुखता से इस्तेमाल होता है और चावल के इसी गुण के कारण उसे शुद्ध और समृद्धि का प्रतीक माना जाता है। शुद्धता के इस प्रतीक का इस्तेमाल हमारे यहां के समारोह और रीति-रिवाजों में बहुलता से किया जाता है। हिंदू विवाह के दौरान नए जोड़े को आशीर्वाद देने के लिए उनके ऊपर चावल छिड़का जाता है। ऐसी मान्यता है कि चावल नकारात्मक चीजों को दूर भगाता है, इसलिए विवाह के दौरान प्रज्वलित अग्नि में दूल्हे के द्वारा चावल भी डाला जाता है। घर की देवी को भी चावल अर्पित किया जाता है। शादी के बाद विदाई के वक्त दुल्हन अपने हाथों में चावल भरकर उसे अपने सिर के पीछे की ओर फेंकती है, वहीं अपने ससुराल पहुंचकर वह चावल से भरे बरतन को अपने पैरों से गिराकर घर में प्रवेश करती है। इन दोनों रिवाजों के माध्यम से दुल्हन यह प्रार्थना करती है कि उसके मायके और साथ ही साथ उसके ससुराल में समृद्धि हमेशा बनी रहे।

## पान-सुपारी भी हैं खास

हर धार्मिक रीति-रिवाजों के साथ-साथ शादी से जुड़े विभिन्न विधि-विधानों का अहम हिस्सा है पान और सुपारी। कई धार्मिक रीति-रिवाजों में तो सुपारी को देवी का प्रतीक भी माना जाता है। वहीं, पान का पत्ता ताजगी और समृद्धि का प्रतीक है। कई हिंदू विवाह में पान के पत्ते को दूल्हा और दुल्हन के सिर पर लगाया जाता है। दूल्हे के परिवार का स्वागत भी पान के पत्ते से किया जाता है और अमूमन शादी की हर विधि में पान के पत्ते का इस्तेमाल होता है। वहीं, पान का पत्ता और नारियल सभी मेहमानों को धन्यवाद के प्रतीक के रूप में भी दिया जाता है।

## शुद्ध नदियों का प्रतीक पानी

शादी के विभिन्न रीति-रिवाजों में पानी का बहुत ज्यादा इस्तेमाल होता है। पानी शुद्ध नदियों का प्रतीक है। इसे जिंदगी और जीवन चक्र का आधार माना जाता है। सभी धर्म और समुदाय में सफाई करने के लिए, सेहत को बेहतर बनाने के लिए, अच्छे भविष्य और समृद्धि के लिए शादी के रीति-रिवाजों में पानी का इस्तेमाल किया जाता है।

## इनका भी होता है इस्तेमाल

- आम, केला, नीम और तुलसी के पत्तों का इस्तेमाल भी शादी के विभिन्न रीति-रिवाजों में किया जाता है। ये सभी पत्ते शुद्धता के प्रतीक हैं।
- जब दुल्हन गृह-प्रवेश करती है, उस समय गुड़ खिलाकर उसका स्वागत किया जाता है। शादी के बाद के विभिन्न रिवाजों में दही का इस्तेमाल भी होता है।
- घी को पवित्र माना जाता है और शादी के अमूमन सभी रिवाजों में घी का इस्तेमाल दीप जलाने के लिए किया जाता है।
- कई समुदायों में दुल्हन के पैर धोने के लिए दूध और नारियल पानी का इस्तेमाल किया जाता है।

# बस 5 मिनट और आप तैयार

वक्त कम है। ढेर सारा काम है। पर खूबसूरत तो दिखना ही है ना! सिर्फ पांच मिनट में कैसे तैयार हों, ताकि वक्त की कमी आपकी खूबसूरती को निखारने की राह में न आए।

- पांच मिनट के भीतर आप तैयार हो सकती हैं, बशर्ते आपकी आईब्रो सही शेप में हो, आपकी त्वचा भीतर से खूबसूरत हो, आपने वैक्सिंग करवा रखी हो और आपमें किसी भी लुक को अपना बनाने का आत्मविश्वास हो। त्वचा को खूबसूरत बनाने के लिए संतुलित और पोषक खाना खाएं और ढेर सारा पानी पिएं। वहीं अपने वॉर्डरोब में मिक्स-एंड-मैच करने वाले कपड़े रखें, ताकि कहीं बाहर जाने से पहले कपड़े तलाशने में आपको वक्त जाया न करना पड़े।
- मेकअप शुरू करने से पहले त्वचा पर प्राइमर लगाएं। प्राइमर त्वचा को नमी और पोषण देने के साथ-साथ उसे मुलायम भी बनाता है। प्राइमर को आप फाउंडेशन भी कह सकती हैं। मेकअप करने के लिए ग्लो अप प्राइमर का इस्तेमाल करें। इससे आपकी त्वचा की रंगत एक जैसी दिखेगी और साथ ही उसमें चमक भी आएगी। ग्लो अप प्राइमर एक्ने और अन्य दाग-धब्बों के निशान को भी छुपा देता है। आंखों के लिए नियॉन रंग के आईलाइनर का इस्तेमाल करें। सी ग्रीन, ऑरेंज और एप्पल ग्रीन रंग के आईलाइनर आजकल चलन में हैं। इसके साथ आंखों में काजल, बड़ी बिंदी और लिपस्टिक आपके पूरे लुक को कई गुना बेहतर बना देंगे।
- एक सामान्य-सी ड्रेस को एक्सेसरीज की मदद से आप बेहद खास ड्रेस में तब्दील कर सकती हैं। ए लाइन सलवार-सूट पूरी तरह से आउट ऑफ फैशन हो चुके हैं। अनारकली सूट या मिक्स एंड मैच सलवार-सूट और उसके साथ एक साधारण-सी चोटी से आपको बहुत खूबसूरत लुक मिलेगा। अगर मौका कोई खास है और आप साड़ी पहनने की सोच रही हैं तो उसके साथ कमरबंध भी पहन सकती हैं। इसके अलावा आप अपनी साड़ी को बंगाली स्टाइल में पहनकर उसके साथ चाबी के छल्ले को एक्सेसरीज के रूप में इस्तेमाल कर सकती हैं।
- आपके पूरे लुक का एक अहम हिस्सा है, हेयर स्टाइल। पर, जरूरी नहीं है कि जो हेयरस्टाइल आपकी मम्मी पर बहुत अच्छा लग रहा है, आप पर भी अच्छा लगे। इसलिए अपनी पर्सनैलिटी और लुक को ध्यान में रखते हुए ही अपना हेयरस्टाइल चुनें। फिश टेल चोटी, ढीली पोनीटेल, फ्रेंच जूड़ा और लो जूड़ा भी आप बना सकती हैं। इसके साथ गजरा या अन्य फ्लोरल एक्सेसरीज का इस्तेमाल करना न भूलें।
- जंक ज्वेलरी और डायमंड ज्वेलरी का चलन अब कम हो रहा है। सोने की ज्वेलरी फिर से चलन में है। अगर आपकी ड्रेस से मैच करती कुंदन ज्वेलरी आपके पास है, तो आप उसे भी पहन सकती हैं।



# नेताओं-नौकरशाहों की जिम्मेदारी के बगैर भ्रष्टाचार को मिटाना असंभव



सचिन कुमार सिंह, प्रधान संपादक

भा भारत इस सूची मे पड़ौसी देशों की ज्यादा बुरी हालत पर कुछ राहत महसूस कर सकता है। भ्रष्टाचार की इस सूची में भारत के पड़ोसी देशों में पाकिस्तान 135 नंबर पर और श्रीलंका 121 पर हैं, जबकि बांग्लादेश की रैंकिंग और भी नीचे 149 पर चली गई है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने संसद में कहा था कि भ्रष्टाचार के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने के लिए एजेंसियों को खुली छूट दे दी है और इसमें सरकार का कोई हस्तक्षेप नहीं होगा। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि भ्रष्टाचार एक दीमक है जिसने देश को खोखला कर दिया है और वह देश को इस बुराई से मुक्त करने के लिए पूरे मनोयोग से काम कर रहे हैं। प्रधानमंत्री मोदी के इस दृढ़निश्चय के बावजूद भारत में भ्रष्टाचार कैंसर की तरह फैलता जा रहा है। केंद्र की भाजपा सरकार हो या राज्यों में विपक्षी दलों की सरकारें, सभी भ्रष्टाचार के विरुद्ध बड़े दावे-वादे करती रहीं हैं, किन्तु यह समस्या सुरसा के मुंह की तरह विकराल होती जा रही है। करप्शन परसेप्शन इंडेक्स-2024 की भ्रष्टाचार की सूची वाले देशों में भारत 96वें पायदान पर पहुंच गया है। साल 2023 में भारत की रैंक 93 थी।

भारत इस सूची मे पड़ौसी देशों की ज्यादा बुरी हालत पर कुछ राहत महसूस कर सकता है। भ्रष्टाचार की इस सूची में भारत के पड़ोसी देशों में पाकिस्तान 135 नंबर पर और श्रीलंका 121 पर हैं, जबकि बांग्लादेश की रैंकिंग और भी नीचे 149 पर चली गई है। इस लिस्ट में चीन 76वें स्थान पर है। डेनमार्क सबसे कम भ्रष्ट राष्ट्र होने की सूची में सबसे ऊपर है, उसके बाद फिनलैंड और सिंगापुर हैं। 1995 से 2024 तक भारत में भ्रष्टाचार की औसत दर 78.03 रही, जो 2024 में 96.00 के उच्चतम स्तर पर पहुंच गई और 1995 में 35.00 के रिकॉर्ड निम्नतम स्तर पर पहुंच गई थी।

इसे भी पढ़ेंः नगर निगम में भ्रष्टाचार और बिल्डरों की मनमानी पर सुप्रीम कोर्ट की तल्ख टिप्पणी, लेकिन कुछ भी नहीं बदलेगा?

भ्रष्टाचार धारणा सूचकांक यानी सीपीआई दुनिया में सबसे व्यापक रूप से इस्तेमाल की जाने वाली वैश्विक भ्रष्टाचार रैंकिंग है। यह मापता है कि विशेषज्ञों और व्यवसायियों के अनुसार प्रत्येक देश का सार्वजनिक क्षेत्र कितना भ्रष्ट है। प्रत्येक देश का स्कोर 13 विभिन्न भ्रष्टाचार सर्वेक्षणों और आकलनों से प्राप्त कम से कम 3 डेटा स्रोतों लिया जाता है। ये सोर्स विश्व बैंक और विश्व आर्थिक मंच सहित विभिन्न प्रतिष्ठित संस्थानों द्वारा एकत्र किए जाते हैं। सीपीआई की गणना करने की प्रक्रिया की नियमित रूप से समीक्षा की जाती है ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि जारी की जाने वाली सूची यथासंभव मजबूत और सुसंगत है या नहीं। भारत में विदेशी निवेश अपेक्षाकृत नहीं आने का एक प्रमुख कारण भ्रष्टाचार है। भ्रष्टाचार के कारण भारत की अंतरराष्ट्रीय साख कमजोर है। विदेशी कंपनियां यहां निवेश करने से कतराती हैं। देश के उद्योगपति और लघु व मध्यम व्यवसायी इसकी मार से बच नहीं सके हैं। भारत एक तरफ वैश्विक ताकत बनने की दिशा में अग्रसर है, वहीं दूसरी तरफ भ्रष्टाचार की जंजीर इसके बढ़ते कदम को रोक रही है। ऐसा देश का शायद ही कोई चुनाव होगा जिसमें प्रधानमंत्री मोदी भ्रष्टाचार का जिक्र नहीं किया हो। मोदी ने लोकसभा और राज्यों की विधानसभाओं के चुनाव के दौरान भ्रष्टाचार पर प्रहार करने में कसर बाकी नहीं रखी। संसद में दिए गए भाषण में उन्होंने कहा था कि मेरे लिए भ्रष्टाचार के खिलाफ लड़ाई चुनावी जीत या हार के पैमाने पर नहीं है। मैं चुनाव जीतने या हारने के लिए भ्रष्टाचार से नहीं लड़ रहा हूं। यह मेरा मिशन है, मेरा विश्वास है। मेरा मानना है कि भ्रष्टाचार एक ऐसा दीमक है जिसने देश को खोखला कर दिया है। मैं इस देश को भ्रष्टाचार से मुक्त करने और आम लोगों के मन में भ्रष्टाचार के खिलाफ नफरत पैदा करने के लिए पूरे दिल से काम कर रहा हूं।



प्रधानमंत्री के देश से पूरी तरह भ्रष्टाचार के खात्मे के प्रति प्रतिज्ञा लेने के बावजूद यदि यह संक्रामक रोग की तरह बढ़ता ही जा रहा है तो इसके लिए ज्यादातर राजनीतिक दल जिम्मेदार हैं। क्षेत्रीय दलों की हालत यह है कि उनका एकमात्र मकसद किसी भी हालत में सत्ता में बने रहना है। इसके लिए बेशक भ्रष्टाचार से किसी भी हद तक समझौता क्यों न करना पड़े। यही वजह रही है कि इंडिया गठबंधन लगातार चुनावों में शिकस्त खाता रहा है। आश्चर्य यह है कि लोकसभा चुनावों और राज्यों के विधानसभा चुनावों में करारी हार के बावजूद विपक्षी दलों ने भ्रष्टाचार को कभी भी प्रमुख चुनावी मुद्दा नहीं बनाया। भ्रष्टाचार को लेकर हालात ये हैं कि जैसे ही कोई भी विपक्षी दल भ्रष्टाचार का जिक्र करता है, तत्काल सत्तारुढ़ दल न सिर्फ उसके बचाव में उतर आता है बल्कि विपक्षी दल के कारनामे गिनाने लगता है। यही वजह है कि क्षेत्रीय दल अपने राज्यों में मनमानी करने पर आमदा हैं। यदि केंद्रीय जांच ब्यूरो और प्रवर्तन निदेशालय कोई कार्रवाई करता है तो राज्य के सत्तारुढ़ दल इसे बदले की कार्रवाई करार देने लगते हैं। इसका उदाहरण पश्चिमी बंगाल की ममता बनर्जी सरकार, तमिलनाडु की स्टालिन सरकार और कर्नाटक की सिद्धरमैया की सरकार है। इतना ही नहीं राजनीतिक दलों का भरसक प्रयास होता है कि अदालतों में चल रहे भ्रष्टाचार के मामलों को भी प्रभावित किया जाए।

गौरतलब है कि सीनियर वकील हरीश साल्वे सहित देश के 600 से ज्यादा वकीलों ने सुप्रीम कोर्ट के तत्कालीन मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ को पत्र लिखकर न्यायपालिका पर सवाल उठाने को लेकर चिंता जाहिर की थी। सीजेआई को लिखी चिट्ठी में वकीलों ने कहा था कि ये समूह न्यायिक फैसलों को प्रभावित करने के लिए दबाव की रणनीति अपना रहा है, और ऐसा खासकर सियासी हस्तियों और भ्रष्टाचार के आरोपों से जुड़े मामलों में हो रहा है। चिट्ठी में कहा गया है कि ये समूह ऐसे बयान देते हैं जो सही नहीं होते हैं और ये राजनीतिक लाभ के लिए ऐसा करते हैं। अपनी चिट्ठी में वकीलों ने ऐसे कई तरीकों पर प्रकाश डाला है, जिनमें न्यायपालिका के तथाकथित 'स्वर्ण युग' के बारे में झूठी कहानियों का प्रचार भी शामिल है। न्यायपालिका तक को प्रभावित करने के प्रयासों से अंदाजा लगाया जा सकता है कि भारत में भ्रष्टाचार किस हद तक व्याप्त है। देश की भ्रष्टाचार में रैंकिंग बेशक बढ़ रही हो, इसके बावजूद विगत चुनावों में भाजपा अकेली पार्टी रही, जिसने भ्रष्टाचार के खात्मे की बात कही। अन्य दल तो इस मुद्दे पर चर्चा करने तक से कतराते हैं। विपक्षी दलों ने केंद्र के सत्तारुढ दल को भ्रष्टाचार में लपेटने की कई बार नाकाम कोशिश की है, चाहे वह मुद्दा युद्धक विमान राफेल की खरीद का हो या अडानी ग्रुप से जुड़ा हुआ हो। विपक्षी दल सुप्रीम कोर्ट तक में भ्रष्टाचार के मामले को ले गए पर इसे साबित नहीं कर पाए। ऐसा भी नहीं है कि भाजपा भ्रष्टाचार को लेकर दूध की धुली है। भाजपा का दामन थामने वाले विपक्षी दलों के नेताओं के ऐसे मामलों को नजरांदाज किया जाता रहा है।

## आज का राशिफल



स्वामी रत्नेश जी
भारत ज्योतिष शिरोमणि,
नई दिल्ली ।

**मेष राशि :-** शारीरिक बीमारी के सही होनी की काफी संभावनाएँ हैं और इसके चलते आप शीघ्र ही खेल-कूद में हिस्सा ले सकते हैं. आज घर से बाहर बड़ों का आशीर्वाद लेकर निकलें इससे आपको धन लाभ हो सकता है. आपके जीवन-साथी की सेहत चिंता का सबब बन सकती है और उसे चिकित्सकीय देखरेख की जरूरत है. आप साथ में कहीं घूमने-फिरने जाकर अपने प्रेम-जीवन में नयी ऊर्जा का संचार कर सकते हैं.

**वृषभ राशि :-** आपमें आज चुस्ती-फुर्ती देखी जा सकती है. आपका स्वास्थ्य आज पूरी तरह से आपका साथ देगा. विदेशों में पड़ी आपकी जमीन आज अच्छे दामों में बिक सकती है जिससे आपको मुनाफा होगा. आपके जीवन-साथी की सेहत चिंता का सबब बन सकती है और उसे चिकित्सकीय देखरेख की जरूरत है. रोमांस के लिहाज से रोमांचक दिन है. शाम के लिए कोई खास योजना बनाएँ और जितना हो सके, इसे उतना रुमानी बनाने की कोशिश करें.

**मिथुन राशि :-** आप जल्द ही लम्बे समय से चली आ रही बीमारी से उबरकर पूरी तरह सेहतमंद हो सकते हैं. लेकिन ऐसे खुदगर्ज और गुस्सैल इंसान से बचें, जो आपको तनाव दे सकता है और आपकी परेशानियों में इजाफा कर सकता है. जो लोग शेयर बाजार में पैसा लगाते हैं आज उनका पैसा डूब सकता है. वक्त रहते सचेत हो जाएं तो आपके लिए बेहतर रहेगा. जिन्हें भावनात्मक संबल की जरूरत है, वे पाएंगे कि बड़े मदद के लिए आगे आ रहे हैं.

**कर्क राशि :-** स्वयं को शांत बनाए रखें क्योंकि आज आपको ऐसी कई बाधाओं का सामना करना पड़ सकता है, जिनके चलते आप काफी मुश्किल में पड़ सकते हैं. खास तौर पर अपने गुस्से पर काबू रखें, क्योंकि यह और कुछ नहीं बल्कि थोड़ी देर पागलपन है. धन की आवाजाही आज दिन भर होती रहेगी और दिन ढलने के बाद आप बचत करने में भी सक्षम हो पाएंगे.

**सिंह राशि :-** आपका विनम्र स्वभाव सराहा जाएगा. कई लोग आपकी खासी तारीफ कर सकते हैं. धन की आवश्यकता कभी भी पड़ सकती है इसलिए आज जितना हो अपने पैसे की बचत करने का विचार बनाएं. परिवार के सदस्यों की जरूरतों को तरजीह दें. उनके सुख-दुःख के भागीदार बनें, ताकि उन्हें महसूस हो कि आप वाकई उनका खयाल रखते हैं. आज आप अपने दोस्त की महक उसकी अनुपस्थिति में महसूस करेंगे.

**कन्या राशि :-** अपनी शारीरिक चुस्ती-फुर्ती को बनाए रखने के लिए आप आज का दिन खेलने में व्यतीत कर सकते हैं. जिन लोगों ने कहीं निवेश किया था आज के दिन आपको आर्थिक हानि होने की संभावना है. अपनी महत्वाकांक्षाओं को ऐसे बड़ों के साथ बांटें, जो आपकी सहायता कर सकते हैं. रोमांस के नजरिए से आज जिन्दगी बहुत जटिल रहेगी. आज किए गए निवेश काफी फायदेमन्द साबित होंगे, लेकिन आपको भागीदारों से विरोध का सामना करना पड़ सकता है.

**तुला राशि :-** दूसरों की इच्छाएँ आपकी अपना खयाल रखने की इच्छा से टकराएगी- अपने जज्बात को बांधे नहीं और वे काम करें जिससे आपको सुकून मिले. जमीन या किसी प्रॉपर्टी में निवेश करना आज आपके लिए घातक हो सकता है जितना हो सके इन चीजों में निवेश करने से बचें. आपमें से कुछ गहने या घरेलू सामान खरीद सकते हैं. सावधान रहें, क्योंकि कोई आपकी छवि धूमिल करने की कोशिश कर सकता है.

**वृश्चिक राशि :-** मित्रों या परिवार के सदस्यों के साथ मौज-मस्ती भरी यात्रा आपको सुकून देगी. आपने बीते समय में बहुत पैसा खर्च किया है जिसका खामियाजा आज आपको भुगतना पड़ सकता है. आज आपको पैसों की जरुरत होगी लेकिन वो आपको मिल नहीं पाएगा. दोस्तों का साथ राहत देगा. अपने प्रिय की गैर-जरूरी भावनात्मक मांगों के सामने घुटने न टेकें. नयी साझीदारी आज के दिन फलदायी रहेगी.

**धनु राशि :-** खयाली पुलाव पकाने में वक़्त जाया न करें. सार्थक कामों में लगाने के लिए अपनी ऊर्जा बचाकर रखें. आज किया गया निवेश आपकी समृद्धि और आर्थिक सुरक्षा में इजाफा करेगा. किसी नजदीकी रिश्तेदार या मित्र की तरफ से मिली अच्छी खबर के साथ दिन की शुरूआत होगी. प्यार का भरपूर लुत्फ मिल सकता है. आपके पास आज अपनी क्षमताओं को दिखाने के मौके होंगे. अगर आप शादीशुदा हैं और आपके बच्चे भी हैं तो वो आज आपसे शिकायत कर सकते हैं।

**मकर राशि :-** स्वास्थ्य के लिहाज से बहुत अच्छा दिन है. आपकी खुशमिजाजी ही आपके आत्मविश्वास में बढ़ोतरी करेगी. कोई पुराना मित्र आज आपसे आर्थिक मदद मांग सकता है और यदि आप उसकी आर्थिक मदद करते हैं तो आपके आर्थिक हालात थोड़े तंग हो सकते हैं. अपना क़ीमती वक़्त अपने बच्चों के साथ गुजारें. यह सबसे बेहतर मरहम है. वे कभी न खत्म होने वाली खुशियों का स्रोत साबित होंगे.

**कुम्भ राशि :-** नियमित व्यायाम के माध्यम से वजन को नियन्त्रित रखें. खर्चों में हुई अप्रत्याशित बढ़ोत्तरी आपके मन की शांति को भंग करेगी. कुछ लोगों के लिए- परिवार में किसी नए का आना जश्न और उल्लास के पल लेकर आएगा. अनपेक्षित रोमांटिक आकर्षण की संभावना है. मशहूर लोगों से मेलजोल आपको नई योजनाएँ और आइडिया सुझाएगा. दिन को कैसे अच्छा बनाया जाए इसके लिए आपको अपने लिए भी समय निकालना सीखना होगा.

**मीन राशि :-** आपका सकारात्मक रुख आपके आसपास के लोगों को प्रभावित करेगा. अतिरिक्त धन को रिअल एस्टेट में निवेश किया जा सकता है. शाम को रसोई के लिए जरूरी चीजों की खरीदारी आपको व्यस्त रखेगी. कई लोगों के लिए आज की रोमांटिक शाम खूबसूरत तोहफों और फूलों से भरपूर रहेगी. कार्यक्षेत्र के नजरिए से आज का दिन आपका है. इसका भरपूर फायदा उठाएँ. आज आप खुद को लोगों के ध्यान के केंद्र में पाएंगे, जब कोई आपके सहयोग की वजह से पुरस्कृत होगा।

## गुम होती राजनीतिक विचारधारा, सत्ता की खातिर दल बदलने वाले नेताओं की सूची लंबी

भारतीय राजनीति में खासकर चुनाव के वक्त विचारधारा की बातें बहुत सुनाई देती हैं पर सत्ता के खेल में वह वास्तव में कहीं बची भी है? कर्नाटक विधानसभा चुनाव का परिदृश्य फिर एक बार इसी सच को रेखांकित करता है। भारतीय राजनीति में खासकर चुनाव के वक्त विचारधारा की बातें बहुत सुनाई देती हैं, पर सत्ता के खेल में वह वास्तव में कहीं बची भी है? कर्नाटक विधानसभा चुनाव का परिदृश्य फिर एक बार इसी सच को रेखांकित करता है कि सत्ता के खेल में विचारधारा कहीं गुम होकर रह गई है। कर्नाटक विधानसभा चुनाव में सत्ता के तीनों दावेदार दलों के सेनापतियों की विचारधारा मूलतः एक ही होना क्या इसी सच का नवीनतम प्रमाण नहीं है?

विघटन की प्रक्रिया से गुजरते हुए जनता दल के आगे जैसे-जैसे कोष्ठक लगता गया, वह व्यक्तिकेंद्रित पारिवारिक दल बनता गया। कर्नाटक की राजनीति में किंगमेकर माना जा रहा जनता दल सेक्युलर भी उसी का प्रतीक है। वर्तमान जनता दल सेक्युलर का अर्थ पूर्व प्रधानमंत्री एचडी देवेगौड़ा के परिवार की राजनीति तक सिमट गया है, जिसका प्रतिनिधि चेहरा फिलहाल पूर्व मुख्यमंत्री एचडी कुमारस्वामी हैं, पर मूल जनता दल की बात करें, जो बोफोर्स बवंडर के जरिये वर्ष 1989 में केंद्र में सत्ता परिवर्तन का वाहक बना था तो पूर्व कांग्रेसी मुख्यमंत्री सिद्दरमैया और मौजूदा भाजपाई मुख्यमंत्री बासवराज बोम्मई ने भी अपना राजनीतिक सफर उसी से शुरू किया था। बोम्मई के पिता एसआर बोम्मई कर्नाटक के मुख्यमंत्री ही नहीं, जनता दल के राष्ट्रीय नेता भी रहे। सिद्दरमैया की गिनती भी तब कर्नाटक जनता दल के बड़े नेताओं में होती थी। जाहिर है, एक ही राजनीतिक विचारधारा से निकले तीन नेता आज अलग-अलग ही नहीं, बल्कि चुनावी प्रतिद्वंद्वी दलों के प्रतिनिधि के रूप में अगली सरकार के गठन के लिए जनादेश भी मांग रहे हैं।

बताया जा रहा है कि देश-प्रदेश की भलाई के लिए अमुक विचारधारा की जीत और दूसरी विचारधाराओं की हार जरूरी है, पर क्या यह वैचारिक राजनीतिक जंग है? इन नेताओं और इनके दलों का जवाब होगा-हां, यह वैचारिक लड़ाई है, पर कटु सत्य यही है कि सिद्दरमैया और बासवराज बोम्मई, दोनों का ही जनता दल से अलगाव राजनीतिक महत्वाकांक्षाओं के टकराव के चलते हुआ। सबसे बड़े दल भाजपा को केंद्र की सत्ता से बाहर करने के लिए साल 1996 में किए गए कांग्रेस समर्थित संयुक्त मोर्चा सरकारों के प्रयोग में प्रधानमंत्री रहने के बाद एचडी देवेगौड़ा का कद इतना बड़ा हो गया कि कर्नाटक में जनता दल उनके परिवार के दायरे में सिमटता चला गया। ऐसे में किसी भी अन्य नेता के लिए देवेगौड़ा के पुत्र एचडी कुमारस्वामी के नेतृत्व में राजनीति करने से आगे कोई संभावना बची ही नहीं।

ध्यान रहे कि जनता दल सरकारों में दो बार उपमुख्यमंत्री रह चुके सिद्दरमैया को मुख्यमंत्री बनने के लिए कांग्रेस का हाथ थामना पड़ा। यह भी विचारधारा के राजनीतिक संकट का ही प्रमाण रहा कि दशकों तक देश-प्रदेश पर एकछत्र राज करने वाली कांग्रेस को कर्नाटक की सत्ता में वापसी के लिए जनता दल के खेमे में रहे नेता की ताजपोशी करनी पड़ी।



भाजपा के उभार के बाद जनता दल तीसरे स्थान पर खिसक गया, पर लिंगायत, वोक्कालिगा और कुरुबा सरीखे प्रभावशाली समुदायों और उनके मठों के प्रभाव वाली कर्नाटक की जमीनी राजनीतिक वास्तविकता आज भी यही है कि वह तीन ध्रुवों में बंटी है। जनता दल सेक्युलर तीसरा छोटा ध्रुव है, पर सत्ता संतुलन की चाबी उसी के पास मानी जाती है। यही कारण है कि पिछले विधानसभा चुनाव में भाजपा के बहुमत के आंकड़े से पिछड़ जाने पर कांग्रेस ने अपने से आधे विधायकों वाले जनता दल सेक्युलर के नेता कुमारस्वामी को मुख्यमंत्री बना दिया। यह अलग बात है कि येदियुरप्पा ने साल बीतते-बीतते गठबंधन में सेंध लगाते हुए सत्ता में अपनी वापसी का मार्ग प्रशस्त कर लिया। लिंगायत नेता येदियुरप्पा को अपने दूसरे मुख्यमंत्रित्वकाल के दो वर्ष पूरे होने पर जुलाई, 2021 में जब बढ़ती उम्र के चलते सत्ता छोड़नी पड़ी तो भाजपा को भी उनका विकल्प पूर्व में जनता दल के नेता रहे बासवराज बोम्मई में ही नजर आया।

जाहिर है, अब चुनाव प्रचार में ये नेता अपने-अपने दल की कथित विचारधारा का ही गुणगान करते हुए वोट मांगेंगे, पर क्या राजनीतिक विचारधारा किसी आइपीएल फ्रेंचाइजी टीम की ड्रेस की तरह है कि जो मालिक और सत्र के साथ आसानी से बदली जा सकती हो? जनता दल का गठन मूलतः कांग्रेस की परिवारवादी और भ्रष्ट राजनीति के विरोध में हुआ था, जो सत्ता और संसाधनों के विकेंद्रीकरण में विश्वास रखने वाली समाजवादी विचारधारा का प्रतिनिधित्व करता था। फिर भला कोई जनता दली रातोंरात कांग्रेसी कैसे बन सकता है? हालांकि भाजपा और उसकी पूर्ववर्ती जनसंघ ने दशकों तक समाजवादी धारा के साथ मिलकर गठबंधन राजनीति की, पर वैचारिक तौर पर तो कांग्रेस-विरोध की समानता के अलावा वह उनसे बहुत अलग ही रही है।

## विचारधारा का कोई महत्व नहीं है

साल 2013 में डीवी सदानंद गौड़ा के इस्तीफे के बाद जगदीश शेट्टर को मुख्यमंत्री बनाया गया था। यही नहीं, भाजपा ने साल 2013 का विधानसभा चुनाव उनको मुख्यमंत्री उम्मीदवार घोषित करके लड़ा था, लेकिन उस चुनावों में भाजपा की करारी हार हो गयी थी। कर्नाटक में 10 मई को होने वाले विधानसभा चुनाव से पहले भाजपा को बड़ा झटका देते हुए पूर्व मुख्यमंत्री और पार्टी के वरिष्ठ नेता जगदीश शेट्टर कांग्रेस में शामिल हो गये। दरअसल भाजपा ने इस बार विधानसभा चुनावों के लिए शेट्टर को टिकट नहीं दिया था इसीलिए वह नाराज हो गये थे। उन्होंने दिल्ली जाकर भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा और केंद्रीय मंत्री प्रल्हाद जोशी से मुलाकात की थी लेकिन बात नहीं बन सकी थी। पूर्व मुख्यमंत्री बीएस येदियुरप्पा ने भी जगदीश शेट्टर को उम्मीदवारी दिलाने के लिए काफी प्रयास किये थे लेकिन पार्टी आलाकमान ने एक फॉर्मूले के तहत कई वरिष्ठ नेताओं को इस बार विधानसभा चुनावों में नहीं उतार कर युवाओं को मौका दिया है। जगदीश शेट्टर से भी कहा गया था कि वह चाहें तो उनके परिवार से किसी को उम्मीदवार बनाया जा सकता है। इसके अलावा जगदीश शेट्टर को राज्यसभा की सीट का प्रस्ताव भी दिया गया था लेकिन उनके अड़ियल रुख को देखते हुए उन्हें मनाने के प्रयास छोड़ दिये गये थे। हम आपको यह भी बता दें कि पिछले हफ्ते ही पूर्व उपमुख्यमंत्री और वरिष्ठ भाजपा नेता रहे लक्ष्मण सावदी भी उम्मीदवार नहीं बनाये जाने से नाराज होकर पार्टी छोड़कर कांग्रेस में शामिल हो गये थे। ऐसे में दो बड़े नेताओं का पार्टी छोड़ना और जिन विधायकों के टिकट कटे हैं उनका कांग्रेस और जनता दल सेक्युलर के साथ चले जाना, निश्चित ही भाजपा की चुनावी संभावनाओं पर असर डाल सकता है।

जहां तक जगदीश शेट्टर की बात है तो आपको बता दें कि साल 2013 में डीवी सदानंद गौड़ा के इस्तीफे के बाद उन्हें मुख्यमंत्री बनाया गया था। यही नहीं, भाजपा ने साल 2013 का विधानसभा चुनाव उनको मुख्यमंत्री उम्मीदवार घोषित करके लड़ा था, लेकिन उस चुनावों में भाजपा की करारी हार हो गयी थी। चुनाव के बाद जगदीश शेट्टर को किनारे नहीं किया गया बल्कि उन्हें विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष बनाया गया। अब जब वह कांग्रेस में शामिल हुए तो उससे स्पष्ट हो गया कि कुछ राजनीतिज्ञों के लिए पद ही सब कुछ है। विचारधारा का उनके लिए कोई महत्व नहीं है। जिस पार्टी ने उन्हें आधा दर्जन बार विधायक बनाया, कैबिनेट मंत्री, विधानसभा अध्यक्ष बनाया और मुख्यमंत्री तक बनाया, उसे उन्होंने महज एक चुनावी टिकट के लिए अलविदा कह दिया। पांच दशक से ज्यादा समय तक वह संघ और जनसंघ की विचारधारा के साथ पले बढ़े और उसके प्रसार में महती भूमिका निभाई, इसलिए अब जब उन्होंने पाला बदल लिया है तब यह सवाल उठेगा ही कि दूसरी विचारधारा के साथ वह कैसे सामंजस्य बिठा पायेंगे? जगदीश शेट्टर को इस उम्र में भाजपा छोड़ने से पहले यह भी सोचना चाहिए था कि यदि कर्नाटक में कांग्रेस विधानसभा चुनाव नहीं जीत पाई तब उनकी जिंदगी भर की मेहनत पर पानी फिर जायेगा। बहरहाल, देखा जाये तो जगदीश शेट्टर जैसे वयोवृद्ध नेताओं की राजनीति में बने रहने की इच्छा भी विकास में बड़ी बाधक है। यदि वयोवृद्ध नेता युवाओं के लिए पद छोड़ना शुरू कर दें और अपने अनुभव का लाभ उन्हें देते हुए उनका मार्गदर्शन करें तो युवाओं की ऊर्जा और वरिष्ठों के अनुभव का समावेश राज्य और देश के लिए काफी लाभदायक सिद्ध होगा।

## सेहत का सवाल

सरकार तंबाकू आधारित उत्पादों को स्वास्थ्य के लिहाज से खतरनाक मानती है तो उनकी बिक्री और उससे आगे उत्पादन को लेकर कोई ठोस नियमन क्यों नहीं हो सकता। तंबाकू और पान-मसाला की बिक्री को लेकर एक याचिका की सुनवाई करते हुए सुप्रीम कोर्ट ने जो टिप्पणी की, उसे इस मसले पर सरकारों की इच्छाशक्ति को आईना दिखाना माना जा सकता है। इससे बड़ी विडंबना और क्या होगी कि जहां तंबाकू के सेवन से गंभीर रोग होने की जानकारी देने और इस खतरनाक पदार्थ का सेवन छोड़ने का संदेश देने वाले विज्ञापनों के जरिए आम लोगों को सचेत और जागरूक किया जाता है, वहीं रोजमर्रा की जिंदगी में स्वास्थ्य के लिए घातक साबित होने वाली चीजों की सरेआम बिक्री चलती रहती है। इसी मुद्दे पर सुनवाई के दौरान सुप्रीम कोर्ट ने साफ लहजे में कहा कि गुटखा बेचना कोई अमृत बेचना नहीं है; इस पर स्थायी तौर पर पाबंदी क्यों नहीं लगाई जाती? जाहिर है, अदालत ने एक तरह से यह बुनियादी सवाल उठाया है कि अगर सरकार यह मानती है कि गुटखा या तंबाकू उत्पादों से लोगों की सेहत को गंभीर नुकसान पहुंचता है तो इसके उत्पादन और बिक्री को लेकर कोई ठोस नियमन क्यों नहीं है। यह विरोधाभास ही है कि एक ओर देश भर में लोगों की सेहत को सुरक्षित बनाने के लिए सरकार की ओर से सख्त नियम-कायदे लागू किए जाते हैं और उन पर अमल सुनिश्चित कराया जाता है, दूसरी ओर रोजमर्रा की जिंदगी में स्वास्थ्य के लिए खतरा साबित होने वाली चीजों की बिक्री को लेकर लापरवाही का आलम कायम रहता है।

सही है कि तमिलनाडु सरकार आम लोगों के स्वास्थ्य को नुकसान पहुंचाने वाले इन पदार्थों की बिक्री पर रोक लगाने की कोशिश की, लेकिन ऐसे नियम क्यों होते हैं कि हर अगले साल नए सिरे से उनके लिए अधिसूचना जारी करनी पड़ती है? इस सवाल उठाते हुए सुप्रीम कोर्ट की पीठ ने सही ही पूछा कि हर साल ऐसी अधिसूचना जारी करने के बजाय स्थायी रूप से इस पर पाबंदी क्यों नहीं लगाई जाती! लेकिन तमिलनाडु सरकार की ओर से इसका विचित्र जवाब यह दिया गया कि निमार्ता कंपनियां पान-मसाला और तंबाकू अलग-अलग पाउच में बेचती हैं, इसलिए इस पर स्थायी पाबंदी नहीं लगाया जा सकता है। यह समझना मुश्किल है कि इस तरह की दलीलों के जरिए तंबाकू को लेकर नीतिगत फैसलों के किस पहलू को सही ठहराने की कोशिश की जाती है। अगर सरकार तंबाकू आधारित उत्पादों को स्वास्थ्य के लिहाज से खतरनाक मानती है तो उनकी बिक्री और उससे आगे उत्पादन को लेकर कोई ठोस नियमन क्यों नहीं हो सकता? यह छिपा नहीं है कि गुटखा या तंबाकू आधारित उत्पादों की वजह से कैंसर या अन्य कई गंभीर रोग आज जनस्वास्थ्य के लिए एक बड़ी समस्या और चुनौती के रूप में सामने है। इसे स्वास्थ्य विशेषज्ञों से लेकर सरकारें तक स्वीकार करती हैं। इससे दूर रहने के लिए विज्ञापनों के जरिए जागरूकता अभियान चलाया जाता है। लेकिन नशे और लत का शिकार बना कर लोगों को बीमार करने और कई बार जानलेवा रोग से ग्रस्त कर देने वाली शराब, गुटका या तंबाकू आधारित उत्पादों की बिक्री को लेकर सरकारें सिर्फ इसलिए नरम रहती हैं कि इनकी बिक्री से उन्हें भारी पैमाने पर राजस्व हासिल होता है। सवाल है कि केवल सरकारी राजस्व में बढ़ोतरी के लिए व्यापक पैमाने पर आम लोगों की सेहत के साथ खिलवाड़ किया जाना कितना उचित है!



## खबर संक्षेप

### शिवाजी जयंती पर विदेशी मुद्रा बाजार रहा बंद



**मुंबई।** विदेशी मुद्रा बाजार 'छत्रपति शिवाजी महाराज जयंती' के मौके पर बुधवार को बंद रहेगा। रोज की तरह बाजार में बुधवार को फिर कारोबार शुरू होगा। भारतीय शेयर बाजार में रोज की तरह बुधवार को शेयरों में हुआ कारोबार।

### मित्तल परिवार ने एयरटेल के 8485 करोड़ के शेयर बेचे



**नई दिल्ली।** सुनील भारती मित्तल के परिवार की होल्डिंग कंपनी इंडियन कॉन्टिनेंट इन्वेस्टमेंट लिमिटेड ने बाजार लेनदेन के जरिये एयरटेल के करीब 8,485.11 करोड़ रुपये के शेयर बेचे हैं। भारती एयरटेल की प्रवर्तक फर्म भारती टेलीकॉम ने थोक सौदे में आईसीआईएल द्वारा बेची गई कुल बिक्री का लगभग 24 प्रतिशत हिस्सा या 1.2 करोड़ शेयर खरीदे। सिंगापुर की दूरसंचार कंपनी सिंगटेल के बीच एक संयुक्त उद्यम है।

### मवाना शुगर्स के प्रवर्तक को राशि वापस करने का आदेश



**नई दिल्ली।** पूंजी बाजार नियामक सेबी ने मवाना शुगर्स के एक प्रवर्तक को कंपनी की प्रतिभूतियों में भेदिया कारोबार के जरिए प्राप्त 6.17 करोड़ रुपये वापस करने का निर्देश दिया। यह आदेश तब आया जब सेबी ने सितंबर 2017 से फरवरी 2018 की अवधि के लिए मवाना शुगर्स लिमिटेड के प्रवर्तक और विशेष सलाहकार सिद्धार्थ श्रीराम की ट्रेडिंग गतिविधियों की जांच की।

### इस साल कर्मचारियों का वेतन 9.2 फीसदी बढ़ेगा



**नई दिल्ली।** अग्रणी वैश्विक पेशेवर सेवा कंपनी एऑन पीएलसी ने कहा है कि वैश्विक अनिश्चितता और नरम वृद्धि के बीच भारत में इस साल कर्मचारियों के वेतन में 9.2 प्रतिशत की वृद्धि होने की संभावना है। सर्वे 2024-25 के अनुसार, बढ़ती वैश्विक अनिश्चितता के बीच, भारत एक स्थिर वृद्धि की ओर अग्रसर है और देश में वेतनवृद्धि 2025 में स्थिर रहने की उम्मीद है।

### हेक्सावेयर टेक का शेयर 5% बढ़कर सूचीबद्ध



**नई दिल्ली।** प्रमुख निजी इक्विटी कंपनी कार्लाइल समूह समर्थित हेक्सावेयर टेक्नोलॉजीज लिमिटेड का शेयर अपने निर्गम मूल्य 708 रुपये से पांच प्रतिशत से अधिक बढ़त के साथ बुधवार को बाजार में सूचीबद्ध हुआ। बीएसई पर शेयर ने 3.24 प्रतिशत की तेजी के साथ 731 रुपये पर शुरुआती की। बाद में यह 10.16 प्रतिशत चढ़कर 780 रुपये पर पहुंच गया।

### पहले 10 माह में डीओसी निर्यात नौ प्रतिशत घटा



**नई दिल्ली।** भारत का डी-आयल्ड केक (डीओसी) का निर्यात चालू वित्त वर्ष के पहले 10 माह (अप्रैल-जनवरी) के दौरान नौ प्रतिशत घटकर 36 लाख टन रह गया है। इस गिरावट का कारण रैपसीड डीओसी और अरंडी डीओसी के निर्यात की खेप का घटना है। सॉल्वेंट एक्सट्रैक्टर्स एसोसिएशन ऑफ इंडिया के आंकड़ों के अनुसार, वर्ष 2024-25 की अप्रैल-जनवरी की अवधि के दौरान, कुल डीओसी का निर्यात 36,03,030 टन का हुआ, जो कि पिछले वर्ष की समान अवधि में 39,74,351 टन था।

# एमजी विंडसर बनी भारत की बेस्ट सेलिंग इलेक्ट्रिक कार, 15 हजार यूनिट का आंकड़ा पार

नई दिल्ली

भारत में इलेक्ट्रिक गाड़ियों की मांग तेजी से बढ़ रही है और इसका सबसे बड़ा उदाहरण एमजी विंडसर ईवी है। विंडसर ने अपने लांच के बाद से लगातार बेस्टसेलिंग ईवी का खिताब अपने नाम किया है। अब जेएसडब्ल्यू एमजी मोटर इंडिया ने घोषणा की है कि एमजी विंडसर ईवी ने 15,000 यूनिट का प्रोडक्शन माइलस्टोन पार कर लिया है।

- अक्टूबर 2024 से जनवरी 2025 तक लगातार भारत की नंबर 1 इलेक्ट्रिक कार रही

एमजी विंडसर ईवी बीते अक्टूबर 2024 से जनवरी 2025 तक लगातार भारत की नंबर 1 इलेक्ट्रिक कार रही है। विंडसर को हर दिन लगभग 200 बुकिंग्स मिल रही हैं, जिससे इसकी लोकप्रियता का अंदाजा लगाया जा सकता है। कंपनी ने गुजरात के हलोल स्थित मैन्युफैक्चरिंग प्लांट में विंडसर ईवी की कुल 15,000 यूनिट्स का उत्पादन पूरा कर लिया है।

## कंपनी ने बेस्टसेलिंग ईवी का खिताब अपने नाम किया

### एमजी विंडसर की कीमत और खासियत

एमजी विंडसर ईवी की मौजूदा एक्स शोरूम प्राइस 14 लाख रुपए से शुरू होकर 16 लाख रुपए (बैटरी के साथ) तक जाती है। इस इलेक्ट्रिक क्रॉसओवर की सिंगल चार्ज रेंज 331 किलोमीटर तक की है। भारतीय ग्राहकों ने कीमत, फीचर्स और लग्जरी एक्सपीरियंस के कारण विंडसर ईवी को पसंद किया है। इसके अलावा बैटरी को अलग से लीज पर लेने का ऑप्शन, निश्चित समय के बाद कार को वापस बेचने की गारंटी और लाइफटाइम वॉरंटी की सुविधा लोगों को पसंद आ रही है।



### एमजी सेलेक्ट ब्रैंड के जल्द आ रहे हैं दो नए मॉडल

जेएसडब्ल्यू एमजी मोटर इंडिया अपने पोर्टफोलियो को और डाइवर्सिफाई कर रही है और जल्द ही प्रीमियम ब्रैंड एमजी सेलेक्ट के तहत एमजी सेयबेस्टर नाम से एक फ्यूचरिस्टिक इलेक्ट्रिक स्पोर्ट्स कार और प्रीमियम एमपीवी सेगमेंट में एमजी एम9 लिमोजीन लांच करने जा रही है। इन दोनों मॉडल की कीमत का खुलासा आने वाले महीनों में कर दिया जाएगा।

### फरवरी में घट सकता है उत्पादन

एमजी मोटर अपनी हलोल फैसिलिटी को अपग्रेड कर रही है, जिससे फरवरी 2025 में प्रोडक्शन धीमा रहेगा। यह कदम एमजी विंडसर ईवी की बढ़ती डिमांड को पूरा करने और नई एमजी सेलेक्ट सीरीज की तैयारी के लिए उठाया गया है। हलोल प्लांट में कुछ मॉडिफिकेशन किए जा रहे हैं।

## भारत की अर्थव्यवस्था को घरेलू कारकों से गति मिल रही

# अमेरिका के जवाबी शुल्क का भारत की अर्थव्यवस्था पर नहीं होगा असर: एसएंडपी

नई दिल्ली

*साख निर्धारित करने वाली एजेंसी एसएंडपी ग्लोबल रेटिंग्स ने बुधवार को कहा कि अमेरिका के जवाबी शुल्क का भारत पर कोई खास प्रभाव नहीं होगा। इसका कारण यह है कि अर्थव्यवस्था को घरेलू कारकों से गति मिल रही है जबकि निर्यात पर निर्भरता कम है।*

एशिया-प्रशांत एसएंडपी ग्लोबल के सॉवरेन और इंटरनेशनल पब्लिक फाइनेंस रेटिंग के निदेशक यीफर्न फुआ ने यह भी कहा कि भारत अगले दो साल में 6.7 से 6.8 प्रतिशत की सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) की वृद्धि दर हासिल करेगा। उन्होंने कहा कि वित्त वर्ष 2025-26 का बजट अगले कुछ वर्षों के लिए वृद्धि को बढ़ावा देगा।

- देश की निर्भरता अब निर्यात पर कम है
- भारत अगले दो साल में 6.8 फीसदी की जीडीपी दर हासिल करेगा
- बजट वित्त वर्ष 2025-26 के लिए वृद्धि को बढ़ावा देगा



### करदाताओं को कर मोर्चे पर राहत

मुख्य रूप से करदाताओं को कर मोर्चे पर राहत के माध्यम से घरेलू मांग और जीडीपी की वृद्धि अब 'टिकाऊ स्तर' पर सामान्य स्थिति में आ रही है। उन्होंने कहा, ''सरकार निवेश-आधारित वृद्धि और कृषि क्षेत्र में सुधारों पर अधिक अधिक ध्यान दे रही है। हालांकि, हमें लगता है कि महामारी के बाद पिछले तीन वर्षों में वृद्धि दर औसतन 8.3 प्रतिशत होने के बाद भारत में जीडीपी वृद्धि दर अधिक टिकाऊ होती जा रही है।''

### राजस्व में वृद्धि जारी रहेगी

फुआ ने कहा, ''फिलहाल, हमारा अनुमान है कि उपभोक्ता खर्च और सार्वजनिक निवेश अगले दो साल में सकल घरेलू उत्पाद की वृद्धि दर को 6.7 से 6.8 प्रतिशत के आसपास बनाए रखेंगे। आर्थिक वृद्धि की ये दरें, भले ही पहले की तुलना में कम हैं, लेकिन समान आय स्तरों पर भारत को अपने समकक्ष देशों से ऊपर बनाये रखेंगी। हमारा मानना है कि आयकर में कटौती के बावजूद राजस्व में वृद्धि जारी रहेगी।


### राजस्व में वृद्धि जारी रहेगी

फुआ ने कहा, ''फिलहाल, हमारा अनुमान है कि उपभोक्ता खर्च और सार्वजनिक निवेश अगले दो साल में सकल घरेलू उत्पाद की वृद्धि दर को 6.7 से 6.8 प्रतिशत के आसपास बनाए रखेंगे। आर्थिक वृद्धि की ये दरें, भले ही पहले की तुलना में कम हैं, लेकिन समान आय स्तरों पर भारत को अपने समकक्ष देशों से ऊपर बनाये रखेंगी। हमारा मानना है कि आयकर में कटौती के बावजूद राजस्व में वृद्धि जारी रहेगी।


### अमेरिका को निर्यात में सेवा क्षेत्र की हिस्सेदारी अधिक

भारत पर अमेरिकी शुल्क के प्रभाव के बारे में पूछे जाने पर, फुआ ने कहा कि भारत की अर्थव्यवस्था अब भी काफी हद तक घरेलू उन्मुख है। साथ ही अमेरिका को जो निर्यात हो रहा है, उसमें सेवा क्षेत्र की हिस्सेदारी अधिक है, जिसमें शुल्क वृद्धि की संभावना कम है।

### भारत की निर्यात पर निर्भरता ज्यादा नहीं

फुआ ने कहा, ''भारत की वृद्धि के लिहाज से निर्यात पर निर्भरता ज्यादा नहीं है। इसलिए, मुझे लगता है कि अमेरिकी शुल्क का प्रभाव कमोबेश सीमित होगा। वस्तुओं के मामले में जिन क्षेत्रों पर अधिक शुल्क लग सकता है उनमें आभूषण, औषधि, कपड़ा और रसायन शामिल हैं। उन्होंने कहा कि अमेरिका भारत से औषधि पर अधिक शुल्क नहीं लगा सकता है क्योंकि इससे उसके अपने देश में स्वास्थ्य देखभाल की लागत बढ़ जाएगी।

# घरेलू शेयर बाजार मामूली गिरावट के साथ हुआ बंद

मुंबई



- सेंसेक्स 28 अंक व निफ्टी 12 अंक के नुकसान में रहा

उतार-चढ़ाव भरे कारोबार में स्थानीय शेयर बाजार में बुधवार को मामूली गिरावट रही। बीएसई सेंसेक्स 28 अंक के नुकसान में रहा जबकि निफ्टी 12 अंक नीचे आया। तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 28.21 अंक यानी 0.04 प्रतिशत की गिरावट के साथ 75,939.18 अंक पर बंद हुआ। निफ्टी भी 12.40 अंक यानी 0.05 प्रतिशत की हल्की गिरावट के साथ 22,932.90 अंक पर बंद हुआ।

सेंसेक्स के शेयरों में टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस) और इन्फोसिस दो-दो प्रतिशत नीचे आए। इसके अलावा, मुख्य रूप से हिंदुस्तान यूनिलीवर, भारती एयरटेल, सन फार्मा, पावर ग्रिड, बजाज फिनसर्व, एचसीएल टेक, महिंद्रा एंड महिंद्रा और टेक महिंद्रा के शेयरों में भी गिरावट रही। लाभ में रहने वाले शेयरों में जोमैटो करीब पांच प्रतिशत चढ़ा। इसके अलावा लार्सन एंड टुब्रो (एलएंडटी), एक्सिस बैंक, आईसीआईसीआई बैंक, इंडसइंड बैंक और कोटक महिंद्रा बैंक भी मुनाफे में रहे।

*बाजार सीमित दायरे में रहा*

*जियोजीत फाइनेंशियल सर्विसेज के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा, ''मानक सूचकांक सीमित दायरे में रहे। इनमें मामूली गिरावट का रुख रहा।*

### अदाणी समूह की नौ कंपनियों के शेयर टूटे

अदाणी समूह की नौ कंपनियों के शेयरों में बुधवार को गिरावट दर्ज की गई। बीएसई पर अदाणी ग्रीन एनर्जी के शेयर में 3.75 प्रतिशत, समूह की प्रमुख कंपनी अदाणी एंटरप्राइजेज लिमिटेड में 1.78 प्रतिशत, अंबुजा सीमेंट्स में 1.36 प्रतिशत, सांघी इंडस्ट्रीज में 1.36 प्रतिशत, एसीसी में 0.93 प्रतिशत, अदाणी विल्मर में 0.90 प्रतिशत, अदाणी एनर्जी सॉल्यूशंस में 0.81 प्रतिशत, अदाणी पावर में 0.47 प्रतिशत और अदाणी पोर्ट्स के शेयर में 0.28 प्रतिशत की गिरावट आई। दिनभर के कारोबार में अदाणी ग्रीन एनर्जी का शेयर 4.25 प्रतिशत और अदाणी एंटरप्राइजेज का शेयर 4.30 प्रतिशत तक गिर गया था। हालांकि, एनडीटीवी के शेयर में 1.35 प्रतिशत और अदाणी टोटल गैस के शेयर में 0.54 प्रतिशत की तेजी आई।

# जिप इलेक्ट्रिक की एक लाख ईवी दोपहिया तैनाती की योजना

- इंडोफास्ट एनर्जी से सहयोग बढ़ाएगी
- दोनों के बीच 50-50 प्रतिशत की संयुक्त साझेदारी

नई दिल्ली



इलेक्ट्रिक मोबिलिटी कंपनी जिप इलेक्ट्रिक ने बुधवार को कहा कि वह अगले 12-18 महीनों में इंडोफास्ट एनर्जी के साथ साझेदारी में एक लाख इलेक्ट्रिक दोपहिया वाहनों को तैनात करने की योजना बना रही है।

इंडोफास्ट एनर्जी - इंडियन ऑयल और एसयूएन मोबिलिटी के बीच 50-50 प्रतिशत की साझेदारी वाला संयुक्त उद्यम है। जिप इलेक्ट्रिक पहले से ही इंडोफास्ट एनर्जी के बैटरी अदला-बदली ढांचे द्वारा समर्थित 10,000 से अधिक इलेक्ट्रिक वाहनों को तैनात कर चुकी है। कंपनी ने बयान में कहा कि एक लाख इलेक्ट्रिक दोपहिया वाहनों (ई-2डब्ल्यू-एस) के नए बेड़े को भारत के शीर्ष आठ शहरों में तैनात किया जाएगा, जिसमें दिल्ली-एनसीआर, मुंबई, बेंगलुरु, हैदराबाद, पुणे, लखनऊ और जयपुर शामिल हैं। इस तैनाती से डिलिवरी भागीदारों और उद्यमों के लिए दक्षता बढ़ेगी। दिल्ली-एनसीआर और बेंगलुरु में इंडोफास्ट एनर्जी के पास प्रत्येक 1.5 किलोमीटर पर अदला-बदली स्टेशनों का एक व्यापक नेटवर्क है, जिससे निर्बाध और परेशानी मुक्त बैटरी पहुंच सुनिश्चित होती है।

# एलआईसी ने 'स्मार्ट' पेंशन योजना शुरू की




**नई दिल्ली।** सार्वजनिक क्षेत्र की भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी) ने मंगलवार को एकल प्रीमियम वाली 'स्मार्ट' पेंशन योजना शुरू की।यह योजना एक व्यक्ति के साथ ही संयुक्त रूप से पेंशन के लिए कई तरह के विकल्प उपलब्ध कराती है। वित्तीय सेवा सचिव एम नागराजू और एलआईसी के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) एवं प्रबंध निदेशक सिद्धार्थ मोहंती ने इस योजना को पेश किया। इस मौके पर वित्त मंत्रालय और एलआईसी के वरिष्ठ अधिकारी मौजूद थे। एलआईसी ने एक बयान में कहा कि पॉलिसी की शर्तों के अनुसार आंशिक या पूर्ण निकासी के लिए कई नकदी विकल्प उपलब्ध हैं। पेंशन योजना के तहत न्यूनतम खरीद मूल्य एक लाख रुपये है।

# एलजी ने अपने आईपीओ के लिए रोड शो किया शुरू



**नई दिल्ली।** एलजी इलेक्ट्रॉनिक्स ने अपनी भारतीय इकाई के आगामी आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) के लिए रोड शो शुरू कर दिया है। आईपीओ के तहत जहां दक्षिण कोरियाई 'चैबोल' 15 प्रतिशत हिस्सेदारी के बराबर 10.18 करोड़ से अधिक शेयर बेचेगी। उद्योग के अंदरूनी सूत्रों ने बताया कि कंपनी ने अपने आईपीओ के लिए मुंबई में रोड शो किया और कुछ रिपोर्टों के अनुसार इसके जरिये 1.5 अरब डॉलर तक जुटाए जा सकते हैं। उन्होंने कहा कि एलजी की संभावित निवेशकों को लुभाने के लिए अन्य शहरों में भी इसी तरह का रोड शो आयोजित करने की योजना है। एलजी इलेक्ट्रॉनिक्स के प्रवक्ता ने इसपर टिप्पणी करने से इनकार कर दिया और कहा कि बाजार नियामक सेबी के समक्ष दायर आईपीओ दस्तावेज अब भी समीक्षाधीन हैं।

### यूरोपीय हॉलिडे होम ब्रांड 'डैनसेंटर' भारत में पेश



**नई दिल्ली।** आतिथ्य क्षेत्र के ऑनलाइन मंच ओयो की मूल कंपनी ओरावेल स्टेज ने भारतीय बाजार में अपने यूरोपीय ब्रांड 'डैनसेंटर' को पेश करने की बुधवार को घोषणा की। डैनसेंटर का 2019 में ओयो वेकेशन होम्स ने अधिग्रहण किया था। तब से, कंपनी ने यूरोप में अपनी उपस्थिति का काफी विस्तार किया है। ओयो ने बयान में कहा, '' डैनसेंटर गोवा में प्रीमियम अपार्टमेंट पेश करने के लिए रियल एस्टेट प्रमुख प्रोविडेंट ग्रुप के साथ बातचीत के अंतिम चरण में है। डैनसेंटर एक डेनिश ब्रांड है जिसकी स्थापना 1957 में डेनमार्क में हुई थी। इसमें डेनमार्क, स्वीडन, नॉर्वे और जर्मनी में 12,000 संपत्तियों का विविध खंड शामिल है।

# हुंडई मोटर निर्यात के लिए भारत को बनाएगी केंद्र

नई दिल्ली



हुंडई मोटर इंडिया के प्रबंध निदेशक उन्सू किम ने कहा है कि कंपनी अफ्रीका और पड़ोस के उभरते बाजारों को निर्यात के लिए खुद को एक विनिर्माण केंद्र के रूप में स्थापित करना चाहती है। कंपनी अपने निर्यात बाजारों में विविधता लाने पर विचार कर रही है, क्योंकि लाल सागर और अन्य भू-राजनीतिक मुद्दों के कारण पश्चिम एशिया जैसे क्षेत्रों में निर्यात के संबंध में उसे चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा है।

- कंपनी अपने निर्यात बाजारों में विविधता लाने पर कर रही विचार

किम ने कहा, हम कंपनी को उभरते बाजारों के लिए उत्पादन केंद्र के रूप में स्थापित कर रहे हैं। हम अपने लागत-अनुकूलित वाहनों का विनिर्माण तथा निर्यात उभरते बाजारों में कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि मोटर वाहन विनिर्माता के पास घरेलू तथा निर्यात मात्रा का संतुलित मिश्रण है, जिससे उसे न केवल अच्छा मुनाफा मिलता है बल्कि यह बाजार में किसी भी उतार-चढ़ाव से बचाव भी प्रदान करता है। किम ने कहा, '' उभरते बाजारों के लिए बेहद उपयुक्त उत्पाद पर हमारा काम जारी है।'' उन्होंने कहा कि हुंडई ने अफ्रीका, मेक्सिको और लातिनी अमेरिका जैसे करीब सभी क्षेत्रों में वृद्धि दर्ज की है। चालू वित्त वर्ष 2024-25 की अक्टूबर-दिसंबर तिमाही में हुंदै ने 40,386 वाहनों का निर्यात किया, जबकि 2023-24 की इसी तिमाही में 43,650 वाहनों का निर्यात किया था। वर्ष 2024 में सऊदी अरब, दक्षिण अफ्रीका, मेक्सिको, चिली और पेरू मात्रा के हिसाब से कंपनी के लिए सबसे बड़े निर्यात बाजार बनकर उभरे। हुंदै ने कैलेंडर वर्ष 2024 में कुल 1,58,686 वाहनों का निर्यात किया। वाहन विनिर्माता कंपनी ने इस महीने भारत से निर्यात के 25 साल पूरे किए है। हुंदै मोटर इंडिया ने 1999 में निर्यात शुरू करने के बाद से आज तक 37 लाख से अधिक यात्री वाहनों का निर्यात किया है।

इसने पिछले 25 वर्षों में दुनियाभर के 150 से अधिक देशों में यात्री वाहनों का निर्यात किया है और वर्तमान में 60 से अधिक देशों को निर्यात करती है।

### द. कोरिया के बाहर सबसे बड़ा निर्यात केंद्र होगा भारत

किम ने कहा, '' दक्षिण कोरिया के बाहर हुंडई के लिए सबसे बड़ा निर्यात केंद्र बनने के लक्ष्य के साथ, हम आने वाले वर्षों में अपनी विकास गति को जारी रखने की उम्मीद रखते हैं। ''

# जापान के निर्यात, आयात में जनवरी में वृद्धि

टोक्यो



- जापान ने 18 अरब डॉलर का व्यापार घाटा दर्ज किया
- जनवरी 2024 में दर्ज व्यापार घाटे से 60 फीसदी अधिक

जापान ने जनवरी में 2760 अरब येन (18 अरब डॉलर) का व्यापार घाटा दर्ज किया। यह राशि जनवरी 2024 में दर्ज व्यापार घाटे से 60 प्रतिशत अधिक है। वित्त मंत्रालय ने बुधवार को जानकारी दी, पिछले महीने निर्यात कुल 7860 अरब येन (52 अरब डॉलर) रहा, जो पिछले वर्ष की तुलना में सात प्रतिशत अधिक है।

मशीनरी, चिकित्सीय सामान और जहाजों सहित विभिन्न उत्पादों का निर्यात बढ़ा है। आयात कुल 10620 अरब येन (70 अरब डॉलर) रहा, जो जनवरी 2024 की तुलना में 16.7 प्रतिशत अधिक है। मशीनरी, कंप्यूटर और फलों सहित विभिन्न खाद्य पदार्थों के आयात में वृद्धि हुई, क्योंकि मांग में वृद्धि हुई जबकि विदेशी मुद्राओं के मुकाबले येन कमजोर हुआ।

जापान में उपभोग अपेक्षाकृत मजबूत बने रहने की उम्मीद है। हालांकि अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के प्रशासन द्वारा शुल्क लगाए जाने की चिंताएं बढ़ती जा रही हैं। जापान ने अमेरिका के साथ लगभग 477 अरब येन (तीन अरब डॉलर) का व्यापार अधिशेष दर्ज किया, क्योंकि विद्युत उपकरण, कार और कच्चे माल जैसी वस्तुओं के निर्यात में आठ प्रतिशत की वृद्धि हुई।

## ट्रंप की शुल्क लगाने की धमकी के बाद सोना बना सुरक्षित निवेश

# सोना फिर 89,400 रुपए के सर्वकालिक उच्च स्तर पर

नई दिल्ली

मजबूत वैश्विक रुख के बीच बुधवार को राष्ट्रीय राजधानी के सराफा बाजार में सोने की कीमत 900 रुपये बढ़कर 89,400 रुपये प्रति 10 ग्राम के सर्वकालिक उच्चस्तर पर पहुंच गई। अखिल भारतीय सराफा संघ ने यह जानकारी दी। पिछले कारोबारी सत्र में 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना 88,500 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था। 14 फरवरी को स्थानीय बाजारों में यह 1,300 रुपये बढ़कर 89,400 रुपये प्रति 10 ग्राम के सर्वकालिक उच्चस्तर पर पहुंचा था।

- चांदी में 600 रुपए की तेजी, 99600 रुपए प्रति किलो

*निवेशकों को फेड की घोषणा का इंतजार*

*एचडीएफसी सिक्योरिटीज के वरिष्ठ विश्लेषक-जिंस सौमिल गांधी ने कहा, ''निवेशक अमेरिकी फेडरल रिजर्व की फेडरल ओपन मार्केट कमेटी (एफओएमसी) की जनवरी की मौद्रिक नीति बैठक के ब्योरे का इंतजार कर रहे हैं।*



### सुरक्षित निवेश की मांग बढ़ी

पिछले सत्र में यह 88,100 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुई थी। विशेषज्ञों के अनुसार, राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की नए शुल्क की धमकियों के बीच सुरक्षित निवेश की मांग बढ़ने और सतत लिवाली के साथ-साथ बढ़ती भू-राजनीतिक अनिश्चितता के कारण बुधवार को सोने में तेजी जारी रही। चांदी का भाव भी बुधवार को 600 रुपये बढ़कर 99,600 रुपये प्रति किलोग्राम हो गया।

### सोने में वायदा कारोबार रिकॉर्ड उच्चस्तर पर

अप्रैल डिलिवरी के लिए कॉमेक्स सोना वायदा 12 डॉलर बढ़कर 2,960.99 डॉलर प्रति औंस के रिकॉर्ड उच्चस्तर के करीब पहुंच गया। पिछले सप्ताह वैश्विक बाजारों में यह 2,968.50 डॉलर प्रति औंस के सर्वकालिक उच्चस्तर पर पहुंच गया था। एशियाई कारोबार के घंटों में कॉमेक्स चांदी वायदा भी 33.61 डॉलर प्रति औंस पर कारोबार कर रहा था।

### इस साल अब तक सोना 10,010 रुपए बढ़ा

इस साल अबतक सोने का भाव 10,010 रुपये यानी 12.6 प्रतिशत बढ़कर 89,400 रुपये प्रति 10 ग्राम हो गया है, जबकि एक जनवरी को सोने का भाव 79,390 रुपये प्रति 10 ग्राम था। इसके अलावा, 99.5 प्रतिशत शुद्धता वाला सोने की कीमत 900 रुपये की तेजी के साथ 89,000 रुपये प्रति 10 ग्राम के अपने सर्वकालिक उच्चस्तर पर पहुंच गई।

**वैश्विक अनिश्चितता से सोना मजबूत**

एलकेपी सिक्योरिटीज के शोध विश्लेषण विभाग के उपाध्यक्ष (जिंस), जतिन त्रिवेदी ने कहा, ''सोने में तेजी जारी रही। शुल्क के कारण वैश्विक अनिश्चितता ने सोने की स्थिति को सुरक्षित-संपत्ति के रूप में मजबूत किया है, बैंकों और कोषों ने अधिक आवंटन बनाए रखा है।''

# चैम्पियंस ट्रॉफी : न्यूजीलैंड ने पहले मैच में पाक को 60 रन से हराया

- यंग-लैथम के शतक, ओरूर्क-सैंटनर को 3-3 विकेट
- पाक टीम 47.2 ओवर में 260 रन पर ऑलआउट





कराची

सलामी बल्लेबाज विल यंग और कप्तान टॉम लैथम के शतकों की मदद से न्यूजीलैंड ने मेजबान और गत चैम्पियन पाकिस्तान को चैम्पियंस ट्रॉफी के उद्घाटन मैच में बुधवार को 60 रन से हरा दिया। यंग ने 113 गेंद में 107 रन बनाये जबकि लैथम 118 रन पर नाबाद रहे जिसके दम पर न्यूजीलैंड ने पहले बल्लेबाजी के लिये भेजे जाने पर पांच विकेट पर 320 रन बनाये। ग्लेन फिलिप्स ने नेशनल स्टेडियम पर खेले गए मैच में 39 गेंद में 61 रन बनाये। पाकिस्तान के शीर्षक्रम के बल्लेबाज बाबर आजम (90 गेंद में 64 रन), मोहम्मद रिजवान (14 गेंद में तीन रन) और सउद शकील (19 गेंद में छह रन) प्रभावित नहीं कर सके। मेजबान टीम 47 . 2 ओवर में 260 रन पर आउट हो गई। चौथे नंबर पर बल्लेबाजी के लिये उतरे फखर जमां 41 गेंद में 24 रन ही बना सके। दो सप्ताह से कम समय में न्यूजीलैंड की पाकिस्तान पर यह तीसरी जीत है जिसने त्रिकोणीय श्रृंखला में उसे दो बार हराया। भारत के खिलाफ मुकाबले से पहले पाकिस्तान के लिये राहत की एकमात्र बात निचले क्रम पर खुशदिल शाह की बल्लेबाजी रही जिन्होंने 49 गेंद में 69 रन बनाये। सलमान आगा ने भी 28 गेंद में 42 रन जोड़े लेकिन शीर्ष क्रम इतनी तेजी से रन नहीं बना सका। न्यूजीलैंड के तेज गेंदबाजों और स्पिनरों ने सटीक गेंदबाजी की और विरोधी बल्लेबाजों को कोई मौका नहीं दिया। तेज गेंदबाज विलियम ओराउरकी ने 47 और मिचेल सेंटनेर ने 66 रन देकर तीन तीन विकेट लिये। इससे पहले यंग ने अपनी पारी में 12 चौके और एक छक्का लगाया जबकि लैथम ने 10 चौके और तीन छक्के जड़े। पाकिस्तान ने टॉस जीतकर गेंदबाजी का फैसला किया और न्यूजीलैंड ने 17वें ओवर में 73 रन पर तीन विकेट गंवा दिये। युवा तेज गेंदबाज नसीम शाह ने केन विलियमसन का कीमती विकेट लिया जो पिछली 35 वनडे पारियों में पहली बार दोहरे अंक तक नहीं पहुंच सके। उन्होंने विकेट के पीछे मोहम्मद रिजवान को कैच थमाया। चोट के बाद वापसी कर रहे हारिस रऊफ ने डेरिल मिचेल को पवेलियन भेजा जो खराब पूल शॉट खेलकर शाहीन शाह अफरीदी को कैच दे बैठे। स्पिनरों की मददगार लग रही पिच पर सलामी बल्लेबाज डेवोन कोंवे सबसे पहले आउट हुए। अबरार अहमद ने आठवें ओवर में कैरम बॉल पर उन्हें रवाना किया।

# भारत ने बांग्लादेश को 6 विकेट से हराया

# दो बार के चैंपियन भारत का पलड़ा भारी

दुबई

दो बार का चैंपियन भारत चैंपियंस ट्रॉफी में गुरुवार को बांग्लादेश के खिलाफ जीत से आगाज करने उतरेगा। भारत टूर्नामेंट से पहले प्रबल दावेदारों में शामिल है लेकिन गेंदबाजी इकाई को चोटिल तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह की कमी खलेगी। शुभ संकेत यह है कि कप्तान रोहित ने कुछ दिन पहले इंग्लैंड के खिलाफ शानदार शतक और कोहली ने अर्धशतक बनाया। गंभीर के मार्गदर्शन में भारत ने इंग्लैंड के खिलाफ टी20 अंतरराष्ट्रीय और एकदिवसीय श्रृंखला में क्रमशः 4-1 और 3-0 की शानदार जीत दर्ज की।

गिल ने शानदार प्रदर्शन किया और इंग्लैंड के खिलाफ तीन एकदिवसीय मैच की श्रृंखला में एक शतक और दो अर्द्धशतक जड़कर श्रृंखला के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी बने। चैंपियंस ट्रॉफी में हालांकि भारत के सामने चुनौती घरेलू श्रृंखला से काफी अलग है। ग्रुप ए में भारत के प्रतिद्वंद्वी बांग्लादेश, पाकिस्तान और न्यूजीलैंड हाल ही में उसका सामना करने वाले इंग्लैंड की तुलना में कहीं अधिक प्रेरित नजर आ रहे हैं और एक हार भी लीग चरण के पूरे समीकरण को बदल सकती है।



### टीम चयन बनी चुनौती

भारत ने पिछले कुछ समय में 50 ओवर के क्रिकेट में अच्छा प्रदर्शन किया है लेकिन बांग्लादेश का सामना करने से पहले उन्हें चयन से जुड़ी कुछ पहेलियों को सुलझाना होगा। इसकी शुरुआत लोकेश राहुल के बल्लेबाजी क्रम से होती है। क्या वह अपने पसंदीदा पांचवें नंबर पर बल्लेबाजी करेंगे या फिर अक्षर पटेल उनसे ऊपर आएंगे और वह छठे नंबर पर उतरेंगे।

### अर्शदीप-राणा में एक दावेदार

गेंदबाजी में सही संतुलन हासिल करना बड़ी चुनौती है, विशेषकर चोट की वजह से बुमराह की अनुपस्थिति के कारण। मुख्य तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी का नई गेंद के साझेदार के रूप में साथ निभाने के लिए अर्शदीप सिंह और हर्षित राणा में से एक को चुना जाएगा। शमी को भी अपने प्रदर्शन में सुधार करना होगा।

### शुभमन वर्ल्ड नंबर-1 बल्लेबाज



दुबई। भारत के उप कप्तान शुभमन गिल बुधवार को जारी अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद की नवीनतम एकदिवसीय रैंकिंग में बल्लेबाजों की सूची में शीर्ष पर पहुंच गए। गिल ने एक स्थान के फायदे से पाकिस्तान के बाबर आजम को पछाड़ा है। गिल ने घरेलू मैदान पर इंग्लैंड के खिलाफ तीन मैच की एकदिवसीय श्रृंखला में दो अर्द्धशतक और एक शतक बनाया था जिससे भारत ने श्रृंखला 3-0 से अपने नाम की। गिल के 796 रेटिंग अंक हैं जबकि बाबर के 773 अंक हैं। भारतीय कप्तान रोहित शर्मा 761 अंक के साथ तीसरे स्थान पर है जबकि दक्षिण अफ्रीका के हेनरिक क्लासेन और न्यूजीलैंड के डेरिल मिशेल क्रमशः चौथे और पांचवें पायदान पर हैं।

### पाकिस्तान के कराची में लहराया भारत का तिरंगा



कराची। चैंपियंस ट्रॉफी का आगाज हो गया है। विवाद के बाद आयोजक पाकिस्तान ने कराची स्टेडियम में भारत का झंडा लगाया है। टूर्नामेंट के शुरू होने से पहले एक बड़ा विवाद सामने आया था। कई मीडिया रिपोर्ट्स में यह दावा किया गया था कि पीसीबी ने कराची स्टेडियम में भारत का झंडा नहीं लगाया था। इसको लेकर सोशल मीडिया पर फैंस का आक्रोश फूट पड़ा था और लोगों का मानना था कि भले ही भारत वहां खेलने न गया हो, लेकिन नियम के तहत मेजबान देश को अपने स्टेडियम में आठों टीमों के झंडे लगाने थे। सोशल मीडिया पर कराची स्टेडियम का वीडियो वायरल हो गया था। हालांकि, अब मामला ठीक दिख रहा है।

## खबर संक्षेप

### श्वेता को तीसरे चरण में मिली बढ़त

**पुणे।** श्वेता मानसिंह बुधवार को यहां महिला पेशेवर गोल्फ टूर 2025 के तीसरे चरण में पहले दौर के बाद शीर्ष पर पहुंच गई। टूर पर कई बार अपना पहला खिताब जीतने के करीब पहुंची श्वेता ने दो अंडर 69 का स्कोर बनाया। श्वेता ने स्नेहा सिंह और वाणी कपूर पर एक शॉट की बढ़त बना रखी है जो एक अंडर 70 के स्कोर से संयुक्त रूप से दूसरे स्थान पर हैं। अनुभवी नेहा त्रिपाठी और पिछले साल ऑर्डर ऑफ मेरिट विजेता हिताषी बक्शी पार 71 के स्कोर से संयुक्त रूप से चौथे स्थान पर हैं।

### भारत के खिलाफ हमारे पास मौका : शंटो

**दुबई।** बांग्लादेश के कप्तान नजमुल हुसैन शंटो ने कहा है कि उनके पास बेहतरीन तेज गेंदबाज और ऑलराउंडर हैं और वे चैंपियंस ट्रॉफी के अपने पहले मैच में भारत को हराने के लिए उन पर निर्भर करेंगे। बांग्लादेश के लिए हालांकि गुरुवार को दो बार के पूर्व चैंपियन भारत का सामना करना आसान नहीं होगा। शंटो ने मैच से पहले प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा, 'भारत के खिलाफ कोई भी मौका बनाने के लिए हमें सभी विभागों में अच्छा खेलना होगा।

### भारतीय महिला फुटबॉल टीम का मुकाबला आज

**शारजाह।** नए खिलाड़ियों से सजी भारत की सीनियर महिला फुटबॉल टीम नए मुख्य कोच क्रिस्पिन छेत्री के मार्गदर्शन में बृहस्पतिवार को यहां पिंक लेडीज कप में जोर्डन के खिलाफ पहला मैच खेलेगी। फीफा की अंतरराष्ट्रीय विंडो में हो रहे इस टूर्नामेंट में रूस और कोरिया भी भाग ले रहे हैं। भारतीय टीम में आशालता देवी और बाला देवी जैसे सीनियर खिलाड़ी नहीं हैं जबकि कुछ युवाओं को मौका दिया गया है। भारत एशिया रैंकिंग में 13वें और विश्व रैंकिंग में 69वें स्थान पर है जबकि जोर्डन उपमहाद्वीप में 14वें और विश्व में 74वीं रैंकिंग पर है।



### गोपी और अश्विनी होंगे मैराथन का आकर्षण

**नई दिल्ली।** गत पुरुष चैंपियन गोपी थोनाकल और गत महिला चैंपियन अश्विनी मदान जाधव 23 फरवरी को यहां होने वाली अपोलो टायर्स नई दिल्ली मैराथन का आकर्षण होंगे। भारतीय एथलेटिक्स महासंघ से राष्ट्रीय प्रतियोगिता के रूप में मान्यता प्राप्त इस मैराथन के पुरुष वर्ग में अनीष थापा, बेलियप्पा, मान सिंह, अक्षय सैनी और विक्रम बंगरिया जैसे देश के शीर्ष धावक हिस्सा लेंगे।



## दुबई चैंपियनशिप : मुकोवा के खिलाफ हारी राडुकानु

दुबई

ब्रिटेन की ऐमा राडुकानु को दुबई टेनिस चैंपियनशिप के महिला एकल के दूसरे दौर में कैरोलिन मुकोवा के खिलाफ सीधे सेट में हार का सामना करना पड़ा। राडुकानु ने दूसरे सेट में 0-4 से पिछड़ने के बाद सेट को टाईब्रेकर में खींचा लेकिन मुकोवा को 6-7, 4-6 से जीत दर्ज करने से नहीं रोक पाईं।





### पांचाल के शतक से गुजरात ने की वापसी

**अहमदाबाद।** अनुभवी बल्लेबाज प्रियांक पांचाल की नाबाद 117 रन की पारी से पूर्व चैंपियन गुजरात ने बुधवार को यहां केरल के खिलाफ रणजी ट्रॉफी सेमीफाइनल के तीसरे दिन पहली पारी में एक विकेट पर 222 रन बनाकर मेहमान टीम को ठोस जवाब दिया। गुजरात की टीम अब सिर्फ 235 रन से पीछे है जबकि उसके नौ विकेट शेष हैं। गुजरात के बल्लेबाजों ने मोटेरा की सपाट पिच पर जज्बा और इरादे दिखाए जहां ऐसा लग रहा था कि बेहद धीमी बल्लेबाजी करने वाले केरल ने 100 रन कम बनाए हैं। केरल की टीम सुबह सात विकेट पर 418 रन से आगे खेलने उतरी तथा उसने 39 रन और जोड़कर अपने बाकी तीन विकेट भी गंवा दिया जिससे पूरी टीम 457 रन पर आउट हो गई। मोहम्मद अजहरूद्दीन 341 गेंद पर 177 रन बनाकर नाबाद रहे।

## जीवनजी, राणा ने पैरा एथलेटिक्स मीट में स्वर्ण पदक जीते





चेन्नई

पैरालम्पिक कांस्य पदक विजेता दीप्ति जीवनजी ने यहां राष्ट्रीय पैरालम्पिक एथलेटिक्स चैम्पियनशिप में महिलाओं की 400 मीटर टी20 दौड़ में स्वर्ण पदक जीता जबकि सोमन राणा ने पेरिस खेलों के स्वर्ण पदक विजेता होकातो सेमा को एफ57 शॉटपुट में हराकर स्वर्ण अपने नाम किया। मौजूदा विश्व चैम्पियन जीवनजी ने महिलाओं की 400 मीटर दौड़ में 57 . 85 सेकंड का समय निकालकर पीला तमगा जीता। हरियाणा की पूजा को रजत और हरियाणा की ही भुवी अग्रवाल को कांस्य पदक मिला।

पुरूषों के एफ57 शॉटपुट में राष्ट्रीय रिकॉर्डधारी राणा ने पेरिस पैरालम्पिक स्वर्ण पदक विजेता सेमा को हराकर 14 . 42 मीटर के थ्रो के साथ स्वर्ण जीता। सेमा 13 . 53 मीटर के थ्रो के साथ दूसरे स्थान पर रहे। एसएससीबी के शुभन जुयाल को कांस्य पदक मिला। पुरूषों की ऊंची कूद टी45. टी46 और टी47 वर्ग में हरियाणा के विकास ने स्वर्ण जीता। तमिलनाडु के शेख अब्दुल को रजत और हिमाचल के निषाद कुमार को कांस्य मिला।

## डब्ल्यूपीएल : कप्तान लैनिंग, सदरलैंड ने दिल्ली कैपिटल्स को यूपी वारियर्स पर जीत दिलाई

वडोदरा

कप्तान मैग लैनिंग के 49 गेंद में 69 रन की मदद से दिल्ली कैपिटल्स ने महिला प्रीमियर लीग के मैच में बुधवार को यूपी वारियर्स को सात विकेट से हराया। पहले बल्लेबाजी के लिये भेजी गई यूपी वारियर्स ने किरण नवगिरे के आक्रामक अर्धशतक की मदद से सात विकेट पर 166 रन बनाये। जवाब में लैनिंग और अनाबेल सदरलैंड के बीच 35 गेंद में 41 रन की साझेदारी और मरियाने काप की 17 गेंद में 19 रन की नाबाद पारी के दम पर दिल्ली ने एक गेंद बाकी रहते जीत दर्ज की।

दिल्ली की शुरूआत काफी आक्रामक रही और शेफाली वर्मा (16 गेंद में 16 रन) ने कप्तान लैनिंग के साथ पहले विकेट के लिये सिर्फ 41 गेंद में 65 रन जोड़े। शेफाली को सातवें ओवर में दीप्ति शर्मा ने चिनेले हेनरी के हाथों लपकवाया। जेमिमा रौड्रिग्स भी ज्यादा देर टिक नहीं सकी और अगले ओवर में खाता खोले बिना सोफी एक्सेलेटन को पैडल स्वीप लगाने के प्रयास में राजेश्वरी गायकवाड़ को कैच दे बैठी। इसके बाद सदरलैंड और काप ने 48 रन की नाबाद साझेदारी करके टीम को जीत तक पहुंचाया। आखिरी तीन ओवर में 32 रन की जरूरत थी जब काप ने एक्सेलेस्टोन को लगातार दो चौके लगाये। आखिरी ओवर में 11 रन चाहिये थे और सदरलैंड ने ताहलिया मैकग्रा को दो चौके जड़कर विजयी रन लिये। इससे पहले बल्लेबाजी के लिये भेजी गई यूपी टीम के लिये नवगिरे ने 27 गेंद में 51 रन बनाये जबकि दिनेश वृंदा ने 15 गेंद में 16 रन की पारी खेली। दोनों ने 5 . 5 ओवर में 66 रन की साझेदारी करके यूपी को शानदार शुरूआत दी। यूपी ने आखिरी पांच विकेट 52 रन के भीतर गंवा दिये। श्वेता सहरावत (33 गेंद में 37 रन) और ग्रेस हैरिस (12) ने पांचवें विकेट के लिये 36 रन जोड़े। हैरिस ने तेज गेंदबाज अरूंधति रेड्डी की गेंद पर मिडआफ में शेफाली वर्मा को सीधे कैच थमाया। आखिर में चिनेले हेनरी ने 15 गेंद में नाबाद 33 रन बनाये। दिल्ली के लिये अनाबेल सदरलैंड ने चार ओवर में 26 रन देकर दो विकेट लिये।




### मनु भाकर को आगे भी कोचिंग देते रहेंगे राणा

नई दिल्ली। पेरिस ओलंपिक में दो पदक जीतने वाली भारतीय निशानेबाज मनु भाकर और उनके कोच जसपाल राणा का साथ आगे भी बना रहेगा। राणा को भारतीय राष्ट्रीय राइफल संघ ने पिस्टल निशानेबाजी का हाई परफार्मेंस ट्रेनर नियुक्त किया है, लेकिन मनु ने पुष्टि की है कि राणा आगे भी उनके कोच बने रहेंगे। चार बार एशियाई खेलों के स्वर्ण पदक विजेता राणा और मनु के बीच टोक्यो ओलंपिक से पहले मतभेद हो गए थे लेकिन पिछले साल पेरिस ओलंपिक से पहले दोनों फिर साथ आए। मनु ने पेरिस ओलंपिक में दो कांस्य पदक जीतकर इतिहास रचा था। राणा के मार्गदर्शन में मनु एक ही ओलंपिक में दो पदक जीतने वाली आजादी के बाद पहली भारतीय खिलाड़ी बनीं। उन्होंने 10 मीटर एयर पिस्टल व्यक्तिगत और टीम वर्ग में कांस्य पदक जीते थे। मनु ने सोमवार की रात वर्ष 2024 की बीबीसी की सर्वश्रेष्ठ महिला खिलाड़ी का पुरस्कार जीतने के बाद कहा, मैं इतना ही कहूंगी कि राणा मेरे कोच हैं और अपने काम में बहुत अच्छे हैं। वह काफी प्रतिभाशाली हैं और मेरे लिए बहुत अच्छे कोच रहे हैं। उन्होंने कहा, वह मेरे कोच हैं। वह किसी और के भी कोच हो सकते हैं लेकिन मेरे लिए वह मेरे कोच हैं। हम अप्रैल में विश्व कप में जाएंगे और उसके बाद जून में घरेलू स्पर्धाएं हैं। म्युनिख में फिर विश्व कप और अक्तूबर-नवंबर में विश्व चैंपियनशिप है। मेरा लक्ष्य विश्व चैंपियनशिप है।



## एफआईएच प्रो लीग : भारतीय महिला टीम को स्पेन ने हराया

भुवनेश्वर

- स्पेन ने मंगलवार को पहले मैच में 4 . 3 से जीत दर्ज की

भारतीय महिला हॉकी टीम को एफआईएच प्रो लीग के रिटर्न चरण के मैच में बुधवार को स्पेन ने एक गोल से हरा दिया। स्पेन के लिये सेगु मार्ता ने 49वें मिनट में गोल किया। स्पेन को मैच में नौ पेनल्टी कॉर्नर मिले जबकि भारत को दो ही मिल सके। स्पेन के हाथों भारत की यह लगातार दूसरी हार थी। स्पेन ने मंगलवार को पहले मैच में 4 . 3 से जीत दर्ज की थी। स्पेन की टीम लगातार चार मैच जीत चुकी है। पहले दोनों क्वार्टर में दोनों टीमों ने प्रयास किये लेकिन कामयाबी नहीं मिली। छठे मिनट में स्पेन को लगातार दो पेनल्टी कॉर्नर मिले लेकिन लूसिया जिमेनेज और बेर्ता सेराहिमा के शॉट भारतीय गोलकीपर सविता पूनिया ने बचा लिये। भारतीय उपकप्तान नवनीत कौर ने 15वें मिनट में सुशीला चानू को गोल के सामने पास दिया लेकिन वह इसे पकड़ नहीं पाई। स्पेन को 18वें मिनट में एक और पेनल्टी कॉर्नर मिला लेकिन गोल नहीं हो सका। भारत ने दूसरे क्वार्टर में आक्रामकता दिखाई लेकिन कामयाबी नहीं मिली। तीसरे क्वार्टर में स्पेन की पैट्रिशिया अल्वारेज ने दाहिने फ्लैंक से हमला बोला और गेंद एमुंडसन को सौंपी। उसने लगभग गोल कर ही दिया था लेकिन सविता ने बड़ी चुस्ती से उसे बचाया। स्पेन ने चौथे क्वार्टर में कप्तान सेगु के गोल के दम पर बढत बनाई जिनका शॉट सविता के पैरों के बीच से निकल गया।

### कतर ओपन टेनिस टूर्नामेंट में 6-7, 2-6 से हारे

## जोकोविच पहले दौर में हारकर बाहर, बेरेटिनी ने दर्ज की जीत

दोहा

नोवाक जोकोविच मंगलवार को यहां कतर ओपन टेनिस टूर्नामेंट के पहले दौर में मातियो बेरेटिनी के हाथों शिकस्त के साथ प्रतियोगिता से बाहर हो गए। पैर की मांसपेशियों में चोट के कारण ऑस्ट्रेलियाई ओपन से बाहर होने के बाद अपना पहला मैच खेल रहे सर्बिया के जोकोविच को सीधे सेट में 6-7, 2-6 से हार का सामना करना पड़ा।

दुनिया के सातवें नंबर के खिलाड़ी 37 वर्षीय जोकोविच की इटली के खिलाड़ी के खिलाफ पांच मैच में यह पहली हार है। जोकोविच को अब एटीपी टूर पर 100 खिताब जीतने वाले जिमी कोनर्स (109) और रोजर फेडरर (103) के क्लब में शामिल होने के लिए और इंतजार करना होगा। चौबीस बार के ग्रैंड स्लैम चैंपियन जोकोविच ऑस्ट्रेलियाई ओपन के सेमीफाइनल में पहुंचे थे लेकिन पैर की मांसपेशियों की चोट के कारण उन्हें एलेक्जेंडर ज्वेरेव के खिलाफ मैच के बीच से हटना पड़ा। बेरेटिनी ने अपने करियर में 10वीं बार शीर्ष 10 में शामिल खिलाड़ी के खिलाफ जीत हासिल की और दूसरे दौर में टेलोन ग्रीक्सपूअर का सामना करेंगे। मंगलवार को ही दूसरे वरीय एलेक्स डि मिनोर ने रोमन सफीउलिन को 6-1, 7-5 से हराया।



### मरे के फ्रेंच ओपन तक कोच बने रहने की संभावना

पूर्व दिग्गज टेनिस खिलाड़ी एंडी मरे फ्रेंच ओपन तक नोवाक जोकोविच के कोच बने रहेंगे। चौबीस बार के ग्रैंड स्लैम चैंपियन जोकोविच ने मंगलवार को एटीपी टूर के मीडिया चैनल को बताया कि मरे कोच के रूप में उनके साथ बने रहने के लिए सहमत हो गए हैं। ऑस्ट्रेलियाई ओपन से पहले जोकोविच और मरे ने एक साथ काम शुरू किया था और शुरुआत में इसे एक असंभव जोड़ी के रूप में देखा गया था। पिछले साल मरे के संन्यास लेने के बाद जोकोविच ने उनके सामने कोचिंग का प्रस्ताव रखा था।

## भारतीय पुरुष हॉकी टीम ने जर्मनी को प्रो लीग रिटर्न मैच में हराया



भुवनेश्वर

भारतीय हॉकी टीम ने गुरजंत सिंह के शानदार फील्ड गोल की मदद से विश्व चैंपियन जर्मनी को एफआईएच प्रो लीग के रिटर्न मैच में बुधवार को 1-0 से हरा दिया।

इससे पहले जर्मनी ने मंगलवार को भारत को 4-1 से मात दी थी। गुरजंत ने खेल के चौथे ही मिनट में गोल कर दिया। भारतीय टीम ने मंगलवार के निराशाजनक प्रदर्शन से उबरते हुए जबर्दस्त खेल दिखाया। पहले ही मिनट से भारत ने दबदबा बना लिया और चौथे क्वार्टर के अलावा जर्मन टीम को हमले करने के मौके ही नहीं दिए। जर्मनी को आखिरी क्वार्टर में पांच और कुल सात पेनल्टी कॉर्नर मिले लेकिन भारतीय डिफेंस काफी मुस्तैद दिखा। भारत को भी दो पेनल्टी कॉर्नर मिले लेकिन उन पर गोल नहीं हो सके।

# प्रधानमंत्री की कुर्सी... पीएम मोदी पर ट्रंप ने कर दिया बड़ा खुलासा, पूरा भारत हैरान, कांग्रेस ने सरकार से कर दी ये मांग

एजेंसी

**वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ऐसे ऐसे फैसले ले रहे हैं। ऐसे ऐसे बयान दे रहे हैं जिन्होंने पूरी दुनिया में उथल पुथल मचा दी है। अब डोनाल्ड ट्रंप ने पीएम मोदी पर एक ऐसा खुलासा किया है जिसे सुनकर आप हैरान रह जाएंगे। दरअसल, पिछले कई दिनों से आप सुन रहे होंगे कि ट्रंप बार बार बोल रहे हैं कि भारत में वोटिंग टर्नआउट बढ़ाने के लिए बाइडेन प्रशासन ने 21 मिलियन डॉलर दिए थे। लेकिन ट्रंप ने पहली बार बताया है कि ये पैसा असल में किस काम के लिए दिया गया था। डोनाल्ड ट्रंप ने



बताया है कि ये पैसा भारत में सत्ता परिवर्तन के लिए दिया गया था। ट्रंप ने बड़ा ऐलान करते हुए कहा है कि भारत में किसी और को सत्ता में लाने की तैयारी चल रही थी। ट्रंप का सीधा सीधा मतलब ये है कि पीएम मोदी को सत्ता से हटाकर किसी और को लाने की तैयारी चल रही थी। शायद इसलिए ये 21 मिलियन दिए गए थे। डोनाल्ड ट्रंप का बयान सुनकर अब कई लोग सोशल मीडिया पर लिख रहे हैं कि बाइडेन प्रशासन में जार्ज सोरोस ने पीएम मोदी को सत्ता से हटाने की कसम खाई थी। ऐसे में क्या सोरोस ने ही पीएम मोदी को हटाने के लिए पैसा दिया था।

वैसे ट्रंप ने अपने बयान में रूस का जिक्र भी कर दिया। ट्रंप ने कहा कि रूस अगर अमेरिकी चुनाव में दखल देने के लिए 2 डॉलर भी खर्च कर दे तो दुनिया में बवाल हो जाएगा। मगर भारत में तो 21 मिलियन भेजे गए। यानी डोनाल्ड ट्रंप ये इशारा दे रहे हैं कि भारत में इस मुद्दे पर बहस होनी चाहिए और इसकी जांच भी होनी चाहिए। अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप ने 'भारत में चुनावों में वोटरों की भागीदारी बढ़ाने' के लिए अमेरिका से 2.1 करोड़ डॉलर (182 करोड़ रुपये) की फंडिंग के मकसद पर सवाल उठाए हैं। ट्रंप ने कहा कि हम भारत को यह फंड क्यों दे रहे हैं? उनके पास बहुत ज्यादा पैसा है। भारत दुनिया के सबसे अधिक टैरिफ लगाने वाले देशों में से एक है, खासतौर पर हमारे लिए। मैं भारत और उनके ढट का सम्मान करता हूं पर 2.1 करोड़ डॉलर क्यों?


यूएसएड ने भारत के चुनाव आयोग को 2.1 करोड़ डॉलर का योगदान दिया है। विभाग ने भारत समेत 15 ऐसी फंडिंग की लिस्ट जारी कर उन्हें की सेवन से बीजेपी ने सकल उठाया कि फंड का फायदा किसे हुआ। पूर्व मुख्य चुनाव आयुक्त एस. वाई. कुरैशी ने कहा कि अमेरिकी फंडिंग की खबर में सचाई नहीं है।

## श्रीलंकाई पुलिस देखती रह गई, भाड़े के हत्यारे ने कोर्ट में अंडरवर्ल्ड सरगना को मार दी गोली

एजेंसी

**कोलंबो।** श्रीलंका की राजधानी के हल्फ्सडॉर्प अदालत परिसर के कोर्ट नंबर 5 के अंदर पुलिस के कड़े सुरक्षा बंदोबस्त के बीच अंडरवर्ल्ड सरगना गनेमुल्ले संजीवा की हत्या से गंभीर सवाल उठे हैं। पुलिस प्रवक्ता और वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक बुद्धिका मनातुंगा ने माना कि हत्यारों ने इस तथ्य का फायदा उठाया कि पुलिस वकीलों की जांच नहीं करती। मनातुंगा ने स्वीकार किया कि सुरक्षा व्यवस्था में खामियां रहीं। उन्हें ठीक करने के लिए भविष्य में कदम उठाए जाएंगे।

द आइसलैंड न्यूज पेपर के अनुसार, दोनों हत्यारे वकील के



वेश में पहुंचे। इनमें एक महिला है। इस महिला ने हथियार पहुंचाने में मदद की। पुलिस प्रवक्ता ने कहा कि आरोपित बंदूकधारी कुख्यात सुपारी किलर है। गोलीबारी के बाद हत्यारे ने भागने से पहले हथियार को अदालत कक्ष के अंदर फेंक दिया। पुलिस को संदेह है कि यह हत्याकांड दुबई से संचालित प्रतिद्वंद्वी अंडरवर्ल्ड गिरोह ने करवाया।

पुलिस प्रवक्ता बुद्धिका मनातुंगा के अनुसार, गनेमुल्ला संजीवा उर्फ संजीव कुमार समररत्ने को 19 फरवरी की सुबह लगभग 9:50 बजे कड़ी सुरक्षा के बीच बूसा जेल से अदालत परिसर लाया गया। सशस्त्र एसटीएफ अधिकारियों को अदालत कक्ष के अंदर जाने की अनुमति नहीं थी, इसलिए वे बाहर प्रवेश द्वार के पास ही रुके रहे। कोर्ट कक्ष में अंडरवर्ल्ड सरगना संजीव को पुलिस की निगरानी में बैठाया गया। जांच में साफ हुआ है कि हत्यारा उसके पहुंचने से पहले ही अदालत कक्ष में दाखिल हो चुका था। वहां उसकी महिला साथी पहले से मौजूद थी।

# राहुल गांधी ने कहा, 15 फीसदी आबादी, लेकिन टॉप कंपनियों के मालिक, सीईओ दलित समाज से नहीं

रायबरेली के चुरुवा हनुमान मंदिर में पवनपुत्र श्री हनुमान की पूजा-अर्चना कर देश की सुख, शांति और समृद्धि के लिए प्रार्थना की

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** राहुल गांधी ने कहा कि देश का हर दलित आंबेडकर है. डॉ. आंबेडकर ने संविधान के माध्यम से दलितों को शक्ति दी है. देश की हजारों साल की संस्कृति और महापुरुषों के विचार देश के संविधान में हैं. राहुल गांधी अपने रायबरेली दौरे के पहले दिन आज गुरुवार को कांग्रेस कार्यकताओं, दलित छात्र, युवाओं और महिलाओं से बात कर रहे थे.

**सपा, बसपा और कांग्रेस एक साथ आतीं, तो भाजपा कभी नहीं जीत सकती थी**

राहुल गांधी के सामने एक युवा छात्र ने बहुजन समाज पार्टी की सुप्रीमो मायावती की तारीफ करते हुए कहा, कांशीराम ने दलितों के लिए



काम किया. मायावती ने उनके काम को आगे बढ़ाया. इस पर राहुल गांधी ने कहा कि मैं भी मानता हूं कांशीराम से नींव रखी. बहनजी (मायावती) ने काम किया. मैं भी मानता हूं. लेकिन आजकल बहन जी ठीक से चुनाव क्यों नहीं लड़ रही हैं? राहुल गांधी ने कहा, हम चाहते थे बहन जी भाजपा के विरोध में हमारे साथ मिलकर लोकसभा चुनाव लड़े. मगर उन्होंने हमारे साथ मिलकर नहीं लड़ा. अगर सपा, बसपा और कांग्रेस एक साथ आतीं, तो भाजपा कभी नहीं जीत सकती थी.

**दलितों के साथ जो हजारों साल में अन्याय और भेदभाव हुआ है**

कांग्रेस सांसद और नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी कहा कि दलितों के साथ जो हजारों साल में अन्याय और भेदभाव हुआ है डॉ. आंबेडकर ने उसे ध्यान में रखकर संविधान बनाया है. इस क्रम में उन्होंने यूपी की योगी सरकार की नीतियों पर निशाना साधा. यूपी में विकास कार्यों की कमी पर चिंता जताई. योगी सरकार द्वारा प्रस्तुत बजट पर हमलावर होते हुए राहुल ने आरोप लगाया कि बजट को साल दर साल फोटोकॉपी कर प्रस्तुत किया जा रहा है.

**संविधान की आवाज दबायी जा रही है**

उन्होंने कहा कि आज देश में संविधान की आवाज दबायी जा रही है. कहा कि देश में दलितों की आबादी 15 प्रतिशत है, लेकिन इस आबादी के अनुपात में देश की टॉप कंपनियों के मालिक और सीईओ दलित समाज से नहीं हैं. राहुल गांधी ने दलित समाज के लोगों से कहा, संविधान आपको बराबरी का अधिकार देता है और अब इसे ही खत्म करने की साजिश रची जा रही है. देश के संविधान को बचाना हमारी जिम्मेदारी है. इससे पहले राहुल गांधी ने अपने संसदीय क्षेत्र में राणा बेनी माधव सिंह की प्रतिमा का अनावरण किया. रायबरेली के चुरुवा हनुमान मंदिर में पवनपुत्र श्री हनुमान की पूजा-अर्चना कर देश की सुख, शांति और समृद्धि के लिए प्रार्थना की.

### भाजपा ने जीएसटी-नोटबंदी लागू कर बेरोजगारी बढ़ाई, महाकुंभ जायेंगे!

कांग्रेस सासंद राहुल गांधी आज दो दिन के दौरे पर रायबरेली पहुंचे. राहुल गांधी लखनऊ एयरपोर्ट से सीधे सड़क मार्ग होते हुए रायबरेली पहुंचे. यहां पर हनुमान मंदिर में पूजा-अर्चना की. खबरों के अनुसार वह अपने लोकसभा क्षेत्र में कई कार्यक्रमों में शामिल होंगे. राहुल गांधी ने रायबरेली के बछरावां में कार्यकताओं को संबोधित किया. कहा कि भाजपा ने जीएसटी और नोटबंदी कर देश में बेरोजगारी बढ़ा दी है. केंद्र सरकार ईमानदारी से काम करे तो करोड़ों युवाओं को रोजगार मिल सकता है. राहुल गांधी ने कहा, आप सभी कार्यकताओं पर कांग्रेस की सत्य, अहिंसा और सामाजिक न्याय की विचारधारा को जन-जन तक पहुंचाने की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी है. आपकी शक्ति और संकल्प के साथ ही हम देश में अन्याय को हराकर न्याय की स्थापना करेंगे. इससे पहले राहुल गांधी 5 नवंबर, 2024 को रायबरेली आये थे. यहां से सांसद चुने जाने के बाद राहुल का रायबरेली का 6ठा दौरा है. कांग्रेस सूत्रों की मानें को वह महाकुंभ भी जा सकते हैं.

## संक्षिप्त खबर

### पहले 100 दिन में होंगे ये पांच बड़े काम, बीजेपी का दावा, लोगों को होगा बलदाव का अनुभव



**नयी दिल्ली।** दिल्ली की मुख्यमंत्री के रूप में रेखा गुप्ता ने शपथ ले ली है। भाजपा के लिए अपने चुनावी वादों को पूरा करना सबसे बड़ी चुनौती है। इसी कड़ी रेखा गुप्ता ने अपने कार्यकाल के पहले 100 दिनों के भीतर पांच प्रमुख मुद्दों से निपटने की योजना बनाई है। रेखा गुप्ता के एजेंडे में राष्ट्रीय राजधानी में आयुष्मान भारत चिकित्सा बीमा योजना को लागू करना, यमुना नदी की सफाई, मानसून के मौसम की तैयारी के लिए सड़कों और सीवरों से गाद निकालना, शहर की सड़कों और कोनों से कचरा हटाने के लिए बड़े पैमाने पर स्वच्छता प्रयास और सड़क की मरम्मत शामिल है। आज के शपथ ग्रहण समारोह के बाद नई कैबिनेट की पहली बैठक में भी इन मुद्दों पर चर्चा होने की संभावना है। इसके बाद शाम को यमुना दर्शन का कार्यक्रम है। शाम 6 बजे आईएसबीटी के पास वासुदेव घाट पर यमुना आरती होगी। भाजपा सूत्रों ने कहा कि लोगों ने पार्टी पर काफी भरोसा किया है और उसे 27 साल में राष्ट्रीय राजधानी में पहली भाजपा के नेतृत्व वाली सरकार बनाने के लिए राजधानी की 70 में से 48 सीटों का जनादेश दिया है। एक भाजपा नेता ने नई मुख्यमंत्री और उनकी टीम ने यह सुनिश्चित करने के लिए अपने काम में कटौती की है कि लोग पिछले दशक में आप ने जिस तरह से सरकार चलाई, उसमें अंतर देखें। चुनाव प्रचार के दौरान प्रधानमंत्री का यही मंत्र और वादा भी रहा है। नई टीम यह सुनिश्चित करने के लिए मिशन मोड में काम करेगी कि लोगों को बदलाव का अनुभव हो। भाजपा ने अपने अभियान के दौरान यह भी वादा किया कि लंबित सीएजी रिपोर्ट नई दिल्ली विधानसभा के पहले सत्र में पेश की जाएंगी। सूत्रों ने बताया कि इससे पूर्व आम आदमी पार्टी सरकार और उसके मंत्रियों पर भी दबाव बढ़ सकता है। रेखा गुप्ता को आज रामलीला मैदान में एक भव्य समारोह में शपथ दिलाई गई, जिसमें प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी और कई अन्य राष्ट्रीय और राज्य नेता शामिल हुए। कैबिनेट मंत्री आशीष सूद, पंकज कुमार सिंह, प्रवेश सिंह साहिब, कपिल मिश्रा, मनजिंदर सिंह सिरसा और रविराज इंद्राज सिंह ने भी नई भाजपा सरकार के लिए कैबिनेट मंत्री के रूप में शपथ ली।

### महाकुंभ के बहाने अखिलेश यादव ने फिर साधा योगी सरकार पर निशाना



**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा त्रिवेणी संगम के पानी में मल संदूषण पर चिंताओं को खारिज करने के एक दिन बाद समाजवादी पार्टी प्रमुख अखिलेश यादव ने वास्तविक प्रदूषण की खबर को जनता से दूर रखने के लिए एक कथित साजिश की ओर इशारा किया। यादव ने बायोकेमिकल ऑक्सीजन डिमांड (बीओडी) के संबंध में नदियों की पानी की गुणवत्ता के बारे में नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल (एनजीटी) को केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) की रिपोर्ट पर एक समाचार खंड पोस्ट करने के लिए अपने एक्स प्लेटफॉर्म का सहारा लिया। रिपोर्ट के अनुसार, 12-13 जनवरी, 2025 को की गई निगरानी के दौरान, अधिकांश स्थानों पर नदी के पानी की गुणवत्ता स्नान मानदंडों के अनुरूप नहीं थी। उन्होंने एक्स पर लिखा कि यह खबर तब सामने आई जब केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) ने नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल को बताया कि प्रयागराज में गंगा जी का पानी 'सीवेज से दूषित' है। लखनऊ में सदन के पटल पर इस रिपोर्ट को गलत बताया गया और कहा गया कि सब कुछ 'नियंत्रण में' है। यादव ने आगे आरोप लगाया कि उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री के विधानसभा संबोधन के बाद 'जनता' ने पूछा कि क्या यह एक सरकारी प्राधिकरण की रिपोर्ट की 'अवमानना' है।

### महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे की कार को बम से उड़ाने की धमकी, मुंबई पुलिस ने शुरू की जांच



**मुंबई।** महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे को जान से मारने की दमकी दी जा रही हैं। मुंबई पुलिस को बृहस्पतिवार को महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे की कार को उड़ाने की धमकी भरा ई-मेल मिला। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। अधिकारी के अनुसार, शिंदे की कार को बम से उड़ाने की धमकी भरे ई-मेल सुबह गोरेगांव और जे जे मार्ग पुलिस थानों में मिले, जिसके बाद मामले की जांच शुरू हुई। अधिकारी ने बताया, प्रेषक के आईपी एड्रेस पर नजर रखी जा रही है। सभी पहलुओं की जांच की जा रही है। मुंबई पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने पहले कहा था कि एक धमकी भरा फोन आया था। वहीं दूसरी तरफ आपको बता दें कि महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने गुरुवार को रेखा गुप्ता को दिल्ली की मुख्यमंत्री चुने जाने पर बधाई दी। शिंदे ने कहा श्यह खुशी की बात है कि हमारी 'लाडली बहना' (प्यारी बहन) दिल्ली में शपथ लेंगी... हम इसके लिए पीएम मोदी को धन्यवाद देते हैं...। राष्ट्रीय राजधानी के रामलीला मैदान में आज आधिकारिक तौर पर रेखा गुप्ता को दिल्ली का मुख्यमंत्री नियुक्त करने के लिए समारोह आयोजित किया जाएगा। नई सरकार का शपथ ग्रहण समारोह दोपहर 12:15 बजे शुरू होगा।

### पाकिस्तान में 14 आतंकवादियों के सिर पर भारी भरकम इनाम

**इस्लामाबाद।** खैबर पख्तूनख्वा सरकार ने प्रांत के सबसे अशांत कुर्रम जिले में खूनखराबा कर रहे 14 आतंकवादियों को जिंदा या मुर्दा पकड़ने पर इनाम घोषित किया है। सरकारी अधिसूचना में इनाम की अनुमानित राशि लगभग 130 मिलियन रुपये बताई गई है। एआरवाई न्यूज चैनल की खबर के अनुसार, सबसे ज्यादा इनाम 30 मिलियन रुपये खूंखार आतंकवादी काजिम के लिए घोषित किया गया है। बाकी 13 आतंकियों पर 10 लाख रुपये से लेकर एक करोड़ रुपये तक का इनाम है। अधिसूचना में कहा गया है कि सूचना देने वालों के नाम गोपनीय रखे जाएंगे। यह निर्णय क्षेत्र आतंकवाद से लड़ने के सरकार के मजबूत प्रयासों के हिस्से के रूप में आया है। कुर्रम में आतंकवादियों के सिर पर इनाम का उद्देश्य जनता को महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान करने के लिए प्रेरित करना है। हाल ही में कुर्रम के विभिन्न इलाकों से 10 आतंकियों को गिरफ्तार किया गया है। यह आतंकवादी 17 फरवरी को एक काफिले पर हुए हमले में शामिल थे। प्रांत के मुख्यमंत्री अली अमीन गंडापुर ने कहा कि विदेशी तत्व आतंकवादियों को हथियार और गोला-बारूद मुहैया करा रहे हैं।

## दिल्ली में भाजपा सरकार बनते की आप ने कर दी बड़ी मांग, पूर्व सीएम आतिशी ने प्रेस को किया संबोधित

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** रेखा गुप्ता के नेतृत्व में राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में भारतीय जनता पार्टी की सरकार बन चुकी है। आज रेखा गुप्ता को उपराज्यपाल वीके सक्सेना ने सीएम पद की शपथ दिलाई है। इन सबके बीच पूर्व सीएम और आप की परिष्ठ नेता आतिशी ने रेखा गुप्ता को बधाई देते हुए कुछ बड़ी मांग कर दी है। आतिशी ने कहा कि आज दिल्ली की सभी महिलाएँ इंतजार कर रही हैं कि आज इखढ सरकार की पहली कैबिनेट बैठक में महिलाओं को हर महीने 2500 रुपये देने का फैसला लिया जाएगा और 8 मार्च तक पहली किस्त भी आ जाएगी।

पूर्व सीएम ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी जी ने कहा था कि सभी महिलायें अपने नंबर को Bank Account से Link कर लें ताकि 8 मार्च को उनके



फोन में रु 2,500 आने का मेसेज आ जाये। आज दिल्ली सरकार की कैबिनेट मीटिंग है तो दिल्ली की महिलाओं की तरफ से मैं कहना चाहती हूँ कि इस मीटिंग में रु2,500/ महीना देने की स्कीम को पास किया जाए। उन्होंने कहा कि आज शाम 7 बजे नई सरकार की पहली कैबिनेट बैठक है। दिल्ली की हर महिला इंतजार कर रही है कि भाजपा अपना वादा निभाए। एक महिला मुख्यमंत्री होने के नाते रेखा गुप्ता जी से उम्मीद है कि वह दिल्ली की महिलाओं से किया गया वादा जरूर पूरा करेंगी।

भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की विधायक रेखा गुप्ता ने बृहस्पतिवार को यहां सचिवालय में दिल्ली की नौवीं मुख्यमंत्री के रूप में अपना कार्यभार ग्रहण किया और कहा कि उनकी पार्टी की ओर से चुनाव में किए गए हर वादे को सरकार पूरा करेगी। पहली बार शालीमार बाग से विधायक निर्वाचित हुईं रेखा को आज उपराज्यपाल वी के सक्सेना ने रामलीला मैदान में आयोजित भव्य समारोह में पद की शपथ दिलाई। दिल्ली सरकार के नए मंत्रिमंडल के सदस्यों ने भी शपथ ली। शपथ ग्रहण समारोह में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, भाजपा अध्यक्ष जे पी नड्डा, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और भाजपा एवं राजग शासित राज्यों के मुख्यमंत्रियों और उप मुख्यमंत्रियों ने शिरकत की।

## कल मां का अंतिम संस्कार, आज दिल्ली सरकार में मंत्री बने बिहार के पंकज सिंह, भाई ने कहा- मां होतीं तो उन्हें गर्व होता

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** दिल्ली विधानसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी (बीजेपी) की ऐतिहासिक जीत के बाद नई सरकार का गठन हो गया है. सोमवार को मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने शपथ ली, साथ ही छह विधायकों को भी मंत्री पद की जिम्मेदारी सौंपी गई. इनमें बिहार के बक्सर जिले के मूल निवासी और विकासपुरी विधानसभा सीट से विजयी डॉ. पंकज सिंह भी शामिल हैं.

**बक्सर के लाल को दिल्ली में मिली अहम जिम्मेदारी**

डॉ. पंकज सिंह दिल्ली के विकासपुरी विधानसभा क्षेत्र से बीजेपी के उम्मीदवार के रूप में चुनाव लड़े थे और आम आदमी पार्टी (अअढ) के महिंद्र यादव को 13,364 मतों के अंतर से हराकर अपनी जीत सुनिश्चित की. उनके मंत्रिमंडल में शामिल होने से बिहार, खासकर बक्सर के लोगों में उत्साह



देखा जा रहा है. डॉ. पंकज सिंह का पैतृक गांव बिहार के बक्सर जिले के ब्रह्मपुर प्रखंड के धरौली में स्थित है. वे एमसीडी के पूर्व कमिश्नर स्व. राजमोहन सिंह के बेटे हैं. राजनीति में आने से पहले उन्होंने प्रशासनिक क्षेत्र में भी अहम भूमिका निभाई थी.

**कल मां का अंतिम संस्कार आज मंत्री पद की शपथ**

डॉ. पंकज सिंह के लिए यह सफलता भावनात्मक रूप से भी खास रही, क्योंकि हाल ही में उनकी मां सीता सिंह का 18 फरवरी को निधन हो गया था. 19 फरवरी को अंतिम संस्कार के बाद 20 फरवरी को उन्होंने मंत्री पद की शपथ ली. इस मौके पर उनके छोटे भाई नीरज सिंह ने कहा, ह्लआज अगर मां जिंदा होतीं, तो उन्हें बेहद गर्व महसूस होता.

**खेलों से गहरा लगाव, गांव में कराते हैं फुटबॉल टूनामेंट**

राजनीति और प्रशासनिक अनुभव के साथ-साथ डॉ. पंकज सिंह खेलों के भी बड़े प्रशंसक हैं. वे हर साल अपने पिता की याद में बाबू राजा मोहन मेमोरियल फुटबॉल टूनामेंट का आयोजन बक्सर के गांव धरौली में करवाते हैं. इस टूनामेंट में राष्ट्रीय स्तर की टीमें हिस्सा लेती हैं और इससे स्थानीय युवाओं को खेल के प्रति प्रेरणा मिलती है. पंकज सिंह चार भाइयों में तीसरे नंबर पर हैं. उनके बड़े भाई मनोज सिंह सुप्रीम कोर्ट में एडवोकेट और बार काउंसिल ऑफ इंडिया के एक्जीक्यूटिव कमेटी के चेयरमैन हैं.

## हाईकोर्ट जजों के खिलाफ लोकपाल जांच पर सुप्रीम कोर्ट की रोक,केंद्र सरकार, लोकपाल रजिस्ट्रार को नोटिस

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने आज गुरुवार को लोकपाल के उस आदेश पर रोक लगा दी, जिसमें कहा गया था कि हाईकोर्ट जजों के खिलाफ शिकायतों की जांच करना लोकपाल के अधिकार क्षेत्र में आता है. जस्टिस बीआर गवई, जस्टिस सूर्यकांत और जस्टिस अभय एस ओका की बेंच ने आज इस मामले में सुनवाई करते हुए नाराजगी जताई, कहा कि यह परेशान करने जैसा है. इस क्रम में सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र सरकार, लोकपाल रजिस्ट्रार, शिकायतकर्ता को नोटिस जारी किया.

**कोर्ट ने कहा कि इस मामले में 18 मार्च को अगली सुनवाई करेंगे**

कोर्ट ने कहा कि इस मामले में 18 मार्च को अगली सुनवाई करेंगे. जजों के नाम और शिकायत का खुलासा नहीं करने का आदेश भी जारी किया. आरोप है कि एक जज ने कंपनी के पक्ष में फैसले के लिए जजों से सिफारिश की. बता दें कि लोकपाल ने इस मामले



में 27 फरवरी को आदेश जारी कर हाईकोर्ट के एक मौजूदा एडिशनल जज के खिलाफ दो शिकायतों पर कार्रवाई करने की बात कही थी. लोकपाल ने कहा थी कि हाई कोर्ट का जज लोकपाल अधिनियम की धारा 14 (1) (I) के दायरे में एक व्यक्ति के रूप में माना जायेगा.

**निजी कंपनी के पक्ष में फैसला लेने के लिए हाईकोर्ट के एक अन्य जज से सिफारिश की**

लोकपाल के समक्ष आयी इन शिकायतों में आरोप लगाया गया था कि संबंधित जज ने एक निजी कंपनी के पक्ष में फैसला लेने के लिए हाईकोर्ट के एक अन्य जज और एक एडिशनल जिला जज से सिफारिश की. जिस जज के खिलाफ फैसले को प्रभावित करने का आरोप लगा है, वह कभी इसी निजी कंपनी के लिए वकालत कर चुके हैं. सुनवाई के क्रम में जस्टिस गवई ने कहा, यह परेशान करने वाली बात है . जस्टिस गवई और जस्टिस ओका का रहना थ कि देश में संविधान लागू होने के बाद भी हाई कोर्ट के जज संवैधानिक प्रहरी के रूप में काम करते रहे हैं. उन्हें एक वैधानिक पदाधिकारी नहीं माना जा सकता. इस क्रम में केंद्र सरकार की ओर से पेश सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने दलील दी, हाईकोर्ट के जज कभी भी लोकपाल और लोकायुक्त अधिनियम, 2013 के दायरे में नहीं आ सकते.

## योगी सरकार का बजट, मध्यम वर्ग को तुष्टीकरण करने वाला: मायावती

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश सरकार ने गुरुवार को वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए आठ लाख आठ हजार 736 करोड़ छह लाख रुपये का ऐतिहासिक बजट विधानसभा में पेश किया। यह उत्तर प्रदेश के इतिहास में अब तक का सबसे बड़ा बजट है। इसको लेकर बहुजन समाज पार्टी की राष्ट्रीय अध्यक्ष मायावती ने अपनी प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने कहा कि सरकार का यह बजट भी पेट भरे मध्यम वर्ग के तुष्टीकरण करने वाला है। मायावती ने सोशल मीडिया एक्स पर पोस्ट करते हुए कहा कि विधान भवन में गुरुवार को राज्य ने वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए बजट पेश किया है। यह बजट यदि व्यापक जनहित व जनकल्याण का ज्यादा होता तो यह बेहतर होता। महंगाई, गरीबी, बेरोजगारी, पिछड़ेपन को दूर करने व आमजन की बुनियादी जरूरतों को पूरा करने के प्रति पर्याप्त सरकारी नीयत-नीति का अभाव। इससे सही विकास कैसे संभव है। उन्होंने कहा कि कुल मिलाकर यूपी भाजपा सरकार का बजट भी पेट भरे मध्यम वर्ग के तुष्टीकरण वाला है। जबकि सरकारों की असली चिन्ता व संवैधानिक दायित्व करोड़ों परिवारों की दरिद्रता को दूर करके सुख-चैन पहुंचाने वाला सर्वजन हिताय व सर्वजन सुखाय के उद्देश्य की पूर्ति का होना चाहिए। ऐसा ना होना चिन्तनीय। उत्तर प्रदेश के शहर, गांव, क्षेत्र एवं समाज बुनियादी सुविधाओं के अभाव व अनेकों विषमताओं से जूझ रहे हैं।

## राष्ट्रीय सुरक्षा और संप्रभुता को खतरे में डाल रही सरकार : खरगे


एजेंसी

**नयी दिल्ली।** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने बृहस्पतिवार को आरोप लगाया कि सरकार भारत की राष्ट्रीय सुरक्षा, संप्रभुता और अखंडता को खतरे में डाल रही है। उन्होंने अरुणाचल प्रदेश से लगी सीमा के उस तरफ चीन की ओर से नये गांव बसाए जाने के दावे वाली खबर को लेकर सरकार पर निशाना साधा। खरगे ने एक्स पर पोस्ट किया, नरेन्द्र मोदी जी, आप चीन के लिए लाल आंख के बजाय लाल सलाम की नीति अपना रहे हैं। भारत की राष्ट्रीय सुरक्षा, भौगोलिक संप्रभुता और अखंडता सर्वोपरि है, मोदी सरकार इसे खतरे में डाल रही है।

उन्होंने दावा किया, हम बड़ी जिम्मेदारी के साथ और तथ्यों के आधार पर यह आरोप लगा रहे हैं। चीन ने अरुणाचल प्रदेश से लगी सीमा पर 90 नये गांव बसाने शुरू कर दिए हैं, वह हमारी सीमा पर पहले ऐसे 628 गांव बसा चुका है, ऐसा समाचार पत्रों का कहना है। कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा, दिसंबर 2024 में चीन ने ब्रह्मपुत्र नदी पर



ह्युदुनिया का सबसे बड़ा बांधह्ल बनाने की घोषणा की, जो हमारी राष्ट्रीय सुरक्षा, पर्यावरण और उत्तर-पूर्वी राज्यों के लिए विनाशकारी साबित हो सकता है। ब्रह्मपुत्र नदी, भारत के मीठे पानी के संसाधनों का 30 प्रतिशत हिस्सा है, जिससे इसका प्रवाह देश के लिए बेहद महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि वर्ष 2022 में राज्यसभा में विदेश मंत्रालय के एक जवाब में कहा गया कि मार्च 2021 में चीन ने अपनी 14वीं पंचवर्षीय योजना को अपनाया, जिसमें ब्रह्मपुत्र नदी के निचले इलाकों में पनबिजली परियोजनाओं का जिक्र है। खरगे ने दावा किया कि इसका मतलब है कि मोदी सरकार को 2021 से ही इस मामले की जानकारी थी, लेकिन फिर भी वह बिल्कुल चुप रही।



# 'लीगली वीर' का ट्रेलर हुआ रिलीज...

**मुंबई।** फिल्म 'लीगली वीर' का हिंदी ट्रेलर रिलीज़ हो गया है। वीर रेड्डी, प्रियंका रेवरी और थनुजा पुथुस्वामी मुख्य भूमिकाओं में हैं। 7 मार्च को रिलीज़ होने वाली इस फिल्म का निर्देशन रवि गोगुला ने किया है। ट्रेलर में वीर (वीर रेड्डी) की कहानी दिखाई गई है, जो एक महत्वाकांक्षी युवक है और अपने पिता से रिश्ते सुधारने भारत वापस आता है। लेकिन, उसकी ज़िंदगी में तब भूचाल आ जाता है जब वो एक जूनियर वकील की हत्या की गुत्थी में फंस जाता है। ये घटना उसके उसूलों और कर्तव्य को चुनौती देती है।

लाइफ Style

# कीर्ति ये सब होते देख रही थी

कीर्ति कुल्हारी का कहना है कि उन्हें उस वक्त काफी बुरा लगा था जब पिंक फिल्म का सारा लाइमलाइट तापसी पन्नू को मिल गया था। कीर्ति ने बोला कि वह पीआर नहीं करती हैं, यह फिल्म अमिताभ बच्चन और तापसी की बन गई थी। कीर्ति ने बताया कि एक्टर्स में हायरैरिकी (जूनियर-सीनियर का क्रम) ने उनको काफी प्रभावित किया।

कीर्ति बोलीं, 'जब पिंक आई तो मेरे दिमाग में एक भी बार ये ख्याल नहीं था कि इंडस्ट्री में स्टेटस के हिसाब से कौन बड़ा है या कौन छोटा। मुझे लगा कि तीन लड़कियों की कहानी है। मैं मूवी को इसी तरह देखा। मैं ऐसी जगह से थी जहां मैं मानती थी कि 'हम सभी एक्टर्स हैं, हम सब साथ हैं'। लेकिन, पिंक से मुझे बड़ा स्टार और छोटा स्टार ट्रीटमेंट फील हो गया। आपके आसपास के लोग आपको ऐसा फील करवा देते हैं। कीर्ति ने कहा कि फिल्म तीन लड़कियों की कहानी थी लेकिन इसको ऐसे प्रमोट किया गया कि लगा कि तापसी को अमिताभ बच्चन के बाद स्टार ट्रीटमेंट दिया जा रहा है। कीर्ति बोलीं, 'मैं ट्रेलर देखा तो यह तापसी और अमिताभ बच्चन से भरा पड़ा था। मेरे लिए यह पहला झटका था क्योंकि मुझे लग रहा था कि मैंने फिल्म की है। शूजित का कहना था, 'परेशान मत हो, फिल्म आने दो।' कीर्ति बोलीं, 'मैं कभी पीआर नहीं करती। मुझे लगता है कि मेरा काम ही दिखेगा। लेकिन प्रमोशंस के दौरान तापसी पन्नू के लिए पीआर मशीनरी लग गई क्योंकि हायरैरिकी में वह मिस्टर बच्चन के बाद आती थी। आखिरकार यह फिल्म उनकी हो गई और वह पिंक गर्ल बन गई। मैं ये सब अपने सामने होता देख रही थी।




हॉलीवुड मसाला




# गॉडजिला में भी आई नजर

**लॉस एंजिल्स।** साल 2014 में रिलीज हुई हॉलीवुड फिल्म 'गॉडजिला' में भी एलिजाबेथ ओल्सन अहम भूमिका निभा चुकी हैं। इस फिल्म में उन्होंने फोर्ड की पत्नी एले ब्रॉडी की भूमिका निभाई है, क्योंकि जब राक्षस सैन फ्रांसिस्को तक तैरता हुआ जाता है, तो वह भी गॉडजिला का सामना करती हैं। एमसीयू में स्कार्लेट विच की भूमिका ने उन्हें वैश्विक पहचान दिलाई। मार्वल की दुनिया में एंट्री लेने से पहले एलिजाबेथ ओल्सन कई फिल्में कर चुकी थीं, लेकिन विश्व स्तर पर पहचान उन्हें एमसीयू के बैनर तले ही मिली।




# खूब हुआ था 'द रियल वर्ल्ड' पर विवाद...

**लॉस एंजिल्स।** 'द रियल वर्ल्ड' एमटीवी का पॉपुलर अमेरिकी रियलिटी शो है, जिसने 1992 से 25 साल तक राज किया। इस शो ने 'बिग ब्रदर' और 'जर्सी शोर' जैसे शोज को प्रेरित किया। 33 सीजन और 614 एपिसोड प्रसारित हुए।'द रियल वर्ल्ड'ने अपार सफलता हासिल की तो उतना ही इसने कई विवादों का भी सामना भी करना पड़ा। कुछ लोगों ने शो पर आरोप लगाया कि यह नेगेटिव बर्ताव व चिल्लम-चिल्ली को बढ़ावा देता है तो कुछ ने इसे 'स्क्रिप्टेड'भी बताया।'द रियल वर्ल्ड'का मूल कांसेप्ट बेहद सरल, लेकिन बड़ा दिलचस्प था। जहां कुछ अजनबियों को एक साथ लाया जाता है। अलग- अलग क्षेत्र के दिग्गज को एक घर में कुछ महीने के लिए 25 घंटे कैमरों की नजरों के सामने कैद रखा जाता। जहां कभी इनकी दोस्ती होती दिखती तो कभी दुश्मनी, बिल्कुल बिग बॉस जैसी।



# पुरानी फिल्म नेटफ्लिक्स पर हुईं ट्रेंड...

**मुंबई।** सान्या मल्होत्रा की फिल्म मिसेज कुछ दिनों पहले रिलीज हुई है जिसे काफी पसंद किया गया है। इस फिल्म को काफी अच्छा रिस्पॉन्स मिला है ओटीटी पर और इसकी रेटिंग भी अच्छी है। हालांकि, इस फिल्म के बाद से सान्या की पुरानी फिल्मों को भी अच्छा रिस्पॉन्स मिल रहा है ओटीटी पर। सान्या की पहले रिलीज हुई फिल्म पगलेट और मीनाक्षी सुंदरेश्वर आज भारत में टॉप 10 की लिस्ट में चौथे और पांचवें नंबर पर है। मिसेज फिल्म की डायरेक्टर आरती यादव भी इससे काफी खुश हैं। उन्होंने सोशल मीडिया पर लिखा, 'ऐसा बहुत ही कम होता है। हमारी फिल्म मिसेज ने नेटफ्लिक्स की रैंकिंग में भी बदलाव लाई है, क्योंकि लोग सान्या मल्होत्रा की बाकी फिल्म भी देख रहे हैं। बहुत ही शुक्रगुजार हूं और ब्लेस्ड फील कर रही हूं।'



# सलमान-संजय दुबई में कर रहे शूटिंग...

**नई दिल्ली।** सलमान खान और संजय दत्त सऊदी अरब में हॉलीवुड थ्रिलर फिल्म की शूटिंग के लिए पहुंचे हैं। इस फिल्म में दोनों का कैमियो रोल रहेगा। शूटिंग सऊदी के अलऊला स्टूडियो में हो रही है। इस इंटरनेशनल प्रोजेक्ट का टाइटल अभी छिपाकर रखा गया है। एक रिपोर्ट के मुताबिक, सलमान खान और संजय दत्त अमेरिकी थ्रिलर के कुछ बेहद खास सीन में नज़र आएंगे। डस्ट्री के इनसाइडर का कहना है कि फिल्म का लक्ष्य दुनिया भर की ऑडियंस को अपनी तरफ खींचना है। 'सलमान और संजय को दुनिया भर में लोग पहचानते हैं, खासकर मिडल ईस्ट में। उनके सीन इसलिए डाले गए हैं ताकि ये दर्शकों पर एक अलग प्रभाव छोड़े।' अलऊला स्टूडियो अंतरराष्ट्रीय प्रोडक्शन के लिए अब फिल्म इंडस्ट्री का फेवरेट जगह बन चुका है।

टीवी मसाला



# इस हफ्ते के टॉप 10 टीवी सीरियल्स तारक मेहता के लिए खुशखबरी...

**नई दिल्ली।** 2025 के छठे हफ्ते की टीआरपी लिस्ट जारी हो गई है। इस बार टीआरपी में बड़ा उल्ट-फेर देखने को मिला है। स्टार प्लस का सीरियल अनुपमा एक बार फिर नंबर 1 से नीचे आ गया है। वहीं, सब टीवी का सीरियल तारक मेहता का उल्टा चश्मा टॉप 5 में आ गया है। उड़ने की आशाः पिछले हफ्ते अनुपमा नंबर 1 पर था, लेकिन इस हफ्ते अनुपमा की टीआरपी में गिरावट देखने को मिली है। इसी के साथ उड़ने की आशा नंबर 1 पर आ गया है। उड़ने की आशा की इस हफ्ते की टीआरपी 2.1 रिकॉर्ड की गई है। नंबर 1 से हटकर इस हफ्ते अनुपमा नंबर दो पर आ गया है। ये रिश्ता क्या कहलाता है पिछले हफ्ते की तरह ही इस हफ्ते भी तीसरे नंबर पर है। इसकी टीआरपी पिछले हफ्ते भी दो थी,

# जया बच्चन का खुशमिजाज अंदाज हुआ वायरल...

**मुंबई।** आदर जैन और अलेखा आडवाणी की मेहंदी सेरेमनी की फोटोज सोशल मीडिया पर छाई हुई हैं। रितेश सिधवानी, जया बच्चन, नीतू कपूर, आलिया भट्ट, रणबीर कपूर, करीना कपूर से लेकर पूरा कपूर खानदान और अन्य सेलेब्स नजर आए। ये शाम मुंबई के वर्ली के एनएससीआई क्लब में सजी। इस दौरान बॉलीवुड की दिग्गज एक्ट्रेस जया बच्चन भी मौजूद थीं। दरअसल, बच्चन फैमिली और कपूर फैमिली की रिश्तेदारी भी है। ऐसे में वह कपूर फैमिलीज के फंक्शन में जरूर पहुंचते हैं। इस इवेंट से जया बच्चन का वीडियो भी काफी वायरल हो रहा है। उन्होंने पापाराजी के साथ हंसते हुए बातचीत कर सबका ध्यान खींचा।आमतौर पर जया बच्चन पापाराज़ी के साथ ज्यादा खुश नहीं दिखती हैं। उनकी कई बार पैप्स से नोकझोंक भी हो चुकी है। लेकिन, इस बार उन्होंने बड़े ही खुशमिजाज अंदाज में सबकी बातों का जवाब दिया। जया बच्चन



के लुक की बात करें तो वह एक खूबसूरत मल्टीकलर जैकेट पहनी हुई थी। 'रॉकी और रानी की प्रेम कहानी'की एक्ट्रेस जया बच्चन के साथ काजल आनंद, अनीसा मल्होत्रा और निताशा नंदा भी नजर आईं। जया बच्चन से पापाराज़ी ने उनसे पूछा - जया जी, आप कैसी हैं? , तो उन्होंने मुस्कुराते हुए जवाब दिया आपकी कृपा है।

# रेडियो प्रोग्राम के साथ लाखों दिलों की आवाज बने अमीन सयानी, 42 साल तक होस्ट किया 'गीतमाला'

*नई दिल्ली। तीन पीढ़ियों से भारतीयों के लिए बॉलीवुड और रेडियो का मतलब एक ही नाम था - अमीन सयानी। सयानी ने 1950 के दशक की शुरुआत में बॉलीवुड गानों के साप्ताहिक काउंटडाउन शो के साथ अपना कॅरियर शुरू किया था और छह दशकों से अधिक समय तक भारत के आकाशवाणी पर छाए रहे। पिछले साल यानी 2024 को रेडियो होस्ट के तौर पर लाखों दिलों पर राज करने वाले अमीन सयानी ने इस दुनिया को अलविदा कह गए थे। करोड़ों लोगों के घरों में प्रवेश करने वाली आवाज 20 फरवरी, 2024 को आखिरी बार खामोश हो गई थी।*

***पीढ़ी के अंतर को मिटाया :*** *अपने श्रोताओं के लिए अमीन सयानी एक प्रस्तुतकर्ता से कहीं बढ़कर थे। एक गर्मजोशी भरी, दयालु आवाज के साथ उन्होंने प्रसारण की एक आनंदमय, अनोखी शैली विकसित की, जो एक सच्चे दोस्त की छवि को जन्म देती थी, जो रेडियो सेट के माध्यम से प्रत्येक श्रोता से सीधे बात करता था। एक ऐसा दोस्त, जिसने एक ऐसा पंथ बनाया, जो पीढ़ी के अंतर को नहीं जानता था और जिसने बॉलीवुड के गीतों और उसके श्रोताओं के बीच एक प्रेम संबंध को बढ़ावा दिया।*

***गीतमाला बनी पहचान :*** *अमीन का मूल*




*रेडियो शो बिनाका गीतमाला 42 वर्षों तक चला, जिसने कई गीतकारों, संगीतकारों और गायकों को घर-घर में प्रसिद्ध कर दिया और यहां तक कि कई फिल्मों को गुमनामी से भी बचाया।*

***50 हजार से ज्यादा कार्यक्रम किए होस्ट :*** *स्वतंत्र भारत की यात्रा के दौरान अपने कॅरियर में अमीन सयानी ने कम से कम 50 हजार रेडियो कार्यक्रम रिकॉर्ड किए, 19,000 जिंगल्स में अपनी आवाज दी। टीवी शो की मेजबानी की और कुछ बॉलीवुड फिल्मों में वॉयसओवर और अक्सर रेडियो प्रस्तोता के रूप में कैमियो किया।*

***फिल्मों में भी छाए अमीन :*** *रेडियो ने अमीन सयानी को जो पहचान दिलाई, वह बहुत आगे तक कई। वे कई फिल्मों में रेडियो अनाउंसर के तौर पर नजर आए। इनमें भूत बंगला, तीन देवियां, बॉक्सर और कत्ल जैसी फिल्में शामिल हैं।*

## प्रतिबंध के साथ शुरू हुआ था कॅरियर

अमीन सयानी का रेडियो कॅरियर प्रतिबंध के साथ शुरू हुआ। 1952 की सर्दियों में भारत के संघीय सूचना एवं प्रसारण मंत्री बालकृष्ण विश्वनाथ केसकर ने फिल्मी गीतों को राष्ट्रीय प्रसारण से यह कहते हुए हटा दिया कि उनके बोल तर्कहीन, अश्लील, पश्चिमीकृत और भारतीय शास्त्रीय संगीत के लिए खतरा हैं। आकाशवाणी पर फिल्मी गीतों की जगह हिंदुस्तानी और कर्नाटक शास्त्रीय संगीत ने ले ली। घोषणाएं और समाचार बुलेटिन तेजी से पैर जमाने लगे। द्वितीय विश्व युद्ध के दौरान कोलंबो, श्रीलंका में दक्षिण एशिया में तैनात ब्रिटिश सैनिकों तक संगीत और समाचार पहुंचाने के लिए स्थापित रेडियो स्टेशन रेडियो सीलोन को इसमें एक अवसर नजर आया। इसने एक प्रायोजक- टूथपेस्ट ब्रांड बिनाका टॉप और एक स्टूडियो मालिक-निर्माता अमीन सयानी के बड़े भाई हामिद को शामिल किया।




हिंदी दैनिक झारखण्ड उजाला के लिए प्रकाशक एवं स्वामित्व सचिन कुमार सिंह द्वारा मकान संख्या 01, सिंह मेंशन, शांति नगर, नियर हटिया टोंको ब्रिज, ओबरिया रोड, पोस्ट : हटिया, थाना : जगन्नाथपुर, जिला : रांची, झारखण्ड, पिन : 834003. से प्रकाशित एवं सचिन कुमार सिंह द्वारा शिवासाई पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, पता : काठीटांड, नियर टेंडर बगीचा, पोस्ट- रातू, थाना - रातू, जिला : रांची, झारखण्ड, पिन : 835222 से मुद्रित, संस्थापक : रत्नेश नारायण सिंह, संपादक : सचिन कुमार सिंह *(पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार), epaper.jharkhandujala.com, E-mail -jharkhandujala@gmail.com / hr.jharkhandujala@gmail.com / desk.jharkhandujala@gmail.com (M) +91 9431360101, (O) 0651-2290101, (fax) 0651-2290101.